www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

# आम आदमी को मिला खास बजट

## वित्तमंत्री ने पेश किया देश के विकास का बजट




## नौकरीपेशा की 12.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** निर्मला सीतारमण के बजट में इनकम टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत मिली है। अब नौकरीपेशा लोगों को नई टैक्स रिजीम चुनने पर सालाना 12.75 लाख तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। दूसरे और तीसरे स्लैब के टैक्स सरकार 87ए के तहत माफ कर देगी। इसके अलावा 75 हजार का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी मिलेगा। इस तरह नौकरीपेशा लोगों की कुल 12.75 लाख की इनकम टैक्स फ्री हो जाएगी।

ध्यान रहे कि यह राहत केवल नौकरीपेशा लोगों के लिए है। अन्य किसी भी जरिए से आमदनी होने पर टैक्स में छूट की सीमा केवल 12 लाख ही रहेगी। साथ ही अब सभी टैक्सपेयर्स पिछले 4 साल का आईटी रिटर्न एकसाथ फाइल कर सकेंगे। इससे पहले तक यह लिमिट 2 साल थी। वहीं सीनियर सिटीजंस के लिए टीडीएस की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गई है।

### यह फायदा ऐसे मिलेगा...

**0 से 4 लाख - शून्य**
**4 से 8 लाख - 5%**
**8 से 12 लाख - 10%**

### मध्यम वर्ग के लिए 13 ऐलान

- अब 12 लाख की कमाई पर कोई टैक्स नहीं। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार स्टैंडर्ड डिक्शन के साथ टैक्स लिमिट 12 .75 लाख।
- बुजुर्गों के लिए टैक्स छूट डबल की गई।
- टीडीएस की सीमा 10 लाख रुपए की गई।
- 4 साल तक अपडेटेड आईटीआर भर सकेंगे।
- किराया आमदनी पर टीडीएस छूट 6 लाख रु.की गई।
- मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होंगी।
- ईवी और मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी।
- एलईडी-एलसीडी टीवी सस्ती होंगी। कस्टम ड्यूटी घटाकर 2 .5% की गई।
- देश में अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाया जाएगा।
- 1 लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड बनेगा।
- शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने की योजना आएगी।
- एक लाख अधूरे घर पूरे होंगे, 2025 में 40 हजार नए मकान हैंडओवर किए जाएंगे।
- हर घर नल से जल पहुंचाने जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा।



### महिलाओं के लिए 2 ऐलान


- एससी-एसटी की एमएसएमई महिला उद्यमियों के लिए विशेष लोन योजना।
- पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन मिलेगा।



### बुजुर्गों के लिए 6 ऐलान

- सीनियर सिटिजंस के लिए टैक्स छूट दोगुनी, 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए।
- 36 जीवन रक्षक दवाएं पूरी तरह से टैक्स फ्री।
- देश में 200 डे-केयर कैंसर सेंटर बनेंगे।
- मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाएं सस्ती होंगीं।
- 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5% घटाई।
- 13 मरीज सहायता कार्यक्रम बेसिक कस्टम ड्यूटी से बाहर।





### किसानों के लिए 11 ऐलान

- किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए हुई।
- देश में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू होगी।100 जिलों को फायदा होगा।
- डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपए तक का लोन।
- समुद्री उत्पाद सस्ते होंगे, कस्टम ड्यूटी 30% से घटाकर 5% की गई।
- अंडमान, निकोबार और गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को बढ़ावा मिलेगा।
- बिहार के किसानों की मदद के लिए मखाना बोर्ड का गठन होगा।
- मिथिलांचल में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना शुरू होगी। 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र के किसानों को फायदा।
- दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 6 साल का मिशन।
- पोस्ट पेमेंट बैंक पेमेंट सर्विस ग्रामीण योजनाओं में बढ़ाई जाएगी।
- कपास उत्पादन के लिए 5 साल की कार्ययोजना। प्रोडक्शन- मार्केटिंग पर फोकस।
- असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगेगा।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद कहा- बजट ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, एक बात जो मैं निश्चित रूप से उजागर करना चाहूंगी, वह है लोगों की आवाज पर प्रतिक्रिया देना, जिसके लिए प्रधानमंत्री मोदी अपने प्रशासन में जाने जाते हैं। यह एक बहुत ही उत्तरदायी सरकार है और इसके परिणामस्वरूप, आयकर सरलीकरण जिसकी मैंने जुलाई में घोषणा की थी, वह पहले ही पूरा हो चुका है और हम अगले सप्ताह विधेयक लाएंगे... इसलिए यदि हम कराधान को शामिल करते हुए सुधार की बात कर रहे हैं, तो काम पूरा हो चुका है। यह बजट युक्तिकरण और सीमा शुल्क के बारे में भी बात करता है। टैरिफ को कम किया जा रहा है, टैरिफ को सरल बनाया जा रहा है। बजट प्रस्तुति के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह बजट ऊर्जा सुरक्षा पर केंद्रित है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, पूंजीगत व्यय पर सार्वजनिक व्यय में कोई कमी नहीं की गई है। हम सरकार द्वारा किए गए पूंजीगत व्यय के गुणक प्रभाव पर जोर देना जारी रखते हैं, जिसने हमें टिकाए रखा है। हम उस पर काम करना जारी रखते हैं, और इन सबके साथ, हमारी राजकोषीय समझदारी बनी हुई है।

### व्यापारियों के लिए 10 ऐलान



- एमएसएमई के लिए लोन गारंटी लिमिट 5 करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ होगी।
- सोशल वेलफेयर सरचार्ज हटाने का प्रस्ताव।
- 7 टैरिफ रेट हटेंगे। अब देश में 8 टैरिफ रेट ही रह जाएंगे।
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर टियर-2 शहरों में बनाए जाएंगे।
- देश को खिलौना उत्पादन का ग्लोबल हब बनाने राष्ट्रीय योजना बनेगी।
- नई लेदर स्कीम से 22 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।
- बिहार में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी बनेगा।
- सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी होंगे।
- पहले वर्ष 10 लाख कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे।
- शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम की लोन लिमिट बढ़कर 30 हजार रुपए होगी।

### युवाओं के लिए 11 ऐलान

- स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का फंड बनेगा।
- 500 करोड़ रुपए से 3 एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) एक्सीलेंस सेंटर बनेंगे।
- मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी।
- देश में 23 आईआईटी में 6500 सीटें बढ़ाई जाएंगी।
- मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ेंगी।
- पीएम रिसर्च फेलोशिप के तहत 10 हजार नई फेलोशिप दी जाएगी।
- देश में ज्ञान भारत मिशन शुरू होगा, 1 करोड़ मैनुस्क्रिप्ट का डिजिटलाइजेशन होगा।
- पटना आईआईटी में होस्टल सुविधाएं बढ़ाई जाएगी।
- मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड को बढ़ावा देंगे।
- स्किल बढ़ाने के लिए 5 राष्ट्रीय स्तर के सेंटर बनाए जाएंगे।
- सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी।

## बढ़ाया रक्षा बजट, विमान और फाइटर जेट के इंजनों पर खर्च होंगे 48,614 करोड़

केंद्र सरकार ने रक्षा बजट के लिए 6,81,210 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। यह रकम पिछले साल के 6,21,940 करोड़ रुपये के परिव्यय से अधिक है। वहीं कुल पूंजीगत परिव्यय 1,92,387 करोड़ रुपये आंका गया है। राजस्व व्यय 4,88,822 करोड़ रुपये रखा गया है। पेंशन के लिए 1,60,795 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। पूंजीगत व्यय के तहत विमान और एयरो इंजन के लिए 48,614 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।
नौसेना बेड़े के लिए 24,390 करोड़ रुपये का प्रावधान है। अन्य उपकरणों के लिए 63,099 करोड़ रुपये की राशि अलग रखी गई है। 2024-25 में सरकार ने रक्षा बजट के लिए 6,21,940 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। इसमें पूंजीगत परिव्यय 1,72,000 करोड़ रुपये आंका गया था।



## बजट में बिहार को 5 तोहफे

### चुनाव से पहले वित्त मंत्री का मास्टर स्ट्रोक?

**पटना।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में बजट पेश किया। इस बजट में कई राज्यों के लिए अलग-अलग तरह की घोषणा की गई। इनमें बिहार के लिए भी 5 बड़े एलान किए गए। अब इन एलानों को सियासी गलियारों में इस साल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर मास्टर स्ट्रोक के तौर पर देखा जा रहा है।

- बिहार में मखाना बोर्ड
- खाद्य प्रसंस्करण के लिए सहायता
- आईआईटी पटना में क्षमता का विस्तार
- बिहार में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट
- मिथिलांचल में पश्चिमी कोशी नहर परियोजना

## 36 जीवन रक्षक दवाएं, इलेक्ट्रॉनिक सामान और मोबाइल सस्ते होंगे

सरकार ने बजट में कैंसर की दवाएं सस्ती करने का ऐलान किया। अगले 3 साल में देश के सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे। अगले फाइनेंशियल इयर में ही ऐसे 200 सेंटर बनाए जाएंगे। सरकार का फोकस बिहार पर भी दिखा, जहां इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। सीतारमण ने बिहार के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी की स्थापना करने का ऐलान किया। राज्य में आईआईटी का विस्तार होगा। मखाना बोर्ड और 3 नए एयरपोर्ट भी बनाए जाएंगे।

# बजट 2025 - मध्यम वर्ग को बड़ी राहत करदाताओं के लिए अनेक सुधार : सीए अर्पित मुदगल

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** फुलेरा की न्यू कॉलोनी निवासी सीए अर्पित मुदगल ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2025 में मध्यम वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत दी गई है। करदाताओं के लिए यह बजट कई सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। कर छूट की सीमा 12 लाख तक बढ़ी सबसे बड़ी राहत यह है कि अब 12 लाख तक की वार्षिक आय पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। यह फैसला मध्यम वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनकी बचत और क्रय शक्ति में वृद्धि होगी। किराए पर टीडीएस की सीमा बढ़ी ~बजट में छोटे करदाताओं को ध्यान में रखते हुए किराए पर लगने वाले टीडीएस की सीमा 2.40 लाख से बढ़ाकर 6 लाख कर दी गई है। इससे किराए से आय अर्जित करने वाले छोटे करदाता को राहत मिलेगी।

## वरिष्ठ नागरिकों को राहत

वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैंक और अन्य वित्तीय संस्थानों से अर्जित ब्याज पर कर छूट की सीमा 50,000 से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गई है। जिससे उन्हें अतिरिक्त वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। और लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम पर संशोधन अब विदेशी लेनदेन के लिए स्रोत पर कर संग्रह की सीमा 7 लाख से बढ़ाकर 10 लाख कर दी गई है, और जिससे अंतरराष्ट्रीय भुगतान करने वाले करदाताओं को राहत मिलेगी।

## नया आयकर विधेयक जल्द

वित्त मंत्री ने घोषणा की कि सरकार अगले सप्ताह नया आयकर विधेयक प्रस्तुत करने जा रही है, जिससे कर प्रणाली को अधिक सरल और प्रभावी बनाया जाएगा। अपडेटेड रिटर्न फाइलिंग की समयसीमा बढ़ी अब करदाता किसी भी आकलन वर्ष के लिए अपडेटेड रिटर्न 4 वर्षों तक दाखिल कर सकेंगे, जो पहले 2 वर्ष की सीमा तक सीमित था। स्व-निवासित संपत्तियों पर राहत ~अब करदाता बिना किसी शर्त के दो स्व-निवासित संपत्तियों पर कर छूट का दावा कर सकते हैं, जिससे मकान मालिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

### स्टार्टअप को बढ़ावा

स्टार्टअप को दी जाने वाली कर राहत की अवधि 31 मार्च 2030 तक बढ़ा दी गई है, जिससे नए व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलेगा और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। निष्कर्ष ~यह बजट मध्यम वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों, स्टार्टअप्स और छोटे करदाताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। कर प्रणाली में सुधार और दी गई रियायतें देश की आर्थिक वृद्धि को गति देंगी।

सीए अर्पित मुद्गल



# शहर वार्डो की जन समस्याओं के मुद्दो पर समिति की बैठक आयोजित हुई



बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा,( कैलाश गोस्वामी )।** स्थानीय शहरी वार्ड विकास समिति की बैठक खेड़ रोड पर समिति कार्यालय में शुक्रवार रात्रि 8 बजे आयोजित हुई द्य समिति मीडिया प्रभारी सलीम आफरीदी ने बताया कि शहर की ज्वलंत जनसमस्याओं के मुद्दो पर समिति पदाधिकारियों ने अपने अपने सुझाव और वक्तव्य दिए । समिति अध्यक्ष सतीश खिवसरा ने कहा कि शहर में जगह जगह जनसमस्याओं का अंबार है द्य वार्डो में जगह जगह पेयजल आपूर्ति लाईन लिकेज, सड़के टूटी हुई है,सिवरेज लाईन शाक और सिवरेज के ढक्कन टूटे हुए है,नगर परिषद ठेकेदारों द्वारा शहर के कई वार्डो में सड़कों और नालियों का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद मौके से निर्माण सामग्री नहीं हटवाने से बिखरी कंक्रीट,बजरी से वार्डो में नालिया और नाले डट जाते हैं । वार्डो में जगह जगह कचरे के ढेर है द्य संबंधित विभाग के अधिकारियो को अवगत करवाने के बावजूद जनसमस्याओं की सुनवाई और समाधान नहीं हों रहा है द्य इसलिए आगामी नगर परिषद चुनावों में वार्डो में जवाबदेह जिम्मेदार ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ अनुभवी योग्य व्यक्तित्व को ही वार्ड विकास के लिए नेतृत्व करने की जिम्मेदारी देवे ताकि वार्ड और शहर का विकास हो सके,सचिव राकेश सोलंकी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मिलकर शहर की साफ सफाई में सहयोग करना होगा जिसकी शुरुवात हमे घर गली मोहल्ले से करनी होगी हमें मिलकर सार्वजनिक रूप से आमजन को सफाई के लिए वार्डो में जागरूक करना होगा तभी वार्ड और शहर को साफ सुथरा किया जा सकता है,प्रवक्ता सिरेमल जांगिड ने कहा कि हमें मिलकर शहर वार्ड मोहल्ले की रोजमर्रा की जनसमस्याओं का समाधान संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियो को अवगत करवाते हुए जनहित में जनसमस्याओं को चिन्हित कर समाधान करवाना होगा द्य इस अवसर पर वार्ड संयोजक तेजाराम सोनगरा, रतनलाल चोपड़ा ,मोहम्मद सदीक,अशोक छाजेड़, कैलाश चौहान,सलीम आफरीदी, पारसमल माली, पुखराज सोनी, राजेंद्र सोनी,मीठालाल घांची,आरिफ छिपा,नरेश सिंघवी, ए के मोमिन,ललित जैन,किशन सोलंकी, नरेश शर्मा,अरिहंत जैन,ओमप्रकाश सोनी,राहुल,तनसुख भंसाली सहित शहर वार्डो के कई वार्ड संयोजक और गणमान्य लोग बैठक में मौजूद रहे द्य कार्यक्रम में शामिल सक्रिय वार्ड संयोजकों का माला पहनाकर मान सम्मान बहुमान किया गया मंच संचालन सिरेमल जांगिड ने किया।

# जनता को आयकर व महंगाई में राहत देने वाला बजट परंतु उद्योग जगत को पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना रिकॉर्ड आठवां बजट प्रस्तुत करते हुए देश को विकासशील से विकसित देश बनाने के लिए बजट में पावर, माइनिंग, शहरी विकास, वित्तीय क्षेत्रों, विन्यामक सुधार, कर क्षेत्रों पर जोर देते हुए कई योजनाओं एवं बदलाव की घोषणा की है, जो स्वागत योग्य है। यह विचार वरिष्ठ सीए निर्मल सिंघवी ने बजट पर व्यक्त किए। सिंघवी ने बताया कि राजकोषी घाटा जीडीपी का 4.9 प्रतिशत से घटाकर 4.4 प्रतिशत किराए पर टीडीएस काटने की सीमा 2.4 लाख से बढ़कर 6 लाख करने से छोटे करदाताओं को जिनकी आय, आयकर कटौती की सीमा के अंदर है उन्हें अपनी पूरी किराए राशि प्राप्त होगी, साथ ही नए आयकर प्रावधानों के तहत आयकर की छूट की सीमा 12 लाख तक आय वालों को 100 प्रतिशत प्राप्त होगी ,परंतु अगर आय 12 लाख रुपए से अधिक है तो कर की गणना 4 लाख रूपये से ही होंगी। इन आयकर छूटो का असर अप्रत्यक्ष रूप से असर एफएमसीजी सेक्टर उद्योगो ,ऑटो सेक्टर उद्योगो, रियल स्टेट सेक्टर पर पड़ेगा एवं साथ ही जनता के हाथ में पैसा रहने से उनकी खरीदने की क्षमता बढ़ेगी जो की एक स्वागत योग्य कदम है। सिंघवी ने बताया कि सरकार द्वारा नए आयकर बिल को अगले सप्ताह में लाने का प्रस्ताव किया गया है जिससे कि आयकर की जटिलताओं को और कम करने का प्रस्ताव भी स्वागत योग्य है। उन्होंने बताया कि अप्रत्यक्ष कर में लिथियम आयरन बैटरीज के उत्पादन में लगने वाले कच्चे माल पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी की छूट से राहत म्ट और बैटरी उत्पादन करने वाली कंपनियों के लिए स्वागत योग्य है एवं साथ ही शिप बनाने वाली कंपनियों बेसिक कस्टम ड्यूटी की छूट को आगे 10 वर्ष और बढ़ाने का प्रस्ताव भी स्वागत योग्य है। परंतु जहां निर्माण क्षेत्र के उद्योगों उत्पादन क्षेत्र के उद्योगों द्वारा काफी समय से बजट से आशा लगाई जा रही थी एवं साथ ही जनता द्वारा पेट्रोल डीजल की कीमतों में कमी की उम्मीद लगाई जा रही थी वह धूमिल हो गई । कुल मिलाकर बजट मिला-जुला है जहां एक तरफ मध्य वर्क को आयकर की छूट प्रदान की गई है, वही उद्योगों को मिलने वाली पूंजीगत सहायता राशि एवं सब्सिडी के रूप में प्रदान की जाने वाली सहायता के संबंध में कोई घोषणा न करना उद्योगों के विकास की गति धीमा करेगी।

# एटीएम लूट का प्रयास करने वाले आरोपी को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सांगानेर सदर थाना इलाके में एटीएम लूट का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने एक ही दिन तीन एटीएम में घुस कर लूट करने का प्रयास किया। एक एटीएम में दोबारा से वारदात करने घुसा तो पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि एटीएम में गश्त कर रही 112 को सुबह करीब साढ़े तीन बजे गश्त के दौरान एक युवक एटीएम से निकल कर भागता दिखाई दिया। इस पर जीप में मौजूद पुलिस टीम ने युवक का पीछा कर उसे पकड़ा। पता चला की आरोपी ने तीन एटीएम में तोडफोड का प्रयास किया है। जिस पर आरोपी राम खिलाड़ी मीणा निवासी कोलिया थाना बनेड़ा जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी ने आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम में तोड़फोड़ कर वहां पर रखी बैटरी चोरी की थी। आरोपी के खिलाफ टोंक सहित कई जिलों में लूट और चोरी के मामले दर्ज हैं। प्रारम्भिक पूछताछ में बदमाश ने बताया कि उस ने सबसे पहली वारदात आईसीआईसीआई बैंक एटीएम कुम्भा मार्ग प्रताप नगर में वारदात करने का प्रयास किया।

# सरकार महंगाई और टैक्स के मोर्चे पर लोगों को राहत देने का किया प्रयास : डॉ. कुणावत


बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शहर के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉ. निर्मल कुणावत ने आज केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किये गये आम बजट को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं से लेकर महिलाओं पर फोकस रखा गया है. वहीं गरीब, मिडिल क्लास और किसानों के लिए भी इस बजट में खास तोहफा दिया गया है. इस बार के बजट में सरकार महंगाई और टैक्स के मोर्चे पर लोगों को राहत देने का प्रयास किया है ,किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये तक बढ़ाने का ऐलान कर राहत पाहुचाई है , सभी डैड्मे के वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर की सीमा को क्रमश: 2.5 और 2 गुना तक बढ़ाया इससे उन्हें आगे बढ़ने और हमारे युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने का आत्मविश्वास मिलेगा। चुकी पहले ये सीमा 10 करोड़ तक थी अब 20 करोड़ कर दी गई। वित्त मंत्री ने बजट में टैक्सपेयर्स नोकरी पेशा अब सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वालों को कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। वहीं टीडीएस में भी राहत दी गई है। सीनियर सिटीजन को भी इनकम टैक्स में बड़ी राहत मिली है। हालांकि यह फायदा उन्हीं टैक्सपेयर्स को मिलेगा जो नई टैक्स व्यवस्था के अनुसार आईटीआर फाइल करेंगे। टैक्स डिडक्शन में बुजुर्गों के लिए भी बड़ी घोषणा तोहफा दिया गया है सीनियर सिटिजन के लिए टैक्स डिडेक्शन 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपया किया जाता है। स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए अद्यतन रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 2 वर्ष से बढ़ाकर 4 वर्ष कर दी गई है। सभी की अपेक्षाओं के विपरीत सिर्फ नोकरी पैसा के लिए ही राहत का सोचा गया परन्तु व्यवसाय या उद्योगियो के लिए कर के लिए कोई राहत नहीं दी गई। 18 लाख रुपये तक की सालाना इनकम वाले टैक्सपेयर्स को 70,000 रुपये की बचत होगी जबकि 25 लाख तक 1.10 लाख रुपये की बचत होगी वही बजट में पुरानी टैक्स व्यवस्था को लेकर कोई भी घोषणा नहीं की गई। इसका मतलब है कि वे



टैक्सपेयर्स जो पुरानी व्यवस्था से इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करना पसंद करते हैं, उन्हें मायूसी के अलावा इसमें कुछ नहीं मिला। उम्मीद की जा रही थी कि 80 सी या 80डी में कटौती की लिमिट बढ़ाई जा सकती है। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

# महामंडलेश्वर बालकानंद जी के स्वागत में उमड़े भक्त : शहर में किया गया भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** प्रयागराज महाकुंभ में महामंडलेश्वर की पदवी पाकर अपने निवाई स्थित हरभावता स्थित आश्रम लौट रहे बालकानंद महाराज का निवाई में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। महाराज का काफिला गुंशी, मुंडिया,80 फीट रोड, खाटूश्याम मंदिर,गुर्जर छात्रावास, झिलाई रोड,पंचायत समिति कार्यालय, राधा दामोदर कुंड,जमात, चैनपुरा,होते हुए अद्वैत आश्रम हरभावता पहुंचा। निवाई शहर में महाराज श्री के स्वागत में शहर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की। सर्व समाज, व्यापारी वर्ग, और विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा महाराज जी का स्वागत किया गया। जगह जगह रोड पर महाराज के स्वागत के लिए कट आउट, बैनर, होर्डिंग लगाए गए। पंचायत समिति प्रधान राम अवतार लांगड़ी द्वारा महाराज श्री को चांदी का मुकुट पहनाया गया। बालकानंद महाराज को प्रयागराज महाकुंभ में जूना अखाड़े के पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज ने महामंडलेश्वर घोषित किया है। जुलूस में श्रद्धालु झूमते गाते चल रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

## सुप्रकाशमति माताजी का आज बलीचा में ध्यानोदय क्षेत्र में होगा भव्य प्रवेश

# जीवंत जीवन के लिये निरन्तरता आवश्यक : सुप्रकाशमति माताजी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** आर्यिका सुप्रकाशमति माताजी संघ का कल रविवार दोपहर 2.30 बजे बलीचा स्थित ध्यानोदय तीर्थ में प्रवेश होगा। आज माताजी अपने संघ के साथ ओड़ा गांव पंहुची। ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि गणिनि आर्यिका 105श्री सुप्रकाश मति माताजी गत वर्ष 14 फरवरी उदयपुर से तीर्थ वंदना पद यात्रा ले कर निकली थी और उदयपुरवासियो के विनम्र आग्रह पर रविवार को पुन: उदयपुर पहुंच रही है। आर्यिका माताजी 5 शिष्या के साथ सांय ओड़ा से केवड़ा पहुंची जहाँ पर आयोजित धर्मसभा में गुरु माँ ने कहा कि जीवंत जीवन के लिये निरंतरता जरुरी है। जिस प्रकार नदी बहती रहती है तो पानी स्वच्छ रहता है,उसी प्रकार स्थिर जीवन ऊर्जा वान नहीं रहता इस लिये हमारे भाव थे की उन तीर्थं की वंदना के बनें और उत्तर भरत के प्रमुख तीर्थ सम्मेद शिखर की वंदना अयोध्या-वाराणसी कोशाम्बी गुनावा नवादा पावापुरी आदि ऐसे सभी तीर्थ हमनें अपने भावो को मोक्ष मार्ग को उच्च बनाने के लिये किया। उन्होंने कहा कि आप भी जीवन मे कुछ करना चाहते हो तो बस कुछ अच्छे कार्य करते रहो जीवन अपने आप सुख समृद्धि मय होगा। उदयपुर ऐसा शहर है जहाँ ऊर्जावान



श्रावक श्राविका रहते है तो साधु भी यहां खींचा चला आता है। गुरु माँ 2 फरवरी को प्रात: केवड़ा से विहार कर ढ़ोल की पाटी जैन मंदिर पहुंच कर वहा आहार चर्या होंगी एवं दोपहर 12.30 पद विहार अम्बा माता घाटी वाले 100फ़ीट रोड बालीचा सब्जी मंडी होते हुए ध्यानोदय तीर्थ मे 2.30बजे मंगल प्रवेश करेगी, जहाँ सकल दिगंबर जैन समाज के तहत सभी गुरु माँ भव्य स्वागत करेंगे। गोदावत ने बताया कि जहाँ अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, सुरेश पदमावत के साथ ध्यानोदय ट्रस्ट के ओम गोदावत-लक्ष्मी लाल मालवी, पुष्पेंद्र धन्नावत-दिलीप गोदावत एवं अखिल भारतीय सुप्रकाश ज्योति मंच के सभी सदस्य एवं उदयपुर के सरावगी समाज, खंडेलवाल समाज, नरसिंहपुरा समाज, चित्तौड़ा समाज, नागदा समाज, दशा एवं बिसा हुमड समाज एवं कई युवा संगठन अपने सदस्य के साथ स्वागत पाद प्रक्षालन पुष्प वर्षा के साथ करेंगे। प्रवक्ता विपिन जैन ने बताया कि गुरु माँ करीब 1वर्ष मे 3500 किलोमीटर मीटर की यात्रा कर उदयपुर पहुंच रहे है। उनके साथ 5 और साध्वी भी पधार रहे है जिनका उदयपुर प्रवास रहेगा। गुरु माँ के ध्यानोदय प्रवास मे प्रति दिन प्रात: 7.30 बजे जिनाभिषेक, 9 बजे तत्व चर्चा, दोपहर 3 बजे से स्वाध्याय एवं सांय कालीन 7बजे आरती होंगी।

# बसंत पंचमी उत्सव मनाया



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ऐश्वर्या कॉलेज में बसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा एवं अर्चना की गई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कॉलेज परिसर को पीले रंग के गुब्बारों और फूलों से सजाया गया जो वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक था। छात्रों ने उत्साह के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा को फूलों से सजाया और धूपदीप जलाकर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। छात्रा सलोनी तिवारी ने मां सरस्वती पर एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। महिमा चुण्डावत ने मां सरस्वती की स्तुति में एक कविता सुनाई। खुश्मिता चंदेरीया ने मां सरस्वती पर एक सुंदर गीत गाया। मदन लाल ने उत्साहवर्धक कविता पाठ किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ रितु पालीवाल ने छात्रों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह दिन ज्ञान और शिक्षा का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 31 वे दिन भी अनवरत जारी

## जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने साहू तेली समाज के सदस्य बैठे

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** दिनांक 1-2-25 को शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर साहू तेली समाज शाहपुरा के सदस्य अध्यक्ष राजू बनवाल , प्रांतीय महामंत्री सुगन बोहरा संरक्षक आत्माराम तेली , भाजपा नेता रामेश्वर बोहरा , प्रोपर्टी व्यवसायी व पूर्व पार्षद राजेन्द्र बोहरा , रामधन तेली जगदीश तेली छोटू बनवाल गणेश भेरूलाल नाथू बनवाल रामप्रसाद गोकुल तेली मिश्रीलाल नंदलाल तेली भैरूलाल ,लालाराम जूनीवाल रामधन रेगा ,अशोक बोहरा शांतिपूर्ण तरीके से उदयभान गेट से रैली निकालते सदर बाजार त्रिमूर्ति चौराहे होकर नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पर पहुंचे और उपखंड अधिकारी शाहपुरा




को राज्यपाल के नाम शाहपुरा को यथावत जिला बनाए रखना की मांग का ज्ञापन दिया। साहू तेली समाज के सभी समाजजन सैकड़ो की संख्या में क्रमिक अनशन धरने पर बैठे जिनका संघर्ष समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा, संयोजक राम प्रसाद जाट ,महासचिव कमलेश मुंडेतिया अनिल शर्मा नमन ओझा मोहम्मद शरीफ चावंड सिंह शक्तावत आशीष पालीवाल संघर्ष समिति सदस्य रामेश्वर सोलंकी सत्यनारायण पाठक पीसीसी सदस्य संदीपजीनगर रवि शंकर उपाध्याय हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा कवि दिनेश बंटी ने माला पहनकर स्वागत किया । शाहू तेली समाज के अध्यक्ष राजू बनवाल मुख्य वक्ता आत्माराम तेली सुगन बोहरा रामेश्वर बोहरा अशोक बोहरा राजेंद्र बोहरा सहित संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक रामप्रसाद जाट अधिवक्ता अनिल शर्मा नमन ओझा मोहम्मद शरीफ सहित कई वक्ताओं ने शाहपुरा को जिले का दर्जा देने की मांग की और शाहपुरा जिले को समाप्त करने का विरोध किया।संघर्ष समिति के महासचिव एवं अभिभाषक संस्था के सह सचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि सामाजिक संगठनों का लगातार संघर्ष समिति को समर्थन मिल रहा है। मुस्लिम समाज के सोशल एजुकेशन वेलफेयर अवेयरनेस ट्रस्ट शाहपुरा के अध्यक्ष इमरान मोहम्मद एवं सचिव मोहम्मद मतीन के नेतृत्व में कई सदस्यों ने लिखित समर्थन पत्र जिला बचाओ संघर्ष समिति को देखकर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। 2 फरवरी को निजी शिक्षण संस्थान के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास के नेतृत्व में निजी शिक्षण संस्थान शाहपुरा के सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठेंगे।

# मजदूर संघ कार्यालय पर सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** स्थानीय रेल परिसर स्थित उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ कार्यालय पर शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन शाखा अध्यक्ष सुनील कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत फुलेरा रेलवे चिकित्सालय के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर आनंद तंवर के तबादले पर उन्हें माला साफा पहनाकर सम्मान पूर्वक विदाई दी गई और नव पदस्थापित डॉक्टर सुनील शर्मा का फुलेरा रेलवे चिकित्सालय में कार्यभार ग्रहण करने पर पलक पांवड़े बिछाते हुए स्वागत अभिनंदन किया गया। साथ ही भगत सिंह यादव की पदोन्नति उपरांत तबादला होने पर उन्हें भी सम्मानित कर शुभकामनाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शाखा सचिव दिनेश सुरोलिया ने डॉक्टर आनंद तंवर के कार्यशैली ओर जज्बे की सराहना की। अंत में शाखा अध्यक्ष सुनील यादव ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर मनीष शर्मा, राघवेंद्र राव, राजेश गुर्जर, रूपचंद सैनी, सहरयार हुसैन, कमल किशोर कुमावत, ब्रिजेश कुमार सैनी, घनश्याम कुमावत, रामप्रकाश सहित मजदूर संघ के कई पदाधिकारी मौजूद रहें।

# अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया भाजपा जिलाध्यक्ष गजपालसिंह का स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से नवनियुक्त गजपाल सिंह राठौड़ के मनोनीत होने पर भाजपा राजस्थान अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व महामंत्री के नेतृत्व में मोर्चा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गजपाल सिंह राठौड़ को मेवाड़ी पगड़ी, ओपर्णा पहना कर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं उनके लिए मंगलकामनाएं की। इस अवसर पर राजस्थान अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व महामंत्री इकराम कुरैशी, प्रदेश मंत्री ज़ाकिर हुसैन घाटीवाला , भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा आईटी सेल उदयपुर संभाग प्रभारी सलीम हुसैन , मोर्चा देहात उपाध्यक्ष सिराज परवेज़, समाजसेवी रेहान कुरैशी, सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता ने स्वागत किया।

सरूण्ड थाना पुलिस की अनुठी पहल

# थाने के सफाई कर्मचारी की बेटी की शादी में भरा मायरा




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )** कोटपूतली के थाना पुलिस ने पहल करते हुये थाने के सफाई कर्मचारी की बेटी की शादी में मायरा भरा है। डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक़ के नेतृत्व में थानाधिकारी बाबूलाल मीणा समेत पुलिसकर्मी सफाई कर्मचारी प्रकाश वाल्मीक की बेटी की शादी में पहुँचे। जहाँ मायरा भरकर बेटी को आशीर्वाद दिया।

पुलिसकर्मियों ने मायरा भरकर एक अनुठा उदाहरण पेश किया है। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। थाने के स्टॉफ ने प्रकाश वाल्मीक की बेटी की शादी में 01 लाख 31 हजार रुपये नकद, कपड़े व अन्य उपहार देकर मायरा भरा। जब विवाह समारोह में डीएसपी राजेंद्र कुमार बुरडक व थानाधिकारी बाबूलाल मीणा समेत पुलिस स्टॉफ ने बहन का फर्ज निभाया, तो हर कोई भावुक हो गया। पुलिस के इस कदम की अब हर जगह प्रशंसा हो रही है। ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस सिर्फ कानून का पालन कराने के लिए ही नहीं बल्कि समाज के लिए भी खड़ी रहती है।

# आरयूएचएस नर्सिंग सेमेस्टर इंटरनल परीक्षा लीक मामला : पेपर लीक मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

चार फरवरी तक पुलिस हिरासत मे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) से संबद्ध नर्सिंग कॉलेजों की आंतरिक सेमेस्टर परीक्षा के पेपर की हस्तलिखित प्रति प्रसारित होने के मामले में जयपुर साइबर थाना पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां दोनों आरोपियों को 4 फरवरी तक पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) से संबद्ध नर्सिंग कॉलेजों की आंतरिक सेमेस्टर परीक्षा के पेपर की हस्तलिखित प्रति प्रसारित होने के मामले में जयपुर साइबर थाना पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र सिंह शेखावत निवासी अनुपम विहार करणी विहार और दीपक सिंह शेखावत निवासी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जितेन्द्र सिंह शेखावत आरयूएचएस के परीक्षा अनुभाग में सहायक रजिस्ट्रार के पीए के रूप में अनुबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर था और उसने प्रश्न पत्रों के कुछ भाग की हस्तलिखित प्रति तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जबकि दूसरे आरोपी दीपक सिंह शेखावत ने जयपुर सिरसी रोड स्थित पिंक सिटी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था और उसने हस्तलिखित प्रश्न पत्रों को नर्सिंग कॉलेज के छात्रों तक पहुंचाया था।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि परीक्षा के प्रश्न पत्र मुख्य रूप से हस्तलिखित फॉर्मेट में प्रसारित हुए, जिनमें मल्टीपल चॉइस क्वेश्चन शामिल नहीं थे। यह प्रकरण केवल एक कॉलेज तक सीमित नहीं था, बल्कि आरयूएचएस से संबद्ध कई नर्सिंग कॉलेजों में फैला हुआ था। इस संबंध में साइबर थाना पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की तह तक जाने के लिए विस्तृत जांच कर रही है। दो संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि कई अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# महारानी कॉलेज की छात्रा ने हॉस्टल में फांसी लगा कर की आत्महत्या

सुसाइड के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गांधी नगर थाना इलाके में महारानी कॉलेज की छात्रा ने हॉस्टल में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। फिलहाल छात्रा के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल जब्त कर उसकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शनिवार को माही हॉस्टल में रह रही विराट नगर निवासी 16 वर्षीय सारिका बुनकर पुत्री मोहन लाल बुनकर ने कमरें में पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर जान दे दी। शाम करीब 5 बजे जब उसकी रुम मेट वापस लौटी तो दरवाजा बंद मिला।

उसने दरवाजा खटखटाया,लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इस पर उसने हॉस्टल वार्डन को जानकारी दी। वार्डन ने भी आवाज लगाने के साथ गेट खटखटाया। लेकिन गेट नहीं खुला। इस पर उसने गेट को तोड़ा तो अंदर सारिका पंखे से चुन्नी के सहारे लटकी मिली। इस पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को उतार कर अस्पताल पहुंचाया। मामले की जानकारी पुलिस ने मृतका के परिजनों को दे दी है। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनि गौत्तम ने बताया कि सारिका महारानी कॉलेज में पढ़ती है और वह बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है। मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस को घटना की जानकारी शाम करीब पांच बजे मिली थी। मामले को लेकर मृतका की रुममेट से भी पूछताछ की जा रही है। मृतका के परिजनों के आने पर शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा और घटना को लेकर परिजनों से भी पूछताछ की जाएगी।

# बसंत पंचमी के पावन पर्व पर टोंक रोड स्थित रामाज् पैलेस पर इंडिया ग्लैम की मॉडल्स ने करवाया माँ शारदा की आराधना में स्पेशल शूट

रामाज् कुर्तीज के बसंत बहार पीले ट्रेडिशनल ड्रेस में सरसों संग बसंत के रंग में खिल उठी ग्लैम गर्ल्स

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर / टोंक ।** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा ने अपने कमंडल से जल छींटा, जिससे देवी सरस्वती प्रकट हुईं। देवी सरस्वती ने वीणा बजाकर पूरे संसार में मधुर आवाज फैलाई और सृष्टि में जीवन का संचार हुआ। तभी से देवी सरस्वती को ज्ञान, संगीत और कला की देवी माना जाता है, और इस तिथि पर बसंत पंचमी मनाए जाने लगी। देवी सरस्वती को विद्या, कला और बुद्धि की देवी के रूप में पूजा जाता है। इस दिन की पूजा-अर्चना से ज्ञान, कला और संगीत का आशीर्वाद प्राप्त होता है। और बसंत पंचमी के इसी पर्व को मनाने के लिये मिस इंडिया ग्लैम की मॉडल्स ने अपनी संस्कृती संस्कार सभ्यता और भारतीय परंपरा के परिधानों के साथ स्पेशल फ़ोटो एंड वीडियो शूट करवाया । जयपुर शहर की भागदौड़ से दूर टोंक रोड पर स्थित रामाज् पैलेस के भव्य व्हाइट भवन में मिस इंडिया ग्लैम रनर अप 2025 मुस्कान विजय ने माँ सरस्वती की वेशभूषा धारण कर वीणा के साथ जब देवी का रूप लिया तो लगा की मानो साक्षात देवी सरस्वती प्रकट हुई है और बाक़ी की इंडिया ग्लैम की मॉडल इंद्रियों की तरह पीले वस्त्र धारण कर माँ शारदे का अभिवादन अभिनंदन ओर आराधना कर रही है । मिस एंड मिसेज इंडिया ग्लैम के डायरेक्टर पवन टांक ने बताया की वसंत पंचमी के अवसर पर एक दिन पूर्व हुए इस बसंत स्पेशल शूट में मिस इंडिया ग्लैम 2025 तन्नू सोलंकी, मिस इंडिया ग्लैम इंटरनेशनल 2025 पायल प्रजापत, मिस इंडिया ग्लैम आइकन 2025 रौनक कनोडिया , मिस इंडिया ग्लैम राजस्थान 2024 सुस्मिता पुरी, मिस इंडिया ग्लैम सेवन रनर अप 2025 मुस्कान विजय ने भाग लिया । शूट के आउटफ़िट पार्टनर्स रामाज् कुर्तीज् रहे वहीं फ़ोटो वीडियो क्लिक हाईटेक फ़ोटो एंड मूवीज़ के डायरेक्टर बी.एल. शर्मा ने की । इस अवसर पर रामाज् कुर्तीज् एंव रामाज् रिसोर्ट पैलेस के डायरेक्टर मोहित टेलर एवं सोहित टेलर ने इंडिया ग्लैम टीम का स्वागत करते हुए शहर की घुटन भरी ज़िंदगी से दूर खुलीं तरोताजा हवा में टोक रोड पर स्थित इस रामाज् रिसोर्ट और रामाज् पैलेस के बारे में अवगत करवाया । जिसमे 90 लक्ज़री रूम्स और 2 बैंक्वेट हॉल और 3 गार्डन , स्विमिंग पूल और प्योर वेज रेस्टोरेंट है जो की जयपुर-कोटा रोड की शान है ।

# सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती के द्वारा सूर्य सप्तमी के उपलक्ष में सामूहिक सूर्य नमस्कार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** शनिवार को सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती के द्वारा सूर्य सप्तमी के उपलक्ष में सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर सेक्टर -26 ,प्रताप नगर में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अक्षय पात्र ट्रस्ट व फाऊंडेशन के महाप्रभु श्रीरघुपति दास जी महाराज ,अध्यक्ष सांगानेर महानगर संघ चालक आशीष गुप्ता ,विशिष्ट अतिथि महेंद्र सिंह राजावत प्रांत घुमंतू कार्य प्रमुख ,जयपुर प्रांत क्रीड़ा भारती योग प्रमुख सत्यपाल ,सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती उपाध्यक्ष मोहित टेलर,महानगर सह कार्यवाह सुनील ,कैलाश आर्य,चेतन चौहान ,देवेंद्र कपूर व स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता पारीक,संरक्षक रमेश गुप्ता व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे ।सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती मंत्री मनीष शर्मा ने बताया सूर्य सप्तमी के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में सभी आगंतुक गणमान्य , क्रीड़ा भारती के सदस्यों,स्थानीय कार्मिको एवं समस्त छात्र छात्राओं ने सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रघुपति दास जी महाराज ने सभी आगंतुको व विद्यालय के बालक बालिकाओं को सूर्य नमस्कार को अपने दैनिक जीवन में नित्य प्रतिदिन करने का आग्रह किया व इसके महत्व पर प्रकाश डाला ।महेंद्र सिंह ,आशीष व सत्यपाल ने भी सूर्य नमस्कार के महत्व व विशेषताओं को विस्तार से रखते हुए बताया कि सूर्य नमस्कार से हम निरोगी रहते है, एकाग्रता बढ़ती है व शरीर से सभी बीमारिया दूर रहती है ।कार्यक्रम में सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती के सह मंत्री श्री सतवीर योगी,युवा प्रमुख सुनील शशि,योग प्रमुख चन्द्रभान व अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।कार्यक्रम में कुल उपस्थित संख्या लगभग 600 रही। सभी अतिथियों का दुपट्टा व गमला देकर स्वागत किया गया ।कार्यक्रम के अंत में सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती मंत्री मनीष शर्मा ने सभी आगंतुक अतिथियो व स्थानीय विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आज बसंत पंचमी के पावन पर्व पर विशाल नामदेव रथ यात्रा का आयोजन होगा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** बसंत पंचमी पर श्री नामदेव रथ यात्रा का भव्य आयोजन नामदेव दर्जी व छीपा समाज के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है, मीडिया समिति के राष्ट्रीय संयोजक रामाज़् के मोहित टेलर ने बताया कि मुख्य अतिथि हवामहल विधायक बालमुकुंदआचार्य दोपहर 12 बजे महाआरती कर रथ यात्रा को जलेब चौक से रवाना करेंगे और छीपा दर्जी समाज की सभी संस्थाओं ने सभी समाज बंधुओ से निवेदन किया है कि वे रथ यात्रा में पीली पोशाक ( ड्रेस कोड) मे उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायेग। इस रथ यात्रा में शिवाजी महाराज की 8 फीट की प्रतिमा भी शामिल रहेगी जिसका अनावरण 8 मार्च को जापान में किया जाना है, साथ ही लवाजमा में हाथी, घोड़े, ऊंट, मुख्य रथ, अन्य 2 जीप रथ, 4 बग्गी रथ, 20-20 बैंड वादकों की टीमें, लोक कलाकारों की टीमें, दुप्पटे से स्वागत, पुष्प वर्षा के साथ संत श्री नामदेव जी के जीवन सम्बन्धी अनेक झांकियां शामिल होगी। इस नामदेव रथ यात्रा में पूरे जयपुर से , सीकर, भीलवाड़ा, अजमेर, किशनगढ़, टोंक, कोटा आदि जगहों से नामदेव समाज के लोग शामिल होगे ।

# ह्रदय रोगों से बचाव एवं जागरूकता के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय), जयपुर के आयुर योग प्रिवेन्टिव कार्डिओलोजी विभाग द्वारा ह्रदय रोग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर अंजना मिश्रा, विभागाध्यक्ष कायचिकित्सा,( राजीव गांधी स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय , पपरोला) ने संबोधित करते हुए बताया कि आज हार्ट अटैक के केस काफी बढ़ गए हैं कम उम्र में भी हार्ट अटैक हो रहे हैं। आमजन के स्वास्थ्य और दिल से संबंधित बीमारियों से बचने और बेहतर स्वास्थ्य के लिए ह्रदय रोगों से संबंधित होने वाले लक्षण और समय पर होने वाली जांच के विषय में जानकारी दी जिससे हम समय पर अपने ह्रदय संबंधित रोग की जानकारी मिलने पर सही चिकित्सा परामर्श और इलाज लेकर अपने जीवन को बचा सके। कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज विश्व में हार्ट अटैक के कारण सर्वाधिक मृत्यु हो रही है आज हार्ट अटैक दिल से जुड़ी बीमारियों के मरीज दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। आज बदलती जीवन शैली, तनाव, और सही खान-पान के अभाव में हर देश से जुड़ी बीमारियों के कैसे दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं, ह्रदय से जुड़ी बीमारियों में आज युवाओं की संख्या भी बहुत अधिक है। आमजन को ह्रदय से जुड़ी बीमारियों से बचाने के लिए ह्रदय रोगों से बचाव के लिए जानकारी देने के साथ किस प्रकार ह्रदय से जुड़ी बीमारियों से बचाव कर सकते हैं उस दिशा में आमजन को जागरूक करने के लिए प्रयास करने होंगे। समय के साथ बदलती जीवन शैली और गलत खान-पान के कारण ह्रदय रोग से जुड़ी बीमारियो से बचाव और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति, योग, मेडिटेशन से स्वस्थ रहने के लिये राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान का आयुर योग प्रिवेन्टिव कार्डिओलोजी विभाग पिछले तीन सालों से पूरे प्रदेश आमजन को जागरूक करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान में आयुर्वेद चिकित्सा में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को ह्रदय रोगों के विषय में जानकारी दी गई । कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष कायचिकित्सा प्रोफेसर एच एम एल मीना, प्रोफेसर आर के जोशी एवं विभाग के शिक्षक, चिकित्सक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 16वीं एयू जयपुर मैराथन : बिब एक्सपो में उमड़ी भीड़, मैराथन आज

जयपुर मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे राज्यपाल और मुख्यमंत्री, रनर्स को चीयर करेंगी सिंगर नेहा भसीन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग, पावर्ड बाय आवास फाइनेंस व को-पावर्ड बाय आईएनए सोलर से आयोजित होने वाली देश की सबसे बड़ी 'दौड़ते कदमों का उत्सव..' 16वीं एयू जयपुर मैराथन से पहले शनिवार को बिब एक्सपो में लोगों की जमकर भीड़ उमड़ी। जयपुर मैराथन में भाग लेने वाले उत्साही रजिस्टर्ड धावकों ने महाराजा कॉलेज ग्राउंड में आयोजित बिब एक्सपो से बिब एवं रनिंग किट प्राप्त किए। इस दौरान मैराथन के आयोजक पं.सुरेश मिश्रा ने जानकारी दी कि 16वीं एयू जयपुर मैराथन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि एक भारतीय संस्कृति को उत्सव में बदलने वाला आयोजन है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शिकरत करेंगे। इस आयोजन में 25 देशों के एक लाख से अधिक धावक 'स्वस्थ जयपुर स्वच्छ जयपुर' का संदेश देने के लिए दौड़ लगाते हुए नजर आएंगे। गौरतलब है कि एयू जयपुर मैराथन के पिछले संस्करणों में बॉलीवुड स्टार सलमान खान, सोनू सूद, मिलंद सोमन, रणविजय, रवीना टंडन और भजन सम्राट अनूप जलोटा जैसे सेलिब्रिटी की मौजूदगी रही है। इस बार बॉलीवुड सिंगर नेहा भसीन अपनी सुरीली आवाज से रनर्स को चीयर करते हुए नजर आएंगी। नेहा ने मेरे ब्रदर की दुल्हन, गुंडे, नीरजा, सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी सरीखी फिल्मों में 'धुनकी.. 'नहीं जाना.. स्वैग से स्वागत.. और हीरिएं.. जैसे दर्जनों हिट गाने गाए हैं. नेहा टीवी रिएलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 1' में भी नजर आ चुकी हैं।

## पेसर्स व एम्बेसडर्स मीट

महाराजा कॉलेज ग्राउंड में हुए बिब एक्सपो में शनिवार को पेसर्स व एम्बेसडर्स मिट का आयोजन हुआ। इस दौरान रनिंग कम्युनिटी से जुड़ी चर्चाएं, फिटनेस सेमिनार और मैराथन से संबंधित कई गतिविधियां आयोजित की गयी। इससे पहले इनॉर्गल एयू जयपुर मैराथन सेलिब्रेशन परेड के साथ बिब एक्सपो की शुरुआत की गयी। उसके बाद 16 श्रेणियों में 40 से अधिक को तिजारिया जयपुर रनर्स एवं पेसर्स अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया।

## बसंती थीम के बीच बनेंगे दो विश्व रिकॉर्ड

बसंत पंचमी के चलते इस बार 10 हजार से अधिक धावक एक साथ पीला दुपट्टा पहनकर दौड़ लगाते हुए नजर आएंगे। यह एक विश्व रिकॉर्ड होगा। वहीं 14,000 से अधिक धावक ओ3म् निर्माण और दौड़ में भाग लेते हुए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास करेंगे। रन से पहले धावक ओ3म् का आकार बनाएंगे और फिर ओ3म् की टीशर्ट पहन दौड़ लगाएंगे। इस बार देशभर के 100 से अधिक ब्यूरोक्रेट्स भी विभिन्न कैटेगिरी में दौड़ लगाएंगे।

## राजस्थानी संस्कृति करेगी चीयर

इस बार धावकों को चीयर करने के लिए 25 से अधिक चीयर जोन बनाए गए हैं। यहां लाइव म्यूजिक और पीली राजस्थान पाग के साथ मारवाड़ी ढोल नगाड़ों की थाप न केवल राजस्थानी संस्कृति से रूबरू कराएगी, साथ ही रनर्स की हौसला आफजायी भी करेगी। जगह जगह पर पारंपरिक लोकनृत्य और लोक संगीत का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# घर में घुसकर दो बदमाशों ने की महिला से की लूटपाट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** खोह नागोरियान थाना इलाके में दो बदमाश घर में महिला को अकेला पाकर घुस गए और महिला से मारपीट कर नगदी व जेवरात लूट कर भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार विनायक विहार लूनियावास निवासी पुष्पा पत्नी अमोल अग्रवाल ने मामला दर्ज करवाया कि तीस जनवरी को उसके पति दुकान पर चले गए और वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान किसी ने घर की बेल बजाई। इस पर उसने गेट खोला तो बाहर दो युवक खड़े थे। युवकों ने दुकान से भेजने की बात कहीं और अंदर घुस गए। इसके बाद आरोपियों ने महिला के साथ धक्का मुक्की कर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट कर बदमाश अलमारी में रखे 1500 ग्राम चांदी के जेवरात व नगदी निकाल कर ले गए। जाते समय बदमाश महिला को एक कमरे में बंद कर गए। किसी तरह महिला ने बाहर निकलकर शोर मचाया तो आस-पास के लोगों को घटना का पता चला। इस पर बदमाशों को आस-पास खोजा गया, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। पीडिता ने मामले की जानकारी अपने पति को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है।

## सम्पादकीय

# बजट 2025: मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात

शनिवार को पेश किए गए बजट में वित्त मंत्री ने नए टैक्स सिस्टम के तहत 12 लाख रुपये तक की आय वालों के लिए आयकर ख़त्म करके मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी है। 18 लाख रुपये की आय वाले व्यक्तियों को 70, 000 रुपये की कर छूट का लाभ मिलेगा, जबकि 12 लाख रुपये की आय वालों को 80, 000 रुपये की कर छूट मिलेगी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान अपने पहले पूर्ण बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। पहले, केवल 7 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले लोगों को आयकर से छूट थी, लेकिन अब यह सीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, वेतनभोगी व्यक्तियों को 75, 000 रुपये की मानक कटौती का लाभ मिलेगा, जिसका अर्थ है कि 12.75 लाख रुपये तक की आय वालों को कोई आयकर नहीं देना होगा। हालांकि, इस सीमा से अधिक आय वाले किसी भी व्यक्ति पर अभी भी कर लगेगा। 18 लाख रुपये की सालाना आय वाले व्यक्तियों को 70, 000 रुपये की कर छूट का लाभ मिलेगा, जबकि 12 लाख रुपये की वार्षिक आय वालों को 80, 000 रुपये की कर छूट मिलेगी। ये बदलाव वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित किए गए हैं, जो आकलन वर्ष 2026-27 से मेल खाता है। इसके अतिरिक्त, 2025-26 के बजट में अद्यतन आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा को मौजूदा दो साल से बढ़ाकर चार साल करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा, बजट में वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज आय पर कर कटौती की सीमा को दोगुना करके 1 लाख रुपये करने की योजना शामिल है। सरकार ने आयकर स्लैब और दरों में संशोधन का भी सुझाव दिया। सीतारमण के अनुसार, नए कर ढांचे में 4 लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं होगा, 4 लाख 1 से 8 लाख रुपये के बीच की आय पर 5 प्रतिशत कर, 8 लाख 1 से 12 लाख रुपये के बीच की आय पर 10 प्रतिशत कर, 12 लाख 1 से 16 लाख रुपये के बीच की आय पर 15प्रतिशत कर, 16 लाख 1 से 20 लाख रुपये के बीच की आय पर 20प्रतिशत कर, 20 लाख 1 से 24 लाख रुपये के बीच की आय पर 25प्रतिशत कर और 24 लाख रुपये से अधिक की आय पर 30प्रतिशत कर लगेगा।

सरकार दरों और सीमाओं की संख्या में कटौती करके स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रणाली को सरल बनाने की योजना बना रही है, जिससे करदाताओं के लिए यह आसान हो जाएगा। उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत विदेश भेजे गए धन पर स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) की सीमा 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, किराए के भुगतान के लिए टीडीएस सीमा को बढ़ाकर 6 लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे किराये की आय अर्जित करने वाले लोगों और व्यवसायों को कुछ राहत मिली है। शिक्षा ऋण के संदर्भ में, बजट में कुछ वित्तीय संस्थानों से 10 लाख रुपये तक के ऋण पर टीसीएस को समाप्त करने का सुझाव दिया गया है, जिससे छात्रों और उनके परिवारों को प्रक्रिया को और अधिक सुचारू रूप से चलाने में मदद मिलेगी। सरकार ने समय-समय पर नागरिकों पर कर का बोझ कम किया है। 2014 के बाद, शून्य कर सीमा को 2.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 2019 में 5 लाख रुपये और फिर 2023 में 7 लाख रुपये कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, नई कर प्रणाली के तहत, 12 लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्तियों को कोई आयकर नहीं देना होगा।

हालांकि, यह पूंजीगत लाभ और इसी तरह की आय पर लागू नहीं होता है।

संशोधित आयकर स्लैब और दरों के लाभों को इस प्रकार संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है, 12 लाख रुपये कमाने वाले करदाताओं की कर देयता शून्य हो जाएगी, जिससे उन्हें 80, 000 रुपये की बचत होगी। 16 लाख रुपये की आय वालों को 50, 000 रुपये का लाभ होगा। 18 लाख रुपये कमाने वाले करदाताओं को 70, 000 रुपये की बचत होगी। 20 लाख रुपये कमाने वाले व्यक्तियों को 90, 000 रुपये का लाभ होगा।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 2 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- भारत में दीव (गोआ, दमन और दीव) के पास पुर्तगाल व तुर्की के बीच 1509 में युद्ध हुआ।
- चीन के शैन्सी प्रांत में 1556 में आये जबरदस्त भूकंप में करीब लाखों लोगों की मौत हुई।
- चार्ल्स प्रथम 1626 में इंग्लैंड के सम्राट बने।
- देश में प्रशासनिक सुधारों के लिए 2 फरवरी, साल 1844 में पिट्स नियामक अधिनियम को लागू किया गया।
- शंभूनाथ पंडित 1862 में कलकत्ता उच्च न्यायालय के पहले भारतीय न्यायाधीश बने।
- रशिया ने 1892 में कैलिफ़ोर्निया में 'फ़र ट्रेडिंग कॉलोनी' की स्थापना की।
- 1901 में क्वीन विक्टोरिया का अंतिम संस्कार हुआ।
- न्यूयार्क में 1913 में 'ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल' की ओपनिंग हुई।
- फ्रांस ने 1920 में मैमेल पर कब्ज़ा किया।
- जेम्स जॉयस का लिखा उपन्यास 'यूलिसिस' 1922 में पहली बार प्रकाशित किया गया।
- हंगरी ने 1939 में सोवियत संघ के साथ संबंध समाप्त किये।
- भारत ने 1952 में मद्रास में पहला टेस्ट क्रिकेट जीता।
- अखिल भारतीय खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड का गठन 1953 में किया गया।
- पाकिस्तान ने 'कश्मीर समझौते' के लिए 1966 में एक महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किया।
- सीरिया ने 1982 में हामा पर आक्रमण किया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश एवं रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन द्वारा 1992 में शीत युद्ध की समाप्ति की घोषणा।
- अमेरिका के बीच 1997 में वस्त्र व्यापार विवाद को समाप्त करने हेतु समझौता।
- महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम 2 फरवरी, साल 2006 से 200 जिलों में अधिसूचित किया गया था।
- अंतर्राष्ट्रीय पैनल (आईपीसीसी) ने 2007 में ग्लोबल वार्मिंग पर रिपोर्ट प्रस्तुत की।
- 2 फरवरी साल 2012 में सुप्रीम कोर्ट ने 122 संस्थाओं को 2 जी स्पैक्ट्रम के आवंटन को अवैध घोषित किया था।
- 2 फरवरी साल 2013 में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एक एनआरआई वैज्ञानिक को पुरस्कृत किया, जिसने पीआरके और लेसिक लेजर अपवर्तक सर्जिकल तकनीकों के लिए मार्ग प्रशस्त किया था।

### 2 फरवरी को जन्मे व्यक्ति

- भारत की एक प्रख्यात गांधीवादी, स्वतंत्रता सेनानी और एक सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमारी अमृत कौर का जन्म 1889 में हुआ।
- अमेरिकन एक्टर चार्ल्स कोरोल का जन्म 1890 में हुआ।
- दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचार आन्दोलन के संगठक मोटूरि सत्यनारायण का जन्म 1902 में हुआ
- उपन्यसकार, दार्शनिक और पटकथाकार लेखक एयन रैंड का जन्म 1905 में हुआ।

## विशेष आलेख

बसंत पंचमी - 2 फरवरी, 2025

# शांति, संस्कृति एवं शिक्षा का महापर्व है बसंत पंचमी

**बसंत पंचमी या श्री पंचमी हिन्दुओं का प्रमुख सांस्कृतिक एवं धार्मिक त्यौहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती, कामदेव और विष्णु की पूजा की जाती है। यह प्रकृति के सौंदर्य, नई शुरुआत, और सकारात्मकता का उत्सव भी है। इस दिन देवी सरस्वती की पूजा से मन में शांति और ज्ञान का संचार होता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में शिक्षा, कला, सौन्दर्य और प्रकृति का सम्मान करना कितना महत्वपूर्ण है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी से उल्लेखित किया गया है। प्राचीन भारत और नेपाल में पूरे साल को जिन छह ऋतुओं में बांटा जाता था उनमें बसंत लोगों का सबसे मोहक, मनोरम एवं मनचाहा मौसम था। बसंत पंचमी मन की, जीवन की, संस्कृति की, साहित्य की, संगीत की, प्रकृति की असीम कामनाओं का अनूठा एवं सौन्दर्यमय त्योहार है, जो हर वर्ष माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी से उल्लेखित किया गया है। प्राचीन भारत और नेपाल में पूरे साल को जिन छह ऋतुओं में बांटा जाता था उनमें बसंत लोगों का सबसे मोहक, मनोरम एवं मनचाहा मौसम था।**



– ललित गर्ग



बसंत पंचमी मन की, जीवन की, संस्कृति की, साहित्य की, संगीत की, प्रकृति की असीम कामनाओं का अनूठा एवं सौन्दर्यमय त्योहार है, जो हर वर्ष माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में बसंत पंचमी का दूसरा नाम सरस्वती पूजा भी है। माता सरस्वती को ज्ञान-विज्ञान, सूर-संगीत, कला, सौन्दर्य और बुद्धि की देवी माना जाता है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती ने ही जीवों को वाणी के साथ-साथ विद्या और बुद्धि दी थी। इसलिए वसंत पंचमी के दिन हर घर में सरस्वती की पूजा की जाती है, मां सरस्वती की पूजा करने से मां लक्ष्मी और देवी काली भी प्रसन्न होती हैं। बसंत पंचमी के 40 दिन बाद होली का पर्व मनाया जाता है, इसलिए बसंत पंचमी से होली के त्योहार की शुरुआत मानी जाती है। मान्यता है कि बसंत पंचमी को देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। इसी दिन वह हाथों में पुस्तक, वीणा और माला लिए श्वेत कमल पर विराजमान होकर प्रकट हुई थीं। कहा जाता है कि देवी सरस्वती की पूजा सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण ने की थी। मां सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। देवी भागवत में उल्लेख है कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को ही संगीत, काव्य, कला, शिल्प, रस, छंद, शब्द, स्वर व शक्ति की प्राप्ति जीव-जगत को हुई थी। इसीलिये मां सरस्वती को प्रकृति की देवी की उपाधि भी प्राप्त है। पद्मपुराण में मां सरस्वती का रूप प्रेरणादायी है। धर्मशास्त्रों के अनुसार मां सरस्वती का वाहन सफेद हंस है। यही कारण है कि देवी सरस्वती को हंसवाहिनी भी कहा जाता है। देवी सरस्वती विद्या की देवी हैं। देवी का वाहन हंस यही संदेश देता है कि मां सरस्वती की कृपा उसे ही प्राप्त होती है जो हंस के समान विवेक धारण करने वाला होता है। केवल हंस में ही ऐसा विवेक होता है कि वह दूध का दूध और पानी का पानी कर सकता है। हंस दूध ग्रहण कर लेता है और पानी छोड़ देता है। इसी तरह हमें भी बुरी सोच को छोड़कर अच्छाई को ग्रहण करना चाहिए। सफेद रंग शांति और पवित्रता का प्रतीक है। यह रंग शिक्षा देता है कि अच्छी विद्या और अच्छे संस्कारों के लिए आवश्यक है कि आपका मन शांत और पवित्र हो। सभी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मेहनत के साथ ही माता सरस्वती की कृपा भी उतनी आवश्यक है। मां सरस्वती हमेशा सफेद वस्त्रों में होती हैं। इसके दो संकेत हैं पहला यह कि हमारा ज्ञान निर्मल हो, विकृत न हो, अहंकारमुक्त हो।

जो भी ज्ञान अर्जित करें वह सकारात्मक हो। दूसरा संकेत हमारे चरित्र को लेकर है। कोई दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो। मां ने शुभ्रवस्त्र धारण किए हैं, ये शुभ्रवस्त्र हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने भीतर सत्य, अहिंसा, क्षमा, सहनशीलता, करुणा, प्रेम व परोपकार आदि सद्गुणों को बढ़ाना चाहिए और क्रोध, मोह, लोभ, मद, अहंकार आदि का परित्याग करना चाहिए। मां सरस्वती को पीले रंग प्रिय है, मान्यतानुसार पीला रंग सुख-समृद्धि और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। पीला रंग बसंत पंचमी का मुख्य प्रतीक है। पीले रंग को सरस्वती मां का प्रिय रंग भी कहा जाता है। पीले फूलों को मां पर अर्पित किया जाता है, पीले रंग की साज-सज्जा की जाती है और पीले रंग के चावल माता को भोग में चढ़ाने शुभ माने जाते हैं। बसंत पंचमी एक उत्सव ही नहीं बल्कि एक प्रेरणा भी है। बसंत पंचमी सिखाती है कि पुराने के अंत के साथ ही नए का सृजन भी होता है। असल में अंत और शुरुआत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बसंत ऋतु के आने से पहले पतझड़ का उदास मौसम होता है, लेकिन बसंत पंचमी के साथ ही बसंत ऋतु भी दस्तक देती है और बसंत ऋतु में पतझड़ से खाली हुए पेड़ पौधों में फिर से एक चमक, एक सुंदरता उतर आती है। जीवन का दस्तूर भी कुछ ऐसा ही है। पतझड़ की तरह खालीपन आता है लेकिन सब्र का दामन ना छोड़ें तो बसंत की बहार भी आती है। पूरे मन एवं आस्था से सरस्वती की पूजा एवं साधना करें ताकि आपकी वाणी मधुर हो, स्मरण शक्ति तीव्र हो, सौभाग्य की प्राप्ति हो, विद्या की प्राप्ति हो। सरस्वती पूजा से पति-पत्नी और बंधुजनों का कभी वियोग नहीं होता है तथा दीर्घायु एवं निरोगता प्राप्त होती है।

# स्क्रीन कल्चर पर भारी बुक लवर की दुनिया

**ग्लोबल दुनिया में भले ही आज स्क्रीन कल्चर का बोलवाला है, लेकिन पढ़ने वालों का पुस्तकों के प्रति प्रेम कम नहीं हो रहा है। आलोचक भले ही बुक्का फाड़कर कितना भी चिल्लाएं कि अब पुस्तक पढ़ने वाले कम हो रहे हैं और स्क्रीन पर पढ़ने वाले पुस्तक पढ़ने वालों के मुकाबले कई गुना अधिक हैं।**



– मनोज वार्ष्णेय

यह बात सीधे तौर पर तो सही लगती है,लेकिन जब पढ़ाई की दुनिया में खोजबीन की जाती है तो पता चलता है कि आज भी पुस्तक प्रेमियों की संख्या उतनी ही है जितनी कि पहले थी। अलबत्ता आबादी के आधार पर थोड़ा सा अंतर जरूर नजर आता है, लेकिन यह परंपरा सदियों से कायम है कि जो चीज आराम से सर्वसुलभ हो हम उसकी तरफ सबसे पहले भागते हैं। यही कारण है कि पुस्तकों को पढ़ने वाले कम स्क्रीन पर लिखा हुआ देखने वाले अधिक नजर आते हैं। विश्व पुस्तक मेला और देशभर में होने वाले लिटरेचर फेस्टिवल आज ऐसे दो समारोह बन गए हैं जहां आने वाले पुस्तक प्रेमियों की संख्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है। विश्व पुस्तक मेला दिल्ली के प्रगति मैदान में गत 50 वर्षों से लगता आ रहा है। यहां पर आने वाले पुस्तक प्रेमियों की संख्या और उनके द्वारा खरीदी जाने वाली पुस्तकों की संख्या में साल दर साल बढ़ोत्तरी हो रही है। पुस्तकें हमें सिर्फ ज्ञान ही नहीं देती बल्कि यह समाज को एक संदेश देती हैं। इसी संदेश से हम सामाजिक जीवन, वैचारिक एकता,समरसता,भाई-बंधुत्व तथा राष्ट्रीय प्रेम को अपने अंदर समाहित करके ज्ञान की त्रिवेणी को प्रवाहित रखते हैं। पुस्तक मेले में जाना सिर्फ एक मेले में जाकर मनोरंजन करना भर नहीं है, मेले से जब हम वापस आते हैं तो हमारे अंदर ज्ञान की एक ऊर्जा तरंगित रहती है। यह ऊर्जा धर्म, देशप्रेम, परिवार,राजनीति जीवन के संगम के रूप में हमारे लिए उल्लास का कारण बनती है। विश्व पुस्तक मेला हर वर्ष एक खास विचार को लेकर होता है। इस वर्ष इसकी थीम रिपब्लिक एट दी रेट 75 है। इस थीम को रखने के पीछे कारण है भारत अपने गणतंत्र बनने के 75 वर्ष का उत्सव मना रहा है। यह थीम मजबूत भारत और राष्ट्र निर्माण में प्रगति को समर्पित है। थीम का स्लोगन है हम भारत के लोग। जब हम इस थीम को देखते हैं तो स्पष्ट हो जाता है कि पुस्तक मेले किस तरह से हमारी राष्ट्रीयता-सामाजिकता से सरोकार रखते हैं। दूसरी तरफ जयपुर का लिटरेचर फेस्टिवल हो या फिर लखनऊ में होने वाला। हर कहीं पुस्तक प्रेमियों को लेखकों, कवियों, व्यंग्यकारों, कहानीकारों तथा दूसरे साहित्यकारों से रूबरू होते हुए देखा जा सकता है। जयपुर का साहित्य महोत्सव वर्ष 2006 से लगातार होता आ रहा है। यहां तक की कोरोना जैसी महामारी का संकट था तब भी यह आयोजित किया गया। दीगर है कि हाइब्रिड अवतार में यह ऑनलाइन भी हुआ और सीमाओं को लांघकर हुआ। इसके बाद भी जब यह कहा जाता है कि पुस्तक पढ़ने वालों की संख्या कम हो रही है तो ऐसा लगता है कि यह कम होती संख्या का आरोप एक साजिश का हिस्सा है। इस कम होती संख्या पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। आज देश के हर कोने में या तो पुस्तकों के मेले लग रहे हैं या फिर साहित्योत्सव का आयोजन होता है। यदि पुस्तक पढ़ने वाले ही नहीं है तो यहां पर प्रकाशकों की संख्या हर वर्ष बढ़ती क्यों जा रही है? इन मेलों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए पुस्तकें होती है तो धर्म की पुस्तकों के प्रकाशकों का भी एक बड़ा हिस्सा नजर आता है। हाल में ही महाकुंभ में गीता प्रेस के शिविर में जब आग लगी तो पता चला कि वहां पर उसकी कितनी बड़ी भागीदारी थी।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं युवा उद्योगपति साहिल झालानी। 12 मार्च सन 1990 को अलवर में सीबा मसाला उद्योग के बाबूझालानी के घर में जन्में साहिल बहुत ही शानदार व्यक्तित्व के युवा हैं। हमेशा खिलखिलाता चेहरा और जीवन को एडवेंचर के रूप में देखना इनकी काबिलियत है। साहिल ने स्कूलिंग अलवर पब्लिक स्कूल से की। उसके बाद ग्रेजुएशन भारतीय विद्यापीठ पुणे से की। फिर एक साल बिजनेस ज्वाइन कर के बिजनेस को संभाला। फिर एसपी जैन मुम्बई से एमबीए किया जिसमें फैमिली बिजनेस कोर्स से संबंधित पढ़ाई की गई और वहां से पढ़ाई करके पुनः बिजनेस को संभालने के लिए अलवर आया साइन के द्वारा जयपुर के तमाम मार्केट प्रोडक्शन पैकेजिंग डिजाइनिंग से संबंधित सीबा मसले के उत्पादों में गहन अध्ययन कर लॉन्च करने तक का कार्य संभाला जाता है। साहिल को एडवेंचर का बहुत शौक है साहिल। ट्रैकिंग माउंटेन, हाइकिंग बाइक राइडिंग जैसे तमाम स्पोर्ट्स एक्टिविटी से बचपन से ही शौक रहा है। साहिल को डॉग से भी बहुत प्रेम है एनिमल लवर है समय-समय पर जानवरों की मदद करना जानवरों के साथ समय बिताना पसंद है। प्रकृति के साथ समय बिताना ज्यादा रहने का प्रयास करता है। बहुत ही उम्दा किस्म के इंसान हैं साहिल। अपने पापा बाबू झालानी और भाई शशांक झालानी के किरदार एक ही शरीर में झलकते हैं। हमेशा ऊर्जा के साथ लबरेज और जिन्दादिली के साथ मिलना इनकी शख्सियत को चार चाँद लगाती है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा



साहिल झालानी
(युवा उद्योगपति)

## 2025_032 – बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 3 | 9 | | 7 | |
| | | | | 2 | 6 | | 9 | |
| | 1 | 3 | | | | 2 | | 8 |
| 4 | | 9 | 2 | 8 | | 7 | 1 | |
| 5 | 7 | | 6 | 1 | 4 | 9 | 3 | |
| 2 | | | 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | |
| | | 7 | 9 | 6 | | 4 | 5 | |
| | 5 | 6 | | | | 1 | 8 | |
| | | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | | 7 |

Ans_2025_031

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 1 | 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 9 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 3 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 1 | 7 |
| 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 5 | 7 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

परिवार की तरफ से आप खुशी और संतोष प्राप्त कर सकेंगे। आज आप मित्रों और सगे-सम्बंधियों से घिरे रहेंगे। काम या बिजनेस के लिए बाहर जाने की संभावना है। बिजनेस में आप पैसे के साथ मान-सम्मान भी प्राप्त कर सकेंगे।

**वृष**

पेट में अपच की शिकायत होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अचानक खर्च हो सकता है। शेयर-सट्टे से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी।

**मिथुन**

ननिहाल पक्ष से चिंताजनक समाचार आएंगे। उच्च अधिकारियों के साथ संघर्ष टालना उचित होगा। आज आपके मन में चिंता और भय का माहौल रहेगा। दोस्तों और सगे-संबंधियों से भेंट-उपहार मिलने से आनंद का अनुभव होगा।

**कर्क**

नौकरी में पदोन्नति मिल सकती है। आज आपको पानी, अग्नि और दुर्घटना से संभलकर रहना होगा। काम का बोझ अधिक रहेगा। विदेश गमन के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। विदेश बसने वाले स्नेही या मित्रों का समाचार मिलेगा। सभी कार्य सरलता से पूरे होंगे।

**सिंह**

आध्यात्मिक तथा गूढ़ विद्या के प्रति रुचि होगी। यात्रा या प्रवास होने की संभावना है। परिजनों के साथ होने वाली गलतफहमी से बचें। व्यर्थ में धन खर्च हो सकता है। मानसिक उचाट और दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे।

**कन्या**

कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि का योग है। भाई-बहनों के साथ पारिवारिक चर्चा और आयोजन होगा। तन-मन में स्फूर्ति और आनंद अनुभव होगा। मित्रों तथा सगे- संबंधियों का घर पर आगमन होने से आनंद होगा।

**तुला**

काम में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे। दूर के स्थानों पर रहने वाले रिश्तेदारों से अच्छी बातचीत होगी। आपका दिन अच्छा गुजरेगा। ईश्वर भक्ति और पूजा-पाठ से दिन की शुरूआत करें। परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक**

माता और स्त्री वर्ग की चिंता सताएगी। आज के दिन यात्रा स्थगित रखें। समय से भोजन और पर्याप्त, नींद न आने के कारण शरीर में अस्वस्थता अनुभव होगा। पारिवारिक संपत्ति बारे में सावधानी से काम लेना हितकर है।

**धनु**

बीमार व्यक्ति नई चिकित्सा या ऑपरेशन न कराएं। बदनामी न हो इसका ध्यान रखें। कम बोलकर वाद-विवाद या मनमुटाव दूर कर सकेंगे। खर्च की मात्रा बढ़ेगी। स्वास्थ्य खराब होगा। मानसिक रूप से आपके मन में हताशा छायी रहेगी।

**मकर**

संवेदनशीलता और प्रेम की भावनाओं से हरा-भरा मन आज नए लोगों की ओर अधिक आकर्षित होगा। वैभव, मौज-शौक की वस्तुएं, वस्त्राभूषण तथा वाहन आदि की खरीदारी होगी। उत्तम दांपत्य जीवन का साथ मिलेगा।

**कुंभ**

व्यापारियों को व्यापार में धन लाभ होगा। नए आयोजन हाथ में ले सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा होगी या तीर्थ यात्रा होगी। आध्यात्मिकता में प्रगति कर सकेंगे। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। गुस्से की भावना आपको हानि पहुंचा सकती है।

**मीन**

भागीदारी लाभदायक साबित होगी। किसी बात को लेकर संदेह की भावना आपके मन को बेचैन बनाएगी। दैनिक काम विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे, परंतु फल कम मिलेगा। आपको स्वास्थ्य और संतान की चिंता हो सकती है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# दो लोगों ने समय पर उपचार के अभाव में तोड़ा था दम

## ट्रोमा सेंटर शुरू, संसाधन नहीं होने से दम तोड़ रहे घायल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले के मलारना चौड़ कस्बे में ट्रोमा सेंटर भवन बनकर तैयार है, लेकिन यहां चिकित्सा सुविधा नहीं है। इससे हाइवे पर हादसे में घायलों को त्वरित उपचार नहीं मिल रहा। नतीजतन हायर चिकित्सा सेंटर तक ले जाने में हो रही देरी के कारण घायल दम तोड़ रहे हैं। बीती बुधवार रात भी सड़क हादसे में घायल बलराम मीना तथा चतरू लाल मीना ने समय पर उपचार नहीं मिलने से दम तोड़ दिया। इनकी जान बचाई जा सकती थी। मलारना चौड़ के रहने वाले युवक बलराम मीना ने बताया कि हादसे के बाद घायलों को पहले भाड़ौती सीएचसी लेकर गए। इसके बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। इस प्रक्रिया में देरी के कारण उन्हें समय पर आवश्यक उपचार नहीं मिला। ग्रामीणों के अनुसार मलारना चौड़ ट्रोमा सेंटर शुरू हो गया होता तो जान बच सकती थी, क्योंकि हादसा ट्रोमा सेंटर के इस भवन से पांच सौ मीटर की दूरी पर हुआ था।

### तो करेंगे आंदोलन

मलारना चौड़ सरपंच प्रतिनिधि रामावतार सांसोलिया का कहना है कि जिस मकसद के तहत ट्रोमा सेंटर बनाया गया, वह पूरा नहीं हो रहा है। समय पर उपचार के अभाव में हादसे में घायल काल का ग्रास बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही ट्रोमा सेंटर पर उपचार की सुविधा शुरू नहीं की गई तो गांव के लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। सिस्टम की अनदेखी का खमियाजा हादसे में घायल तथा उनके परिजन भुगत रहे हैं।

### करोड़ों रुपए खर्च, लेकिन अनुपयोगी

कोटा-लालसोट मेगा हाइवे पर सवाईमाधोपुर से लालसोट के बीच दुर्घटना में घायलों को त्वरित उपचार के मकसद से तत्कालीन कांग्रेस सरकार में विधायक दानिश अबरार की अभिशंसा पर मलारना चौड़ में ट्रोमा सेंटर स्वीकृत कर दो करोड़ रुपए की लागत से भवन बनवाया गया था। ट्रोमा सेंटर पर सर्जरी तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों के 6 पद तथा नर्सिंग कर्मियों के 10 पद भी स्वीकृत किए थे। ताकि घायलों का समय पर उपचार कर जान बचाई जा सके। ग्रामीणों का आरोप है कि अनदेखी के कारण करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद ट्रोमा सेंटर का उपयोग नहीं हो रहा है।

### संचालन में देरी के कारणों का करेंगे पता

मेरे से पहले सीएमएचओ ने ट्रोमा सेंटर भवन हेण्डओवर कर लिया था। यह सच है कि भवन तक पहुंचने के लिए अभी सड़क नहीं बनी है। संचालन में देरी के कारणों का पता करेंगे। कमियों को दूर कर शीघ्र संचालन किया जाएगा।

**डॉ. अनिल जैमिनी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी।**

# जिले में दो हजार से अधिक होंगी शादियां, बैंडबाजों से लेकर मैरिज गार्डन तक बुक

## बसंत पंचमी आज: अबूझ सावे पर शादियों की रहेगी धूम



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** रविवार को बसंत पंचमी के अबूझ मुहुर्त में जिले में दो फरवरी को शादियों की धूम रहेगी। जिले भर में सैकड़ों जोड़े विवाह बंधन में बधेंगे। वहीं मां सरस्वती का प्रकटोत्सव भी मनाया जाएगा। बसंत पंचमी पर होने वाले शादी-विवाह और मांगलिक कार्यों को लेकर बाजार में चहल-पहल बनी है। शादियों को लेकर शहर व आसपास के क्षेत्र के लगभग सभी मैरिज गार्डन बुक है। वहीं बैंडबाजा, घोड़ी, कैटरिंग सहित विवाह के कार्य से जुड़े लोगों ने तैयारियां कर ली है।

### ग्रामीण क्षेत्रों से खरीदारी करने पहुंच रहे लोग

बाजारों में इन दिनों शादियों के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण भी आ रहे हैं। इससे खरीदारी का माहौल बना है। बाजार में दुकानें जल्दी खुल रही है और देर तक बंद हो रही है। सोने व चांदी के भावों में भी जबरदस्त तेजी आई है। ऐसे में सर्राफा बाजार में भी भीड़ नजर आ रही है।

### घोड़ी, शहनाई भी बुक

बसंत पंचमी पर जिलेभर में दो हजार शादियां होगी। वहीं जिला मुख्यालय पर करीब 300 शादियां होगी। ऐसे में शादियों को लेकर मैरिज गार्डन, धर्मशालाएं, होटल, हलवाई, टेंट आदि बुक हो चुके हैं। विवाह आयोजकों के घरों में भी इन दिनों शादी की तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही है। वहीं बैण्डबाजे, घोड़ी भी पहले ही बुक हो चुकी है।

### वर व वधू के लिए हो रही खरीदारी

बाजारों में वर व वधू पक्ष के लोग दुल्हन के लिए लहंगे-चुन्नी, लेन-देन की साड़ियां, आभूषण, इलेक्ट्रोनिक आइटम आदि के अलावा दूल्हे के लिए साफा, शेरवानी, महिला संगीत का सामान आदि खरीद रहे हैं। वहीं इस बार लोगों में इण्डो-वेस्टन ड्रेस का अधिक क्रेज दिखाई दे रहा है। सर्दी कम होने के कारण विभिन्न आयोजनों के लिए अलग-अलग पोशाक भी सिलवा रहे हैं।

### जिला मुख्यालय पर तीन सौ विवाह

अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा सूत्रों के तहसील अध्यक्षों के सर्वे के अनुसार जिले भर में बसंत पंचमी पर दो हजार व जिला मुख्यालय पर तीन सौ से अधिक शादियां होगी।

# विद्यार्थी जीवन में बसंत पंचमी का विशेष महत्व



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयो में शनिवार को बसंत पंचमी पर्व मनाया। बच्चों ने सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत कर भजनों की प्रस्तुति दी। अध्यापको ने खा कि ज्ञान की देवी सरस्वती का जन्मोत्सव बसंत पंचती का विद्यार्थी जीवन में बहुत महत्व है। इस दिन विद्यार्थी, ज्ञान, बुद्धि, कला की देवी मां सरस्वती की सच्ची आराधना करें। पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई कर सफलता प्राप्त करें। इस मौके पर सजीव झांकियां सजाई गईं। निजी विद्यालयो में वसंत पंचमी के अवसर पर विद्या आरंभ व उपनयन संस्कार करवाया गया। इस मौके पर सात बालकों का उपनयन संस्कार किया। पाटी पूजन कार्यक्रम किया गया। इस दौरान नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के द्वारा पाटी पूजन की रस्म की गई। कई विद्यालयो में मातृ-पितृ दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयो में अनेक प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार 3 फरवरी को विद्यालय में सूर्य नमस्कार किया जाएगा। जिसके लिए छात्र-छात्राओ को सामूहिक सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया।

# नर्सिंग अधीक्षक बनने पर नकवी को बधाई देने वालो का लगा तांता

## नकवी बंधु मालपुरा क्षैत्रवासियो के लिए बन चुके हैं सेवा का पर्याय



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा निवासी आफाक नकवी के सवाईमानसिंह अस्पताल में नर्सिंग अधीक्षक के पद पर नियुक्ति मिलने पर नकवी को बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। मालपुरा निवासी नर्सिग अधिकारी असफाक नकवी के लघु भ्राता एवं आर इण्डिया नर्सिंग एसोशियसन के पदाधिकारी आफाक नकवी को सवाईमानसिंह अस्पताल जयपुर के नर्सिंग अधीक्षक पद पर पदौन्नति के माध्यम से नियुक्ति मिली है। गौरतलब है कि सवाईमानसिंह अस्पताल जयपुर से नर्सिंग अधिकारी के पद से सेवानिवृत असफाक नकवी की तरह की आफाक नकवी भी एसएमएस अस्पताल जयपुर में नर्सिंग के पद पर कार्यरत हैं। दोनो भाई मालपुरा वासियो के लिए सेवा का पर्याय बन चुके हैं। अपनी सेवानिवृति के बाद भी असफाक नकवी जयपुर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यो के लिए मालपुरा वासियो के लिए सदैव रहते हुैं। ठीक इसी तरह आफाक नकवी भी मालपुरा क्षैत्रवासियो की सेवा करने के लिए हर समय तैयार रहते हैं। मालपुरा क्षैत्र के लोगो को जैसे ही जानकारी मिली कि सेवा का पर्याय बन चुके हमारे क्षैत्र के लाड़ले आफाक नकवी सवाईमानसिंह अस्पताल जयपुर के नर्सिंग अधीक्षक के पद पर नियुक्ति मिल गई है। इसी के साथ क्षैत्रवासी खुशियो से सरोबार होकर कोई उनके भ्राता असफाक नकवी को तो कोई दूरभाष से आफाक से सम्पर्क कर बधाई दे रहे हैं। इन दोनो भाईयो के बारे में मालपुरा क्षैत्र में कहा यही जाता है कि मालपुरा क्षैत्रवासियो के हर काम के लिए सदैव तैयार रहते हैं।

अपने सेवा कार्य में दोनो नकवी भाई न दिन देखते और न रात। यदि मालपुरा क्षैत्रवासी ने रात को भी अपनी पीड़ा नकवी बंधुओं को बताई है तो अपने सारे का छोड़कर नकवी बंधु मालपुरा क्षैत्रवासियो की सेवा करने से कभी पीछे नहीं हटते।

# जलदाय मंत्री ने किया होटल का शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के व्यास सर्किल के पास मुख्य सड़क किनारे नानूलाल चौधरी, शैलेन्द्र चौधरी व राजेन्द्र चौधरी द्वारा नवनिर्मित एवरीडे क्लब होटल, कैफे एण्ड रेस्टोरेन्ट का प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने फीता काटकर कर शुभारम्भ किया। शनिवार को शुभारम्भ अवसर पर आयोजित समारोह में मौजुद प्रबुद्धजनो को सम्बोधित करते हुए जलदाय मँत्री चौधरी ने कहा कि व्यापार, व्यवसाय या धंधा कोई भी हो जबे तक ईमानदारी व समर्पण भाव से काम नहीं किया जाता जब तक सफलता नहीं मिलती। इसलिए होटल मालिको को चाहिए कि अपने व्यवसाय कों ऊंचाईयों पर ले जाने व सफलता प्राप्त करने के लिए काम के प्रति पूरी तरह से समर्पण और ईमानदारी बरते। चौधरी ने यह भी कहा कि वे चौधरी परिवार को अच्छी तरह जानते हैं और यह परिवार अपने काम के प्रति पूरी निष्ठा, ईमानदारी व समर्पण रखते हैं। साथ ही यह परिवार शालीनता के लिए भी जाना जाता है। इस मौके पर सम्मानीय अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट राजकुमार जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन मौजुद रहे। इन सभी अतिथियो का आयोजक चौधरी परिवार की ओर से जोरदार स्वागत सम्मान किया गया। वहीं अंत में जलदाय मंत्री चौधरी ने होटल का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर शुभारम्भ किया।

साथ ही समूचे होटल परिसर का अवलोकन कर मालिक परिवार को धन्यवाद दिया।

# कल्याण किसान सेवा समिति की ओर से ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** कल्याण किसान सेवा समिति की ओर से जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को ज्ञापन सौंप कर मालपुरा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलो को रोडवेज बस सेवा से जोड़े जाने की मांग की है। शनिवार को जलदाय मंत्री चौधरी के मालपुरा प्रवास के दौरान किसान महासंघ के अध्यक्ष कैलाश गुर्जर एवं समिति अध्यक्ष जगदीश शर्मा के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जयपुर से डिग्गी कुरथल, देशमां देशमी, सदरपुरा होते हुए मालपुरा तक, टोंक से डिग्गी, कुरथल, देशमां देशमी, सदरपुरा होते हुए मालपुरा तक, दूदू से पचेवर, मलिकपुर, बाछेड़ा, कुरथल, देशमां, देशमी सदरपुरा होते मालपुरा तक, मालपुरा से सोड़ा, राणोली से सोड़ाबावड़ी, सीतारामपुरा होकर जयपुर तक, मालपुरा से टोरड़ी, डूंगरीकला, कलमण्डा नानेर होकर टोंक तक, मालपुरा से सदरपुरा, देशमां, देशमी, कुरथल, पीपल्या, चावण्डिया चौसला होकर जयपुर तक, मालपुरा से हाथकी, राजपुरा, कचोलिया, सोटवाड़ा, मोरला, थड़ी, आवड़ा होते दूदू तक सहित अन्य 7 अन्य ग्रामीण क्षेत्रो के रूटो पर रोडवेज की बसे संचालित करने की मांग की गई है।

# सामूहिक सूर्य नमस्कार कल

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा के खेल प्रांगण में 3 फरवरी सोमवार को प्रात: 9 बजे सूर्य सप्तमी के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रधानाचार्य अलका पारीक ने बताया कि शाला विकास एवं प्रबन्धन समिति की अभिशंषा के अनुसार आयोजित इस कार्यक्रम में मालपुरा शहर के सभी सरकारी व नीजि शिक्षण संस्थानो के साथ साथ मालपुरा की समाजसेवी, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्य व शहर के गणमान्य नागरिक मौजुद रहेगें।

# नवगठित लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका क्षैत्र का हुआ सीमा विस्तार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा क्षैत्र की नवगठित लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका के क्षैत्र का सीमा विस्ताार किया गया है। राज्य के स्वायत शासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार नवगठित लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका क्षैत्र का सीमा विस्तार किया गया है। विस्तारित सीमा क्षैत्र में ग्राम पंचायत आंटोली के राजस्व ग्राम सुवादियाड़ी, अडूस्या का सम्पूर्ण सीमा क्षैत्र, ग्राम पंचायत देवल के राजस्व ग्राम प्राचीन चतरपुरा, दण्ड की ढाणी, आसन जोगियान, नवीन चतरपुरा,आसन जोगियान छोटी का सम्पूर्ण क्षैत्र तथा ग्राम पंचायत बागड़ी कें राजस्व ग्राम गणेशपुरा, व बड़गांव के सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षैत्र को नगरपालिका लाम्बाहरिसिंह की सीमा क्षैत्र में शामिल किया गया है।

# विधायक रामसहाय वर्मा ने कृषि महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का किया अवलोकन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** केरोद मोड पर स्थित कृषि महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का विधायक रामसहाय वर्मा ने अवलोकन करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रामस्वरूप मीणा ने बताया कि विधायक रामसहाय वर्मा ने कृषि महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का अवलोकन करते हुए भवन के निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी ली व भवन का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन भवन कम्पलिट होने पर इसी शिक्षा सत्र में कृषि महाविद्यालय संचालित किया जाना है। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नियमानुसार नवसृजित कृषि महाविद्यालय के लिए 30 हेक्टेयर या इससे अधिक भूमि की आवश्यकता होती है। झिलाय रोड पर कृषि महाविद्यालय के लिए 20 बीघा भूमि को उपखंड प्रशासन ने चिह्नित किया है। उन्होंने बताया कि कृषि महाविद्यालय के कृषि अनुसंधान फार्म हरिपुरा में लगभग 8 हेक्टर कृषि भूमि है। जिस पर वर्तमान में कृषि कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि महाविद्यालय भवन के साथ साथ बालिका छात्रावास, ब्वॉय छात्रावास, अनुसंधान केंद्र व कृषि वैज्ञानिक प्रयोगशाला सहित कृषि पर विभिन्न रिर्सच सेंटर संचालित होंगे। इस अवसर पर बुधराम मीणा, आशाराम डोई, सियाराम शर्मा खेडा, हनुमान गुर्जर, नवरत्न शर्मा सोहेला व जगदीश चौधरी हाडीकलां मौजूद थे।

# हिंगोटिया में श्रीमद् भागवत कथा को लेकर निकाली भव्य कलशयात्रा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** गांव हिंगोटिया में सीतारामजी के मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन पंडित गिरिराजप्रसाद शर्मा के सानिध्य में किया गया। जिसका शुभारंभ विशाल कलशयात्रा के साथ हुआ। कलशयात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। रघुनाथ महाराज मंदिर समिति के अध्यक्ष व पूर्व सरपंच सूरजकिरण तिवाडी ने बताया कि हिंगोटिया में पंडित गिरिराजप्रसाद शर्मा के सानिध्य में श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा के साथ किया गया जिसमें 121 महिलाओं ने कलश धारण कर कलशयात्रा में शामिल हुई।

कलशयात्रा बालाजी के मंदिर से पूजा अर्चना के साथ रवाना हुई जो गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल श्री सीताराम जी के मंदिर में पहुंची जहां पर विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के साथ कलशों की स्थापना की गई। श्रीमद् भागवत कथा कथा वाचक पंडित गिरिराज शर्मा ने श्रीमद् भगवत कथा का महात्मय बताते हुए भगवान राम जन्म, राम विवाह व रामचरित्र सहित कई प्रसंगों पर विस्तार से कथा का वाचन किया।

# बालगृह, राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह का मासिक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने शुक्रवार को त्रिनेत्र बालगृह तथा राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण किया । गौतम ने इस दौरान आवासित बालकों एवं बाल अपचारियों को प्रदान भोजन की मात्रा एवं गुणवत्ता, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं, आवासित बालकों एवं बाल अपचारियों की काउंसलिंग हेतु परामर्शदाता, उनके पूरे दिन का शेड्यूल, रसोईघर, स्नानघर एवं शौचालय की साफ-सफाई आदि के संबंध में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दौराने निरीक्षण त्रिनेत्र बालगृह में 16 बालक तथा राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह में 10 बाल अपचारी उपस्थित पाये गये । दौराने निरीक्षण त्रिनेत्र बालगृह के कमरों तथा बरामदे की साफ-सफाई सही पाई गई किन्तु रसोईघर में रखा फ्रिज एवं उपयोग में लिये जाने वाले बर्तन अत्यन्त गन्दे पाये गये। इस संबंध में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा त्रिनेत्र बालगृह के संचालक हरीश उपाध्याय को रसोईघर में साफ-सफाई रखने, आवासित बालकों को पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाने के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह में बाल अपचारियों को प्रदान भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाएं तथा रसोईघर, स्नानघर एवं शौचालय की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। दौराने निरीक्षण राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह में प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अरविन्द कुमार, राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह के अधीक्षक विमलेश शर्मा, काउंसलर गिर्राज प्रसाद शर्मा एवं अन्य स्टाफकर्मी तथा त्रिनेत्र बालगृह में अधीक्षक माया शर्मा, काउंसलर अपर्णा शर्मा, सहायिका वीणा उपाध्याय एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रोजगार सहायता शिविर, 263 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय सवाई माधोपुर के द्वारा रोजगार सहायता शिविर का आयोजन शुक्रवार को जिला रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर सवाई माधोपुर में किया गया। सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय विवेक भारद्वाज ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की 17 कम्पनी/संस्थानों द्वारा बेरोजगार युवकों का साक्षात्कार लेकर 263 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया। शिविर में विभिन्न राजकीय विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के 82 आवेदन पत्र मौके पर ही तैयार करवाएं गए। साथ ही राजस्थान कौशल एवं राजीविका विकास निगम सवाई माधोपुर द्वारा 89 बेरोजगार युवाओं के प्रशिक्षण के लिए आवेदन पत्र तैयार करवाए गए।

# बेटियां शर्मसार: ना बैठने को पर्याप्त कमरे, ना ही बंद टॉयलेट

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय का मामला

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में बालेर क्षेत्र में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बहरावण्डा कलां का अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्कूल जाने वाली बेटियों को शर्मसार कर रहा है। स्टेट हाईवे 123 पर बिजली पावर हाउस के पास स्थित यह विद्यालय को सरकार ने अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित तो कर दिया, लेकिन यहां बैठने को न तो पर्याप्त कमरे हैं और न ही बंद टॉयलेट। मूलभूत सुविधाओं को लेकर आ रही परेशानी के चलते वे स्कूल आने से भी कतराती हैं। इस समस्या को लेकर अभिभावक कई बार स्कूल प्रशासन के समक्ष रोष जता चुके हैं, लेकिन अधिकारियों की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बता दें कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बहरावण्डा कलां में ग्राम पंचायत बहरावण्डा कलां व आसपास क्षेत्र की बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करने प्रतिदिन विद्यालय आती हैं। लेकिन यहां इन्हें खुले चोक या बरामदे में बैठना पडता है। वहीं यहां बने टॉयलेट की दीवार की उंचाई साढ़े चार फीट की है। इसी के पास सड़क निकल रही है, जहां से बस व अन्य कई वाहन गुजरते हैँ। ऐसे में बालिकाओं को यहां जाने में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि विभाग, विद्यालय की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए सुनवाई नहीं करेगा तो सभी ग्रामवासी मजबूर होकर विद्यालय की तालाबन्दी कर देंगे।

### पर्याप्त नहीं भवन, कई बार विभाग को लिखा

एसएमसी सदस्य महावीर भगत (तिवाडी) ने बताया कि विद्यालय में वर्तमान में संचालित कक्षाओं के हिसाव से भवन पर्याप्त नहीं है। पूर्व में एक दो कमरे बने थे, जिनमें से कुछ की तो पट्टियां टूटकर गिर चुकी हैं। इसके अलावा पेशाब घर की दीवारें अधिक ऊंची नहीं होने से बच्चियों को परेशानी होती है। भगत ने बताया कि भवनों की कमी और पेशाब घर की दीवारों की ऊंचाई बढाने के लिए विभाग को वे कई बार लिख चुके हें। लेकिन सुनवाई नही हो रही है। हमें भवन की कमी के संबंध में सूचनाएं प्राप्त हुई है। उन सभी सूचनाओं को हमने हमारे कार्यालय से उच्च अधिकारियों को भेज दिया है। पेशाब घर की दीवारों को तो स्कूल विकास कोष से सही करवा दिया जाएगा।

# जिला कलक्टर ने अलवर टाइगर मैराथन के रूट का निरीक्षण कर जायजा लिया

## मैराथन के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शनिवार को सांसद खेल उत्सव के तहत 9 फरवरी को आयोजित होने वाली अलवर टाइगर मैराथन के रूट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं जायजा लिया। जिला कलक्टर ने प्रताप ऑडिटोरियम, भवानी तोप से शांतिकुंज की तरफकी सड़क से होते हुए कटी घाटी से अहिंसा सर्किल, परशुराम सर्किल घोड़ा फेर का चौराहा होते हुए प्रताप ऑडिटोरियम तक के मैराथन रूट का प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि प्रताप ऑडिटोरियम के पास पब्लिक टॉयलेट के आसपास साफसफाईए मैराथन के दौरान मोबाइल टॉयलेट खड़ा करनेए बैरिकेटिंग कराने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही निर्देश दिये कि रूट में आने वाले खाली प्लॉट की सफाई कराने व उनके मालिकों को प्लॉट की साफसफाई के लिए पाबंद करेंए शांतिकुंज सडक के किनारो से सीएनडी वेस्ट हटवाने तथा अहिंसा सर्किल के पास से झाड़िया व कचरा हटवाने के निर्देश दिए । उन्होंने यूआईटी की सचिव को इंदिरा गाँधी स्टेडियम व प्रताप ऑडिटोरियम रोशनी आदि की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि पुलिस मैराथन रूट पर बेरीकेट हेतु जगह चिन्हित करें तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस जाप्ता लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि रूट के अंतर्गत आने वाली क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत व पेचवर्क आदि का कार्य करावे। उन्होंने सीएमएचओ को मैराथन के दौरान मेडिकल टीम व चिकित्सकीय स्टाफकी व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अलवर जिले में पर्यटन की असीम सभावनाए के मद्देनजर अलवर के पर्यटन को प्रमोट करने तथा यहाँ के युवाओं को खेलों से जोड़कर उन्हें बेहतर प्लेटफार्म देने के उद्देश्य से अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत अलवर टाइगर मैराथन का आयोजन करा रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में खिलाडी भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि 9 फरवरी को शहर में 21 किमी की मैराथन आयोजित होगी। उसके सफल व सुव्यवस्थित आयोजन सम्पन्न कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए है।उल्लेखनीय है कि अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत 9 फरवरी को अलवर टाइगर मैराथन आयोजित होगी, 6 फरवरी को छठी मील सिरमोली रोड जहरखेडा स्थित माउंट लिटेरा जी स्कूल में क्रिकेट का सेमीफाइनल पुरूष और महिला आयोजित होगाए 7 फरवरी को इसी स्थान पर क्रिकेट का फाइनल पुरूष और महिला आयोजित होगा तथा इंदिरा गांधी स्टेडियम में ग्रुप गेम्स पुरूष और महिला भी आयोजित होंगेए 8 फरवरी को ग्रुप गेम्स, एथलेटिक्स और कुश्ती का फाइलन पुरूष और महिला का समापन समारोह आयोजित होगा जिसमें खिलाडियों को पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। मैराथन में भाग लेने हेतु पंजीकरण 2 फरवरी तक कराया जा सकता है क्यूआर कोड स्कैन कर पंजीकरण कराया जा सकता है। इ स दौरान एडीएम शहर बीना महावर, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## बजट पर प्रतिक्रियाएं

### राजनीतिक स्वार्थ का बजट : जूली

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने केंद्र की मोदी सरकार के 2025-26 के लिए पेश किए गए बजट को जनहित का नहीं बल्कि राजनीतिक स्वार्थ का बजट करार दिया है। जूली बोले वित्त मंत्री ने चार इंजनों की बात कही जो इस बजट में पूरी तरह से पटरी से उतर गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है यह भारत सरकार का नहीं बल्कि बिहार सरकार का बजट हैएबजट में बिहार को घोषणाओं का खजाना मिल गया वहीं राजस्थान फिर एक बार खाली हाथ रहा। उन्होंने कहा कि यह किसान विरोधी बजट हैएदेश का किसान अपने अधिकारों के लिए लड़ रहा है इस बजट में किसानों का जिक्र तक नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली और बिहार में चुनाव होने वाले हैं इसलिए बजट में दिल्ली के मतदाताओं को लुभाने और बिहार की जनता को सौगात दी गई है। उन्होंने बजट में दी गई टैक्स की छूट को भी भ्रामक बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट जन आकांक्षाओं पर कुठाराघात है केवल इस बजट में आंकड़ों की बाजीगरी की गई है।

### लॉलीपोप छाप बजट : पूर्व केन्द्रीय मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार के 2025 . 26 के लिए पेश किए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बैसाखियों पर चल रही केंद्र सरकार ने स्थिर रहने के लिए देश के अन्य राज्यों के विकास को दांव पर लगा दिया है। उन्होंने कहा कि आज का बजट पिछले 10 सालों का सबसे कमजोर बजट है। उन्होंने कहा कि देश को डूबाने वाले इस बजट में मध्यमए निम्न वर्गए गरीब और किसानों के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव होने हैं इसलिए इस बजट में सपने बेचने का काम जरूर किया गया है। उन्होंने कहा कि देश के किसानोंए मजदूरोंए गरीबों और युवाओं के जो हालात हैं, महंगाई की मार से वह पीस रहे हैं उनके लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की जनता को बजट के नाम पर फिर एक बार केंद्र सरकार ने लॉलीपॉप थमा दी है।

## अवैध शराब तस्करी को लेकर पुलिस थाना कोटपूतली की बड़ी कार्यवाही

### पंजाब-चण्डीगढ़ निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन कर रहे टाटा कन्टेनर, एस्कॉर्ड करने वाले वाहन ईको कार को किया जप्त



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करते हुये 06 जनों को गिरफ्तार कर 40 लाख रूपये किमत की अवैध अंग्रेजी शराब जप्त की है। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि विश्वसनीय सूत्रों की सूचना पर विगत गुरूवार 30 जनवरी की रात्रि को पंजाब-चण्डीगढ़ निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्राण्डों से भरे हुये टाटा मिनी कन्टेनर नम्बर एच आर 55 ए जे 0761 व उक्त वाहन को एस्कॉर्ड कर रही गाड़ी ईको कार नम्बर एच आर 81 बी 7352 को जप्त कर विभिन्न ब्राण्डों की कुल 246 शराब की पेटियां जप्त की। जिनकी बाजार किमत करीब 40 लाख रूपये है। साथ ही शराब का परिवहन कर रहे 06 अभियुक्त क्रमश- मनोज कुमार (26) पुत्र करण सिंह राजपूत, राहुल (23) पुत्र नरेश सिंह राजपूत, बिजेन्द्र (27) पुत्र विक्रम सिंह राजपूत, राकेश (27) पुत्र अशोक सिंह राजपूत चारों निवासी फिरोज नगर, राजगढ़ (रामपुरा) जिला रेवाड़ी, हरियाणा व कुलदीप (40) पुत्र मातादीन उर्फ लीलाराम राजपूत निवासी मौहल्ला बंगलावाला, वार्ड नं. 10, राजगढ़ (रामपुरा) जिला रेवाड़ी, हरियाणा एवं प्रसन्न कुमार (28) पुत्र लहरी राम मेघवाल निवासी गोगा जी मंदिर के पास राजगढ़ (रामपुरा) जिला रेवाड़ी, हरियाणा को गिरफ्तार किया है।

## फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में सत्र 2024-25 में बोर्ड कक्षा में भाग लेने वाले कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को विद्यालय के जूनियर विद्यार्थियों की तरफ से फेयरवेल पार्टी दी गई। जिसमें कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय प्रांगण में हवन के साथ किया गया। जिसमें पं. अनिल शर्मा व केशव शर्मा द्वारा यज्ञ किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने आहुति दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य बिंदु सांगवान ने कहा कि हमें अपनी जिंदगी को संवारने के लिए वक्त मिलता है, लेकिन वक्त को संवारने के लिए जिंदगी दोबारा नहीं मिलती है। इसलिए जहां भी जाएं वहां अपने परिश्रम एवं जीवन मूल्यों के साथ ऊंचाइयां हासिल करें। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप अच्छे से पढ़ाई करके अपना भविष्य बनाएं। फेयरवेल पार्टी में छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। संचालन छात्रा प्रिया ने किया।

## बसंत पंचमी पर गायत्री परिवार की ओर से होगा कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर बसंत पंचमी पर दो दिवसीय आयोजन किए जाएगें। प्रात: 6 बजे से 2 फरवरी 2025 प्रात: 6 बजे तक 24 घंटे अखंड गायत्री जप होगा। गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर शाम 4 बजे दीप यज्ञ होगा।

## बिगड़ती लाइफस्टाइल के कारण लगातार बढ़ रहें मोटापे और गंभीर बीमारियों के मामले

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** बिगड़ती लाइफ स्टाइल और असंतुलित खानपान के कारण लगातार मोटापे और गंभीर बीमारियों के मामले बढ़ रहें हैं।

हेल्थ एंड वेलनेस कोच राहुल सिंह पंवार ने बताया कि लोग अपने जीभ के स्वाद के लिए चाइनीस फूड और फास्ट फूड जैसे उत्पादों को अपनी डाइट में अधिक शामिल कर रहे हैं वही ऐसे उत्पादों को बढ़ावा दे रहे हैं जिनमें न्यूट्रीशन की मात्रा ना के बराबर है या बहुत ही कम हैए हाई प्रोसेस से बने हुए इन खाद्य उत्पादों से लगातार मानव जीवन प्रभावित हो रहा है।

**प्रधानमंत्री ने लगातार बढ़ रहें मोटापे पर जताई चिंता :** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पर भारत में लगातार बढ़ रहे हैं मोटापे के केसों को देखकर चिंता व्यक्त की है और लोगों से संतुलित खान.पान और व्यायाम करने की अपील भी की है। वहीं वेलनेस कोच राहुल सिंह पंवार बताते हैं कि प्रधानमंत्री के फिट इंडिया के मिशन से जुड़कर लोगों को बॉडी फिटनेस के लिए 80 प्रतिशत संतुलित खानपान और 20 प्रतिशत एक्सरसाइज, पानी और भरपूर नींद को अपनी जीवन शैली में अपनाना चाहिए। साथ ही यह भी जरूरी है कि आप अपने पूरे दिन भर की डाइट में क्या-क्या चीज सम्मिलित कर रहे हैं।

**मोटापा कम करने के लिए क्या करें :** मोटापा कम करने के लिए हाई लेवल प्रोसेस्ड फूड अत्यधिक मीठा युक्त खान.पान और अधिक कैलोरी वाले खाद्य उत्पादों को कम करके और खानपान में मिश्रित अनाज, हरी सब्जियां, ताजे फल और न्यूट्रीशन युक्त भोजन सम्मिलित कर विशेष कोच की देखरेख में मोटापे को कम कर सकते हैं। क्योंकि मोटापा बिगड़ती हुई लाइफस्टाइल और असंतुलित खानपान के कारण हमारे शरीर में अनावश्यक फैट के रूप में जमा होने लगता है और धीरे-धीरे गंभीर बीमारियों जैसे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायरॉयडइ एवं कैंसर जैसी बीमारियों को बढ़ावा देता है।



इसलिए लोगों को अपनी डाइट में संतुलित खानपान और व्यायाम को सम्मिलित करके लाइफस्टाइल को ठीक करना चाहिए जिससे आगामी समय में गंभीर बीमारियों के खतरों से बचा जा सके।

**राहुल पंवार -हैल्थ एंड वेलनेस कोच**

## कबड्डी में रामबास फस्ट, दौड़ में मीनाक्षी चौधरी रहीं विजेता



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नेहरू युवा केन्द्र अलवर माय भारत विभाग एवं युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एसडीम ऑफिस के सामने खेल मैदान में फिट इंडिया फिटनेस क्लब कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय युवा ब्लॉक समन्वयक अनिल कुमार ने बताया कि 15 वर्ष से 29 वर्ष बालक वर्ग मे कबड्डी में रामबास फस्ट विजेता रहीं। पीटीआई पवन कुमार सहारण ने फीता काटकर शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में अतिथि पीटीआई पवन सहारण,मधु खंडेलवाल समाजसेवी, प्रदीप महोलिया सहायक प्रोफेसर खेल प्रभारी गोविंदगढ़ कॉलेज रहें। कबड्डी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता मे रामबास युवा मण्डल फस्ट की टीम ने प्रथम और रोणपुर युवा मण्डल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम और खिलाड़ियो को नेहरू युवा केंद्र की तरफ से प्रमाण पत्र और टीशर्ट भेंट कर सम्मानित किया गया विजेता खिलाड़ियों को जिला स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा।

रस्साकसी में माही सिमरन टीम गवर्नमेंट कॉलेज गोविंदगढ़ की छात्राएं विजेता रही उपविजेता पैराडाइज स्कूल की छात्राएं रही। निर्णायक कोच पवन कुमार सहारण पीटीआई, देवेंद्र मीणा जी,प्रदीप कुमार आर्य एवं पावन मीणा रहे। प्रतियोगिता का संचालन देवेंद्र मीणा और पुष्पेंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर खेल प्रभारी अनिल कुमार, समाजसेवी मधु खंडेलवाल, प्रदीप महोलिया प्रोफ़ेसर,पवन पीटीआई , अभिषेक,प्रेम शर्मा, छवि, सिमरन सहित प्रतिभागी खिलाड़ी मौजूद रहें।

रोटरी का शानदार प्रयास

## एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत स्कूली बच्चियों के हीमोग्लोबिन की जाँच कर की दवा वितरण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शनिवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मन्नी का बड में हीमोग्लोबिन जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। रोटरी क्लब अलवर और आईडीबीआई बैंक के सहयोग से किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रिन्सिपल महादेवी परेवा,क्लब अध्यक्ष दीपक कट्टा द्वारा किया गया। आईपीजीडी पवन खण्डेलवाल, होपवेल नर्सिंग एवं फार्मेसी कॉलेज के डायरेक्टर एवं क्लब से विकास गुप्ता,प्रोजेक्ट चेयर सुमन यादव ने एनीमिया के बारे में जानकारी दी और एनीमिया से बचने के उपायों पर रोशनी डाली। कैम्प में 150 छात्राओं के हीमोग्लोबिन की जांच की गई और जिनका हीमोग्लोबिन कम पाया गया उन्हें दवा वितरित की गई । कैंप में स्कूल की शिक्षिकाओं एवं क्लब के सचिव मुकुंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष बी.डी. अग्रवाल, बबीता कट्टा, हर्ष गुप्ता का योगदान रहा। कैम्प में होपवेल नर्सिंग एवं फार्मेसी कॉलेज के स्टाफ का बच्चों की हीमोग्लोबिन जांच में सहयोग रहा।



## एलर्जी एक असाध्य रोग नहीं, बल्कि सुझाव और परामर्श जरुरी : रावत

बढ़ता राजस्थान

### रावत ने आँख और एलर्जी अस्पताल का किया उद्घाटन



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित माहेश्वरी आँखों एवं एलर्जी अस्पताल का उदघाटन पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने किया। इस मौके पर बोलते हुए पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि आँख है तो जहाँन है नहीं तो दुनियां बेगान है। उन्होंने श्लोक को समझाते हुए कहा कि यदि आँख सही सलामत है तो हम दुनियां को देख सकते हैं यदि यही सलामत नहीं तो लोगों द्वारा बताने पर अनुभव कर सकते हैं। रावत ने कहा एलर्जी कोई असाध्य रोग नहीं है, सिर्फ हम परामर्श से भी इसका छुटकारा पा सकते हैं। आज जिस अस्पताल परिसर में आप सब लोग बैठे हैं वह इसी के लिए है। उन्होंने कहा कि मेरे बानसूर में ऐसी चिकित्सा पद्दित को लाने के लिए माहेश्वरी अस्पताल के निदेशक और स्टॉफ को धन्यवाद देती हूँ। इस मौके पर डॉ राहुल गुर्जर, डॉ पूजा वर्मा, डॉ गोविन्द यादव, डॉ एस.एस.यादव,प्रधान सुमन सुभाष यादव, नरेश गोलिया, नगर पालिका के मनोनीत पूर्व पार्षद नरेश सैन, रोशनलाल सैनी, अमरसिंह चौधरी, ओमप्रकाश मोगर, योगेश यादव, मुकेश सैनी, साँवत चनेजा, हवासिंह सहित काफ़ी संख्या में गणमान्य लोग और आँखों और एलर्जी के रोगी मौजूद रहे। जिनकी नि:शुल्क जाँच की गई।

## श्रीयादे माता की भव्य शोभा यात्रा व कलश यात्रा निकाली


बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** निकटवर्ती ग्राम पूतली में कुम्हार प्रजापत समाज की आराध्य कुल देवी श्रीयादे माता की भव्य शोभा यात्रा व कलश यात्रा बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाली गई।

शोभा यात्रा का शुभारम्भ अध्यक्ष ताराचंद वर्मा ने श्रीयादे माता के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर व आरती उतार कर किया। इस मौके पर सर्व समाज की 151 महिलायें अपने सिर पर कलश लेकर ठाकुर जी महाराज मंदिर से चलकर करीब 1.5 किलोमीटर की यात्रा कर सेड़ माता मन्दिर पहुँची। जहां कलश यात्रा का विसर्जन किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष ताराचंद वर्मा, कालूराम प्रजापति, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापति, महेंद्र गुप्ता, विक्रम कसाना, नरेश कसाना, श्योराम प्रजापत, पूर्ण भगतजी, बसंताराम प्रजापत, रामेश्वर प्रजापत, गोपाल प्रजापत समेत अन्य मौजूद रहे।

जिला पुलिस ने की शानदार कार्रवाही

## विभिन्न मामलों में फरार 218 बदमाशों को दबोचा, 259 पुलिसकर्मियों की 53 टीमों ने 204 स्थानों पर दी दबिश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रेंज आईजी जयपुर अजय पाल लांबा द्वारा चलाए जा रहे एक दिवसीय एरिया डोमिनेशंस अभियान के तहत जिले में 259 पुलिसकर्मियों द्वारा अलग-अलग 53 टीमों के द्वारा 204 स्थान पर दबिश देकर कुल 218 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन की टीम की इस कार्यवाही से अपराधियों में हड़कंप मच गया। संजीव नैन जिला पुलिस अधीक्षक अलवर ने जानकारी देते हुए बताया कि महानिरीक्षक पुलिस,जयपुर रेंज, जयपुर के निर्देशानुसार शनिवार को एक दिवसीय चलाये गये एरिया डॉमिनेन्श अभियान के दौरान अलवर जिले में ऐसे सक्रिय अपराधी जो अवांछित गतिविधियों में लिप्त रहते हैं, क्षेत्र वासियों में भय पैदा करते हैं, हार्डकोर अपराधियो उदघोषित अपराधी, स्थाई वारन्टी, भगौड़े, ईनामी अपराधी, 173 (8) सीआरपीसी, 299 में वांछित अपराधी, हिस्ट्रीशीटर मुकदमों में वांछित अपराधी, अवैध फायर आर्म्स, मादक पदार्थों में लिप्त अपराधियों पर कार्यवाही करते हुए अलवर पुलिस द्वारा कुल 218 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# केन्द्रीय बजट को कोटा शहर के कुछ दिग्गजों ने जमकर सराहा, कहा- विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ेगी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को नरेन्द्र मोदी की सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट 2025-26 पेश किया। कोटा शहर के कुछ दिग्गजों की इस बजट पर ऐसी प्रतिक्रिया सामने आई है।

## रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा...सबका रखा ध्यान, आमजन को सौगातों की बहार


राजेश कृष्ण बिरला

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट प्रेसिडेंट एवं कोटा नागरिक बैंक अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने अपनी बजट प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह देश की आकांक्षाओं का बजट है। इसे मध्यम वर्ग के सपनों को साकार करने वाले बजट कहा जा सकता है। बजट में बचत से निवेश की अनेक घोषणा है। 12 लाख तक कर मुक्त आय देकर मध्यवर्ग की आर्थिक क्षमता को बढाने वाला बजट है। कैंसर, दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित रोगियों को राहत प्रदान करने के लिए 36 दवाओं के शुल्क से पूरी तरह छूट दी जाएगी। इसके अलावा 6 में दवाओं को रियायती छूट दी जाएगी।भारत में मेडिकल टूरिज्म के लिए आसान वीजा उपलब्ध करवाया जाएगा। देश के 200 जिला अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर खोले जाना स्वागत योग्य है। इस बजट में प्रस्तावित विकास, उपाय गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को ध्यान में रखकर किया गया है।

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना स्वागत योग्य

कोटा-बूंदी दूध उत्पादक सहकारी संघ व भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने बजट-2025 को हर क्षेत्र के लिए श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट बताया है। किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला और बच्चों की शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य से लेकर निवेश व बुजुर्गों का ध्यान इसमें रखा गया है। बजट में राज्यों की भागीदारी के साथ 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना'की गई है। इसके अंतर्गत 100 जिलों को शामिल किया गया है, जहां उत्पादन में वृद्धि, फसल विविधता अपनाने, फसल कटाई के बाद भंडारण बढ़ाने, सिंचाई की सुविधाओं में सुधार करने, दीर्घ-अवधि और लघु-अवधि, ऋण की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इससे 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलने की संभावना है।


चैनसिंह राठौड़

## यह है आत्मनिर्भर भारत का बजट

डीसीएम श्रीराम के पूर्व सीईओ और कॉरेजेस कम्युनिटी फाउंडेशन के चैयरमेन वीके जेटली ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए कहा कि ये आत्मनिर्भर भारत का बजट है ।इस बजट में मध्यम वर्गीय परिवार के साथ ही हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। वर्ष 2047 में विकसित भारत के आधारभूत ढांचे की परिकल्पना इस बजट में की गई है। इनकम टेक्स की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए करना क्रांतिकारी कदम है। किसान, मजदूर, महिला और युवा इन चारों वर्गों का बजट में पूर्ण रूप से ध्यान रखा गया है। साथ ही टूरिज्म सेक्टर को बूस्ट देने की बात कही गई है। विकास के दूसरे इंजन के रूप में एमएसएमई के वर्गीकरण मानदंड में संशोधन, सभी एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए निवेश और कारोबार की सीमा बढ़ाकर क्रमशः 2 .5 और दो गुना कर दी जाएगी।



## मिडिल क्लास के बहु प्रतिक्षित सपने हुए साकार, बजट से मिली बड़ी राहत

डिविजनल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री कोटा एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने 2025 के बजट को भारत के मिडिल क्लास के लिए एक बड़ा तोहफा बताते हुए इसका स्वागत किया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी का इसके लिए आभार जताया है। गुप्ता ने कहा-मध्यम वर्ग एवं व्यापारी को 12 लाख तक की आय एवं नौकरी पेशा मध्यम वर्ग को 12 लाख 75000 रुपए तक की आय को टेक्स मुक्त करने का हर तरफ स्वागत और अभिनंदन हो रहा है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने भी समय-समय पर केंद्र सरकार और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से स्टार्टअप और एमएसएमई के लिए ठोस और मजबूत कदम उठाने की मांग की थी, ताकि भारत विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हो सके । इस पर ध्यान देते हुए बजट में स्टार्टअप्स को 20 करोड़ तक के लोन सुविधा देने की घोषणा और वर्ष 2030 तक सभी छूट बरकरार रखने की घोषणा करना स्वागत योग्य कदम है। इसके साथ ही एमएसएमई की कारोबार सीमा में बढ़ोतरी करना तथा उनकी लोन गारंटी 5 करोड़ से सीधा 10 करोड़ तक करना बहुत ही प्रशंसनीय और दूरगामी परिणाम वाला कदम है।


राजेश गुप्ता

# फार्मर आईडी के बिना नहीं मिलेगा फसल बीमा सब्सिडी व केसीसी सम्मान निधि का फायदा

## इसमें बार-बार सत्यापन की जरूरत नहीं

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** किसानों के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत कृषि एवं इससे संबंधित विभागों के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) विकसित किया जा रहा है।

उपखण्ड अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि तहसील लाडपुरा में 5 फरवरी 2025 से ग्राम पंचायतवार फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा । इस रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों की एकीकृत और व्यापक पहचान सुनिश्चित की जाएगी, जिससे उन्हें भविष्य में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

### फार्मर आईडी होगी अनिवार्य

भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), डीबीटी, बारिश और सूखे से प्रभावित किसानों की पहचान, बेहतर नियोजन, बजट आवंटन और क्रियान्वयन के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आईडी (फार्मर आईडी) प्राप्त करनी होगी। यह आईडी किसानों की भूमि की डिजिटल पहचान बनाएगी, जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से प्राप्त कर सकें।

**शिविर में किसानों को लाने होंगे ये दस्तावेज :** फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसानों को अपना आधार कार्ड, जमाबंदी और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। बिना इन दस्तावेजों के रजिस्ट्रेशन संभव नहीं होगा।

### भूमि सत्यापन अधिकारी करेंगे दस्तावेजों का निरीक्षण

शिविर में भूमि सत्यापन अधिकारी किसानों द्वारा उपलब्ध कराए गए आधार और जमाबंदी का निरीक्षण करेंगे। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान किसान का आधार नंबर दर्ज किया जाएगा, जिसके बाद उनके आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा। यदि किसान के मोबाइल नंबर पर ओटीपी उपलब्ध नहीं होता, तो फेशियल रिकग्निशन के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद किसान की भूमि को डिजिटल रूप से अपडेट किया जाएगा और उनकी फार्मर आईडी जनरेट कर पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस से भेजी जाएगी। उपखण्ड अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि यह प्रक्रिया किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी होगी, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक सुचारू रूप से मिक सकेगा। उन्होंने किसानों से निर्धारित शिविरों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ भाग लेकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने का आहवाहन किया।


## रेलवे कॉलोनी में कार्यरत संविदा कर्मचारियों का स्वास्थ्य चेकअप

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मंडल रेल चिकित्सालय द्वारा 100 दिवसीय क्षय रोग उन्मूलन सघन अभियान चलाया जा रहा है। यह जन जागरूकता अभियान के तहत 07 दिसम्बर,2024 से 24 मार्च,2025 तक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुपर्णा सेन राय के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है। क्षय रोग उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता इत्यादि गतिविधि शामिल है। इसी कड़ी में 01 फरवरी को रेलवे कॉलोनी कोटा क्षेत्र में संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कर्मचारियों का ब्लड प्रेशर, शुगर के साथ पीएफटी एवं एक्स-रे की जाँच कर उचित चिकित्सीय उपचार और परामर्श दिया गया।

## शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला बजट : मंत्री दिलावर

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** राज्य के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने मोदी 3.0 सरकार के बजट को शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला बताया है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि बजट में समावेशी और सुलभ शिक्षा पर जोर दिया गया है। 50 हजार से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स से छात्रों के कौशल और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा। वहीं भारत नेट परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने से डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा। भारतीय भाषा पुस्तक परियोजना के तहत प्राथमिक शिक्षा की डिजिटल पुस्तकों की उपलब्धता स्थानीय भाषाओं में सीखने की प्रक्रिया को और सहज बनाएगी। मौजूदा बजट शिक्षा के डिजिटलीकरण, नवाचार और समान अवसरों की दिशा में एक मजबूत पहल है। मंत्री दिलावर ने कहा है कि, केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट में एजुकेशन सेक्टर के लिए 1 लाख 28 हजार 650 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। यह पिछले बजट की तुलना में 6.65 प्रतिशत अधिक है। स्कूली शिक्षा को मजबूत बनाने एवं शैक्षिक योजनाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से कुल शिक्षा बजट का करीब 61 प्रतिशत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को आवंटित किया है। उच्च शिक्षा विभाग को कुल बजट का 39 प्रतिशत आवंटित किया गया है। इसी क्रम में दिलावर ने आगे कहा कि, बजट में 12 लाख रुपए तक की आय को कर मुक्त करने की घोषणा क्रांतिकारी है। इससे माध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख करना भी जबरदस्त फैसला है। 'धन-धान्य कृषि योजना' के तहत 100 जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। 1.7 करोड़ किसानों को इससे लाभ होगा। अगले 5 वर्ष में मेडिकल कालेजों में सीटे बढ़ने की घोषणा से मेडिकल के विद्यार्थियों के लिए अवसर बढ़ेंगे एवं देश में चिकित्सा सुविधा में मजबूती आएगी।

## केवीपी विद्यालय में मां शारदे के वंदन के साथ धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी पर्व

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अनंतपुरा स्थित केवीपी विद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय की डायरेक्टर रीता जैन व प्रधानाचार्य सुमित जैन ने बताया कि विद्यालय में आयोजित इस समारोह में सभी विद्यार्थी पीले रंग की आकर्षक पोशाक पहन कर शामिल हुए। मां शारदे के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया व मां शारदे के वंदन के साथ ही एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। इस मौके पर सभी शिक्षकों ने बच्चों को बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन का महत्व बताया व इस दिन ऋतुराज बसंत के आगमन की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में पूर्व में आयोजित किए गए वार्षिकोत्सव के विजेता बच्चों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए।

## 6, 13 व 20 फरवरी को होगी जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई, त्वरित समाधान एवं नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराने के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत, उपखण्ड एवं जिला स्तर पर क्रमशः 6, 13 व 20 फरवरी को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 6 फरवरी को समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय या ग्राम पंचायत द्वारा चिन्हित जनसुनवाई स्थल पर आयोजित की जाएगी। उपखंड स्तरीय जनसुनवाई 13 फरवरी को पंचायत समिति या उपखण्ड अधिकारी द्वारा चिन्हित जनसुनवाई स्थल पर तथा जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 फरवरी को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की जाएगी।

### रात्रि चौपाल

जिला कलक्टर की अध्यक्षता में पंचायत समिति सुल्तानपुर की ग्राम पंचायत डूंगरज्या में 11 फरवरी को रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में लाडपुरा की ग्राम पंचायत गिरधरपुरा (डोल्या) में 18 फरवरी को एवं सुल्तानपुर की ग्राम पंचायत जालिमपुरा में 25 फरवरी को रात्रि चौपाल एवं जनसनुवाई आयोजित की जाएगी।

# मेडिकल में 5 साल में 75 हजार, आईआईटी में 6500 व मेडिकल कॉलेज में 10 हजार सीटें बढ़ने से कोटा कोचिंग को लगेंगे पंख : राकेश जैन

## जनहितैषी केन्द्रीय बजट की खुशी में भाजपा कोटा शहर ने मिठाई वितरित कर की शानदार आतिशबाजी

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( का.स. )।** केन्द्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा शनिवार को प्रस्तुत किए गए बजट को कोटा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने जनहितैषी बताया है। इस मौके पर उनके नेतृत्व में जीएमए प्लाजा के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा करते हुए आतिशबाजी कर प्रसन्नता का इजहार किया। बजट से यहां मौजूद सभी कार्यकर्ता भी काफी खुश नजर आए। सभी का कहना था कि यह युवा, किसान, महिला, व्यापारी सहित हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ राहत लेकर आया है। सभी ने शानदार बजट के लिए भाजपा कोटा शहर की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मेडिकल एवं आईआईटी में जो सीटें बढ़ी हैं, उसमें निश्चित रूप से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का पूर्ण सहयोग रहा है। इससे कोटा कोचिंग को पंख लगेंगे। कोटा में बड़ी संख्या में लोग कोचिंग संस्थानों से जुड़े हुए हैं। इस बजट से कोटा आर्थिक रूप से और मजबूत होगा। इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का भी उन्होंने आभार जताया। जैन ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 3.0 के पहले शानदार बजट से देश के नागरिकों की जेब भरेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा, देवेन्द्र राही, जिला मंत्री जयदेव सुखेजा, हरिहर गौतम, रेखा खेलवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश हरचंदानी, प्रदेश सोशल मीडिया से मयंक सेठी, एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा, सहकारिता प्रकोष्ठ से महीप सिंह सोलंकी, व्यवसायिक प्रकोष्ठ से अनिल तिवारी, अशोक बादल, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक हिमांशु सैनी, पार्षद राकेश पुटरा, ज्ञानेन्द्र सिंह आमेरा, ओबीसी मोर्चा से अमित उराडिया, अल्पसंख्यक मोर्चा से साहिल मिर्जा, मंडल अध्यक्ष से चंद्रप्रकाश महावर, नरेन्द्र मेघवाल, संजय समीर सैनी, दिनेश सरसिया, मंडल प्रतिनिधि महेन्द्र गर्ग, धर्मेन्द्र सिंह हाड़ा, कुलदीप सिंह तलवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, रिचा राव, प्रदीप राठौर, रोहित चंदेल आदि मौजूद रहे।

## कोटा विश्वविद्यालय के 'उमंग 2025' में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन का उत्कृष्ट प्रदर्शन, विद्यार्थियों ने मारी बाजी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव 'उमंग-2025' में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यू मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना रहीं। विशिष्ट अतिथि इंडियन रेडक्रॉस के स्टेट चैयरमेन राजेश कृष्ण बिरला थे। कार्यक्रम का संचालन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नीलू चौहान ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी व रजिस्ट्रार डॉ. भावना शर्मा सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

**इन प्रतियोगिताओं में मारी बाजी :** अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज व महामंत्री अनिमेष जैन ने बताया कि अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक उत्सव 'उमंग 2025' में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें ललित कला श्रेणी में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में प्रियल मेहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साहित्यिक श्रेणी की वाद-विवाद प्रतियोगिता में खुशी जैन ने प्रथम स्थान हासिल किया। संगीत प्रतियोगिता में महक पचेरिया, सीमा रावत, खुशबू गोचर, दिव्या अवस्थी, सीमा रावत और हर्षिता मीणा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऑन स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में वैष्णवी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी हिसार (हरियाणा) में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में कोटा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## बसंत पंचमी को होगा सोनोग्राफी मशीन का उदघाटन

### विधायक देवीसिंह सहित आमजन बनेंगे गवाह

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र की नगर पालिका क्षेत्र स्थित उपजिला अस्पताल में रविवार बसंत पंचमी के अवसर पर विधायक कोष से उपलब्ध सोनोग्राफी मशीन का उदघाटन विधायक देवीसिंह शेखावत करेंगे। उपजिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी राजेश यादव ने बताया कि राजस्थान सरकार की योजनान्तर्गत विधायक कोष से उपलब्ध सोनोग्राफी मशीन का विधिवत उदघाटन विधायक देवीसिंह शेखावत करेंगे। उन्होंने बताया कि आज अस्पताल परिसर में सोनोग्राफी मशीन लगा दी गई है। उदघाटन के बाद किसी गर्भवती महिला को जाँच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यह सुविधा विधायक शेखावत ने आमजन की पहल पर उपलब्ध करवाई है। किसी भी रोग से पीड़ित जिनको सोनोग्राफी की आवश्यकता है उपजिला अस्पताल में ही उपलब्ध होगी।

## डॉ. गर्ग ने केन्द्रीय बजट की सरहाना की

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** केन्द्र सरकार द्वारा पेश किये गये बजट घोषणा की पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ . सुभाष गर्ग ने सरहाना की है। डॉ . गर्ग ने बजट घोषणा की सरहाना घोषणा करते हुये कहा कि केन्द्र सरकार के पेश किये गये 12 लाख रुपये तक की इनकम पर किसी तरह का टैक्स नहीं लगाने की घोषण की सरहाना करते हुये कहा कि वित्त मंत्री द्वारा पेश किये गये बजट से विकास को रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर के लिये भी बजट में बेहतर घोषणा की गई है। इनके कल्याण के लिये इस बजट में और घोषणा और बेहतर होता।

## युवक ने फंदे से लटककर किया सुसाइड

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन ( नि.स. )।** केशोरायपाटन थाना क्षेत्र के लेसरदा गांव में युवक ने शनिवार को अपने कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना का पता तब चला जब सुबह उसका छोटा भाई चाय के लिए जगाने गया।

कमरे से आवाज नहीं आने पर राजेन्द्र ने खिड़की से झांका तो दुर्गा शंकर (38) पंखे से लटका मिला। भाई ने तुरंत कमरे की कुंडी तोड़कर उसे नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया ।केशवरायपाटन थाने के एएसआई शक्ति सिंह ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया है कि युवक नशे का आदी था। घटना के समय उनकी पत्नी दो बच्चों के साथ अपने पीहर गई हुई थी। युवक मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का पेट पालता था। सुसाइट के पीछे के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एलबीएस के प्रांगण में मां सरस्वती की आराधना के साथ मनाया बसंत पंचमी का पर्व

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** बसंत पंचमी का पावन पर्व विद्या व ज्ञान की देवी मां सरस्वती की आराधना कर के मनाया जाता है। इसी दिन से वसंत ऋतु की शुरुआत हो जाती है। प्रकृति पीले रंग की आभा से चमक उठती है। महावीर नगर स्थित एलबीएस के प्रांगण में आयोजित बसंत पंचमी पर्व को सम्बोधित करते हुए एलबीएस ग्रुप के चेयरमैन कुलदीप माथुर ने यह बात कही। एलबीएस में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एलबीएस डायेक्टर योगेन्द्र माथुर ने किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में एबलीएस बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी भिन्न-भिन्न प्रकार की रंगोलियां बनाईं। इस कार्यक्रम में डॉ. शिल्पा माथुर, सुदर्शन माथुर, डॉ. दीपशिखा नामदेव, सुरेन्द्र नागर, नीलू शर्मा, नीतू कुमावत, कृष्णा कुमारी, दिव्या गोचर, मोनिका व डॉ. दीपक सिंह भी मौजूद रहे।



# जिला कलक्टर ने अधिकारियों के साथ बस में बैठकर किया शहर का भ्रमण

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा कि आमजन को शहर में सुगम, सुरक्षित यातायात मिले एवं सड़कों के विस्तार, चौराहों के सौन्दर्यकरण तथा प्रस्तावित निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे किये जाये। इसके लिए जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने अधिकारियों की टीम के साथ बस में बैठकर शनिवार को शहर का भ्रमण कर प्रस्तावों के सम्बन्ध में निर्देश प्रदान किये।

जिला कलक्टर ने बताया कि शहर के विस्तार एवं भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधाऐं उपलब्ध हो इसके लिए आवश्यक स्थानों पर सड़कों का विस्तार एवं चौराहों का सौन्दर्यकरण कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के साथ बाइडिंग का प्लान तैयार किया जा रहा है जिससे यातायात के दबाव के समय जाम की समस्या नही रहे। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप चौराहों का सौन्दर्यकरण, स्लीप लेन के निर्माण कार्य भी हाथ में लिये जायेंगे जिससे देशी-विदेशी पर्यटकों को सुन्दर एवं सुव्यवस्थित शहर दिखाई दे। रोड़ बाइडिंग के अलावा डिवाईडरों को भी हरितमा के साथ तैयार किया जायेगा। जिला कलक्टर ने अधिकारियों के साथ कलक्ट्रेट से भ्रमण शुरू किया, यातायात चौराहे का विकास एवं दोनों तरफ स्लीप लेन निर्माण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बिजलीघर से सारस तिराहे तक फुटपाथ का निर्माण इस प्रकार कराया जाये कि पदैल चलने वाले नागरिकों को असुविधा नही हो। उन्होने सारस तिराहे पर आईलैण्ड का सौन्दर्यकरण कर आवारा गौवंश को रोकने के लिए जाली लगवाकर छोटे-छोटे पौधे लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने सारस तिराहे से हीरादास को जाने वाले मार्ग की बाइंडिंग के लिए कार्य शुरू करने, काली बगीची तिराहे से बीना महल तक रोड़ बाइंडिंग का कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कालीबगीची चौराहे, हारादास चौराहे का सुव्यवस्थित विकास का प्लान तैयार करने, हीरादास से सेवर तक के मार्ग का बाइंडिग कार्य का गुणवत्ता से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने हीरादास से रेडक्रॉस सर्किल तक, नई मंडी रोड़, स्टेशन रोड़, रीको रोड़ पर साफ सफाई एवं चौराहों का सौन्दर्यकरण, सड़कों के विस्तार के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कुम्हेर रोड़, काली बगीची से आरबीएम तक प्रस्तावित फ्लाई ऑवर का भी निरीक्षण कर सुगम यातायात के संबन्ध में चर्चा की। उन्होंने मलाह रोड़ पर जल भराव क्षेत्र में बीडीए के अधिकारियों को झील गहराई कार्य के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये जिससे आने वाले समय में जल भराव की समस्या नहीं रहे। उन्होंने घना के गेट से सलूजा अस्पताल तक सड़क बाइंडिंग कार्य का भी निरीक्षण कर कार्य को गुणवत्ता से कराने के निर्देश दिये।

इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव, सहायक पुलिस अधीक्षक पंकज यादव, आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई, भरतपुर विकास प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता योगेन्द्र वर्मा, अधिशाषी अभियंता डीपी शर्मा, सहायक अभियंता मनोज पाराशर, सीआरआरआई रविशेखर सहित संबन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



## झुग्गी झोपड़ी में लगी आग, झोपड़ी में सो रहे व्यक्ति की जलकर मौत

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे में ग्रामीण बैंक ऑफ़ बड़ौदा से आगे रैन बसेरा के पास झुग्गी झोपड़ी में शनिवार सुबह करीब 7.30 बजे अचानक आग लग गई। आग लगने से तीन झोपड़ियां चपेट में आ गई। झोपड़ी में सो रहे एक बुजुर्ग की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतक जब तक कुछ समझ पाता आग की लपटों ने उसे चारों तरफ से घेर लिया मृतक झोपड़ी से बाहर नहीं निकल सका उसने मौके पर ही झोपड़ी में ही दम तोड़ दिया

जानकारी के अनुसार मृतक भारत पुत्र झम्मन (60) ट्रेनों और बसों में यात्रियों के कान साफ करने का काम करता था व परिवार के अन्य लोग बसों व ट्रेनों में बच्चों के प्लास्टिक के खिलौने बेचकर परिवार का भरण पोषण करते थे। मृतक भारत पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। काम पर भी नहीं जा रहा था चलने फिरने में परेशानी होती थी। और अधिकांश भारत घर पर ही रहता था। मृतक भारत की पुत्रवधू ने बताया की सुसर सुबह 5.30 बजे जाग गए। मैं सुबह 7.30 के आसपास बगल वाली झोपड़ी में चाय बनाने गई थी। चाय पीने की पूछने पर ससुर ने चाय पीने से मना कर दिया। मैं अपने दोनों बच्चों के साथ दूसरी झोपड़ी में चाय बनाने चली गई थी। अचानक बाहर से शोर शराबे की आवाज आने लगी। बाहर आकर देखा तो झोपड़ी में आग की लपटे उठ रही थी। जिस झोपड़ी में आग लगी थी मृतक भारत साहू झोपड़ी में सो रहा था। सर्दी, कोहरे और बे- मौसम बारिश की वजह से झुग्गी झोपड़ियों के उपर प्लास्टिक की चादर (पन्नी) भी लगा रखी थी। जिसकी वजह से आग रुकने का नाम नहीं ले रही थी। और तेजी से फैली और भारत, बत्तो देवी और अशोक कुमार की झोपड़ियां पूरी तरह जलकर राख हो गईं। आग इतनी भयंकर थी कि बगल में अन्य दो झोपड़ियां को भी उसने अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने जब चीख-पुकार सुनी लोग भाग कर आए। और आग बुझाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका विभाग को घटना की जानकारी दी उसके बाद में नगर पालिका की फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही बयाना कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। कोतवाली थाना इंचार्ज बाबूलाल गुर्जर ने बताया जल्द ही आग लगने के कारणो का पता लगाया जाएगा।

## छात्रावास में बेटे से मिलकर लौट रहे बाइक सवार अधेड़ सड़क पर पड़ा मिला घायल

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश )।** बयाना-बसेड़ी स्टेट हाईवे पर तरसूमा के पास दुपहर को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक सवार को सड़क पर तड़पते देख उधर से गुजर रहे कार चालक युवक ने उसे बयाना सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक धौलपुर जिले के गांव चंदेलपुरा निवासी द्वारिका सिंह गुर्जर (55) पुत्र महाराज सिंह शनिवार शाम बयाना के राजेश पायलट स्कूल के हॉस्टल में रहने वाले अपने बेटे सत्येंद्र से मिलकर वापस गांव लौट रहा था। इसी दौरान स्टेट हाईवे पर तरसूमा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने द्वारिका सिंह की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में द्वारिका सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में मौजूद वैर थाना इलाके के गांव नगला जहाज निवासी नरसी गोठिया ने बताया कि वह तरसूमा गांव में अपनी बहन से मिलकर वापस बयाना की तरफ कार से आ रहा था। उसे सड़क पर द्वारिका सिंह तड़पता हुआ मिला। इस पर उसके अन्दर मानवता जागी। गोठिया ने घायल द्वारिका को रहागीरों की मदद से अपनी कार में लेटाकर बयाना के सीएचसी में भर्ती कराया। बयाना कोतवाली थाने के हेड कांस्टेबल सोरन सिंह ने बताया एक्सीडेंट की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचकर घायल द्वारिका सिंह से घटना की पूरी जानकारी ली गई है। फिलहाल कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। पीड़ित द्वारका गुर्जर को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल भरतपुर को रैफर कर दिया।

## छात्राओं ने जिला स्तरीय स्किल एक्जीबिशन में प्रथम पुरूस्कार जीत फहराया परचम




बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल की दो छात्राओं ने जिला स्तरीय स्किल एक्जीबिशन में सफलता का परचम लहराया है। स्कूल शिक्षा परिषद के निर्देशन में भरतपुर जिला मुख्यालय पर हुई प्रतियोगिता में स्कूल में संचालित व्यावसायिक शिक्षा की कक्षा 9 की छात्राओं चंचल कुमारी और सुंदरी कुमारी के वर्किंग मॉडलों को पहला और तीसरा पुरस्कार मिला है। शनिवार दोपहर स्कूल की आईटी लैब में स्कूल प्रशासन की ओर से छात्राओं की सफलता पर जश्न मनाया गया। व्यावसायिक शिक्षा केंद्र के प्रभारी अखिलेश शर्मा और गिरधर सिंह धाकड़ ने बताया कि टूरिज्म एंड ट्रेवल्स ट्रेड में छात्रा चंचल कुमारी के मॉडल को जिला स्तर पर प्रथम स्थान मिला है। वहीं आईटी ट्रेड में छात्रा सुंदरी कुमारी के मॉडल को जिला स्तर पर तीसरा स्थान मिला है। छात्र चंचल कुमारी ने शहरी और ग्रामीण पर्यटन को दर्शाते हुए मॉडल बनाया है। जिस्म शहरी पर्यटन के तौर पर एम्यूजमेंट पार्क, फास्ट फूड चौपाटी, रिसॉर्ट, सुलभ कॉम्प्लेक्स और ग्रामीण पर्यटन के तौर पर ग्रामीण जनजीवन को दर्शाया गया है। अब यह मॉडल 5 फरवरी को राज्य स्तर पर जयपुर में होने वाली एक्जीबिशन में प्रदर्शित किया जाएगा।

## कांग्रेस ने बताया अब तक का बेहद निराशाजनक एवं कागजी बजट

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** शनिवार को केंद्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट 2025 को कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा एवं सांसद संजना जाटव ने बेहद निराशाजनक एवं कागजी पुलिंदा बताते हुए कहा कि यह बजट देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं को निराश करने वाला बजट है। बजट में ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना भी घोषित नहीं किया गया। किसानों के लिए एम एस पी की घोषणा नहीं की गई। बजट में युवा,महिला, बेरोजगार,व्यापारी तथा किसानो को कोई भी सहूलियत नहीं दी गई है। निम्न तथा मध्यम वर्ग के लिए दिनोदिन बढ़ रहे शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र के खर्चों में भी कोई राहत नहीं दी गई है। जीएसटी की मार झेलने वाले आम उपभोक्ताओं को जीएसटी दर कम नहीं की गई है और ना ही पेट्रोल डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया गया है, जिससे महंगाई कम हो सके। बजट में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए बिहार राज्य को विशेष सौगातें दी गई है, क्योंकि वहां शीघ्र ही चुनाव होने वाले हैं। सभी कांग्रेसी पदाधिकारीयों ने भी बजट को केवल आंकड़ों वाला बजट बताते हुए कहा कि इससे देश में महंगाई एवं बेरोजगारी और अधिक बढ़ेगी तथा अपराधों में भी बढ़ोतरी होगी।

बजट 2025 की निंदा करने वाले अन्य पदाधिकारी में साहब सिंह एडवोकेट, चुन्नी कप्तान,राजीव कुम्हेर, जगदीश बंजी,राजू प्रधान, श्रीभगवान कटारा, योगेश सिंघल, दीनदयाल जाटव, दयाचंद पचौरी, लक्ष्मन केन,हरस्वरूप सरपंच,रामेश्वर सैनी, विष्णुदत्त शर्मा,मनोज शर्मा,रमेश धावई,श्रीचंद गॉड,रमेश पाठक, निरंजन जघीना,राजेन्द्र सारस्वत,अतुल मित्तल सीए, रेनू गौरावर, प्रेमसिंह प्रजापत, भरत गादोली, लाखन हिंगोली,सुगड़ सिंह खैरा,मनोज पटेल,बृजेश सेवादल, चंद्रभान फौजदार, अशोक तांबी, मुस्ताक अहमद, शहीद खान, ज्ञानेश शर्मा, चंद्रकेश राजावत, राकेश पठानिया, हरिमोहन शर्मा,हरीसिंह नागर,लोकपाल सिंह,दिगंबर खटाना, मुकेश जाटव,नदीम मलिक,शुभम सैनी, विष्णु गुप्ता, संजय चंदेला, अवधेश शर्मा, उपेंद्र चंदेला,चंद्रकांत शर्मा सहित काफी कार्यकर्ता शामिल थे।

## दलवीर चौधरी कृषि उपज मंडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (नि.स.)।** भुसावर चोकर वादा सड़क मार्ग स्थित गणेश कृषि उपज मंडी व्यापार मंडल के चुनाव शनिवार को सर्वसम्मति से संपन्न हुए ।संपन्न हुए चुनाव में दलबीर सिंह चौधरी अध्यक्ष उपाध्यक्ष पद पर उमेश शर्मा एवं सत्येंद्र रावत मंत्री पद पर नितेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संजय गोयल निर्वाचित हुए निर्वाचित के बाद सभी पदाधिकारी को पूर्व पदाधिकारी द्वारा दायित्व सौंप कर शपथ दिलाई गई।

## फूल बंगला छप्पन भोग के साथ नवनिर्मित मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना कस्बे की जानकीपुरम कॉलोनी में नवनिर्मित मंदिर पर शनिवार को भक्त मंडल और कॉलोनी वासियों के सहयोग से मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हुई। आयोजन समिति के संयोजक विजय अग्रवाल ने बताया कि आचार्य रम्बोलाल शर्मा के सानिध्य में तीन दिवसीय विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ विधि विधान से शिव परिवार, राधा-कृष्ण, राम दरबार, दुर्गा मां और हनुमानजी की मूर्तियों के विग्रहों की पंचामृत अभिषेक कर प्राण प्रतिष्ठा की गई है। इस अवसर पर भव्य फूल बंगला झांकी और छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। इससे पहले कार्यक्रम के तहत शहर के प्रमुख मार्गो से होकर बैंडबाजों के साथ मूर्तियों को नगर विहार कराया गया है। नगर विहार में महिला श्रद्धालु सिर पर कलश धारण किए मंगल गीत गाते हुए निकलीं। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान महेंद्र तिवारी, पार्षद कमल आर्य, क्रय विक्रय सहकारी समिति के पूर्व चेयरमैन जगदीश तिवारी, व्यापार महासंघ अध्यक्ष विनोद सिंघल, जैन समाज के अध्यक्ष प्रमोद जैन, रीको एसोसिएशन के महामंत्री विष्णु सिंघल, पूर्व पार्षद सुनीता ओमप्रकाश गुप्ता, अजय बंसल, लोकेंद्र ठाकुर, रवि नावली, सौरभ सिंघल, दीपक बंसल, अजयमोहन दीक्षित, सतीश बंसल आदि कई लोग मौजूद रहे।

## आद्रभूमि को धरती की किडनी कहते है : डॉक्टर सिंह



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** आद्रभूमि को 'घरती की किडनी' कहा जाता है, वेट लेण्ड या आद्रभूमि मानव स्वास्थ्य एवं समृद्धि के लिए आवश्यक है, इसमें सर्वाधिक जैव विविधता पायी जाती है जो प्राकृतिक संतुलन के लिए जरूरी है। भरतपुर का घना पक्षी विहार वेट लैण्ड का श्रेष्ठ उदाहरण है, यहाँ जलचर, थल व नभचर सभी तरह के प्राणी व अनेक तरह की वनस्पतियां मिलती हैं। प्रकृति के सभी रूप वैट लैण्ड में ही पनपते हैं। यह कहना है कृषि महाविद्यालय भुसावर के दिन डॉक्टर उदयभान सिंह का डॉक्टर सिंह सहित डॉ मोहित कुमार डॉ राहुल कुमार डॉ विकास आर्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समय के साथ बढ़ती जनसंख्या व मानव निर्माण में आद्रभूमि को नष्ट किया है। इस प्राकृतिक फिलटर के संरक्षण की जरूरत है। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## स्टेट हाइवे पर तेज रफ्तारों में भिड़ंत, एयर बैग खुलने से बची कार सवारों की जान

### टक्कर के बाद हवा में उछलकर 40 फ़ीट गहरे गड्ढे में गिरी कार

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना- हिंडौन स्टेट हाईवे पर छोंकरा पीलूपुरा के पास शुक्रवार देर शाम दो कारों में जोरदार भिड़ंत हो गई। गनीमत रही कि कार के एयर बैग खुलने से कार सवारों को ज्यादा चोटें नहीं आईं। हालांकि टक्कर लगने के बाद एक कार करीब 10 फीट हवा में उछलकर सड़क से नीचे करीब 40 फीट गहरे गड्ढे में गिर गई। इससे कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर कारों के अंदर फंसे 8 लोगों को बाहर निकाला। यूपी नंबर की एक कार के शराब के नशे में धुत बताए गए हैं। सूचना पर सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों से घटना की जानकारी ली। स्थानीय निवासी लेखराज मीणा ने बताया कि यूपी नंबर की कार में सवार लोग आगरा से हिंडौन एक शादी समारोह में जा रहे थे। जबकि दूसरी कार के सवार लोग हिंडौन सदर थाना इलाके के गांव झरना के रहने वाले थे। यूपी नंबर की कार ने आगे चल रही हिंडौन की कार में पीछे से टक्कर मारी। हंसी के बाद दोनों कारों में सवाल लोगों के बीच हाथापाई की नौबत भी बन गई, लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें समझाइश कर मामला शांत करा दिया। लोगों ने बताया कि स्टेट हाइवे पर तेज रफ्तार, यातायात नियमों का उल्लंघन और नशे में ड्राइविंग हादसों का प्रमुख कारण है। जिस पर सख्ती से अंकुश लगाए जाने की जरूरत है।

## ग्रामीण क्षेत्रों की 11 सड़कों का पुर्ननिर्माण कराने की राज्य सरकार ने दी स्वीकृति

### डॉ. गर्ग ने मुख्यमंत्री, आपदा प्रबंधन एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर विधानसभा क्षेत्र की स्वीकृत 11 सडकों के निर्माण को शीघ्र शुरु कराने के सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये हैं। डॉ. गर्ग ने बताया कि पिछले दिनों अतिवृष्टि होने से सडके क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिनका पुर्ननिर्माण कराने के लिये मुख्यमंत्री, सार्वजनिक निर्माण मंत्री एवं आपदा प्रबंधन मंत्री से आग्रह किया था। सडकों की खराब स्थिति को देखते हुये बछामदी से सुनारी, तमरौली से मौरोली, बिलौठी से रारह, जघीना से सैंथरा रोड, नौंह-नौगाया रोड से नगला परशुराम वाया गांमडी, हथैनी रोड से नौगाया, हथैनी रोड से जघीना, सम्पर्क सडक तमरौली, जाटौली से कोलीपुरा, सम्पर्क सडक बहनेरा, रूपवास रोड से नगला अभयराम तक की सडकों का पुर्ननिर्माण कराने की स्वीकृति हो गई थी। जिनका 7 जनवरी से निर्माण होना था लेकिन अभी नहीं हुआ है। जिस पर डॉ. गर्ग ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को शीघ्र ही इन क्षतिग्रस्त सडकों का पुर्ननिर्माण कराने के निर्देश दिये। इसी प्रकार डॉ. गर्ग ने सहनावली से नगला माना तक की सडक को भी बनवाने के निर्देश दिये हैं।

## डॉ. गर्ग दो दिवसीय दौरे पर आये भरतपुर समर्थकों ने डॉ. गर्ग का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को भरतपुर पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र का दौरा कर आमजन की समस्याओं को जानकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिये। डॉ. गर्ग के भरतपुर आगमन पर सैन समाज सहित अन्य समाजों व समर्थकों ने माला, साफा पहनाकर स्वागत किया। डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान काली की बगीची स्थित एक सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत की। इसके अलावा मडरपुर, नौगाया, नगला माना, जाटौली रथभान सहित अन्य शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर विवाह समारोह में भाग लिया। इस अलावा जन समस्या सुनकर समस्याओं का समाधान कराने का विश्वास दिलाया। डॉ. गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर भी जनसुनवाई की।

# प्रदेश में मासूमो की मौत पर मानवाधिकार आयोग ने कहा चार सप्ताह में बंद करने होंगे सभी खुले बोरवेल

## बूंदी के कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा की शिकायत पर मानवाधिकार आयोग की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजस्थान में खुले हुये बोरवेल में गिरकर मासूम बच्चो की मृत्यु को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गम्भीर माना है। राज्य सरकार को अब चार सप्ताह में प्रदेश के सभी खुले हुये बोरवेल बंद करने के लिये कार्यवाही करनी होगी।प्रदेश में खुले हुए बोरवेल में गिरकर मासूम बच्चों की लगातार मृत्यु के मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने बूंदी के कांग्रेस नेता व राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा की याचिका पर यह एक्शन लिया है।आयोगने 28 जनवरी की रात को इस विषय मे राज्य सरकार को निर्देश देते हुये मुख्य सचिव सुधांशु पंत को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में राजस्थान में राज्य सरकार द्वारा खुले हुये बोरवेल को बंद करने के लिये की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी तलब की है। पिछले दिनों कोटपूतली में बोरवेल में गिरकर 3 वर्षीय चेतना की मृत्यु के बाद इस विषय में राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य ने चर्मेश शर्मा ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में शिकायत कर प्रदेश के सभी खुले हुए बोरवेल बंद कर छोटे बच्चों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की थी।इस विषय में शर्मा की शिकायत पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने 8 जनवरी को केस दर्ज किया था जिसके बाद 28 जनवरी को यह एक्शन लिया गया।

### लगातार हो रही दुर्घटनाये

राजस्थान में बोरवेल में गिरकर निर्दोष बच्चों की मृत्यु के मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष के नाम शिकायत में चर्मेश शर्मा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजस्थान प्रदेश में लगातार छोटे बच्चो के खुले हुये बोरवेल में गिरने की दुर्घटनाये हो रही है। लेकिन फिर भी राज्य सरकार व प्रशासन द्वारा खुले हुए बोरवेल को बंद करने की कोई गंभीरता पूर्वक कार्यवाही नहीं की जा रही है। उल्लेखनीय की दिसंबर माह में दौसा जिले में मासूम आर्यन मीणा की मृत्यु हो गई थी वही 1 जनवरी 2025 को कोटपूतली जिले में मासूम चेतना को भी बोरवेल से जीवित नहीं निकाला जा सका था।

### मुख्य सचिव से चार सप्ताह में कार्यवाही की रिपोर्ट भी तलब की

#### प्रदेश में अभी भी हजारों बोरवेल खुले हुये : चर्मेश शर्मा

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा प्रदेश में खुले हुए बोरवेल के मामले में केस दर्ज किये जाने के बाद राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि अभी भी प्रदेश में सभी जिलों में हजारों बोरवेल खुले हुये हैं जिनसे कभी भी दुर्घटनाये हो सकती है। शर्मा ने इस मामले में जिला कलेक्टर के साथ उपखंड अधिकारी व तहसीलदार के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर पटवारी व ग्राम सेवक की जिम्मेदारी तय करते हुए ग्राम स्तर पर खुले हुये बोरवेल का सर्वे कर उचित कदम उठाने की मांग की है।

#### बोरवेल में गिरकर मासूम की मृत्यु बहुत दुखद

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को जारी निर्देश में कहा कि राजस्थान में खुले हुए बोरवेल में गिरकर निर्दोष बच्चों की मृत्यु बहुत ही दुःखद है, इसे तत्काल रोका जाना चाहिये आयोग ने कहा कि राज्य सरकार को इसके लिए सख्त कानूनी कार्यवाही करते हुये ग्रामीण स्तर तक जागरूकता अभियान भी चलाना चाहिये।

# देहदान संकल्पित कृष्णा की देह, भावी चिकित्सकों के अध्ययन के लिए दान

## शाइन इंडिया के सहयोग से 27 वां देहदान संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़/कोटा (नि.स.)।** शुक्रवार दोपहर, रंगबाड़ी निवासी, श्रीमती कृष्णा शर्मा का शहर के निजी अस्पताल में आकस्मिक निधन हो गया था। कृष्णा ने काफी समय पहले ही अपने पति हरि प्रकाश मिश्रा के साथ देहदान का संकल्प ले रखा था। उनके निधन के ठीक उपरांत हरिप्रकाश ने तुरंत ही पत्नी के देहदान करवाने के लिये शाइन इंडिया फाउंडेशन के सदस्य नितिन गौतम को संपर्क किया। बेटी ओपल मिश्रा की सहमति मिलने के बाद, कृष्णा के पार्थिव देह को, जगपुरा स्थित सुधा मेडिकल कॉलेज में भावी चिकित्सकों के अध्ययन के लिए दान किया गया। शाइन इंडिया फाउंडेशन की सचिव डॉ संगीता गौड़ ने बताया कि, संस्था काफी समय से नेत्रदान के साथ, देहदान के क्षेत्र में भी कार्य कर रही है, संस्था के माध्यम से अभी तक 27 देहदान हो चुके हैं। जो की न सिर्फ कोटा,बल्कि देश के अन्य शहरों में भी संपन्न कराए गए हैं। संस्था सदस्य नितिन गौतम ने बताया कि, जैसे ही कृष्णा के देहदान की तैयारी घर में की जाने लगी, शोक में आयी,कई महिलाओं ने अपने देहदान संकल्प पत्र भरने की इच्छा भी जाहिर की। अंत समय में भी कृष्णा जी अपने देहदान से समाज और परिवार को एक प्रेरणादायक और नेक कार्य का संदेश देकर गई है। हरिप्रकाश ने बताया कि, कृष्णा अपने नाम के अनुरूप, सभी के दुखों में तुरंत आगे रहकर मदद के लिये पहुंचती थी।। दूसरों की परेशानियों को हल करने में उन्हें काफी सुकून मिलता था, अपनी बेटी की अच्छी



परवरिश के लिए,बेटी की 4 वर्ष की उम्र में ही, अपनी सरकारी नौकरी छोड़ दी थी। उनके स्नेहिल, विनम्र और हंसमुख मिजाज के कारण, वह परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों में काफी पसंद की जाती थी। देहदान के इस पुनीत कार्य में, अनुरोध फाउंडेशन के नितिन गौतम, जीवेश,निधि जैन,अर्शिया,मयंक जैन का सहयोग रहा।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रैली का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,(नि.स.)।** बाल अधिकारिता विभाग एवं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के 22 जनवरी 2025 को 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में योजना के उद्देश्य अनुरूप राज्य में जिला स्तर पर जिला कलक्टर के निर्देशन में 24 जनवरी 2025 को बालिका दिवस से 8 मार्च ,2025 अंतराष्ट्रीय महिला दिवस तक विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके तहत चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा जिले के महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदेरिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी बालक बालिकाओं को बाल अधिकारो , बाल विवाह, गुड टच बेड टच, पोक्सो कानून एवं बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। बालक बालिकाओं द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध एवं बेटी बचाओ स्लोगन की तखतियो के आमजन को जागरुकता हेतु चंदेरिया में रैली का आयोजन किया गया रैली का शुभारंभ थाना चंदेरिया के,स्ह्व प्रभु लाल बेरवा ,द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के कोऑर्डिनेटर नवीन किशोर काकड़दा, काउन्सलर करण जीनवाल टीम सुपरवाइजर राहुल सिंह सोलंकी ,सरिता मीणा एवं टीम मेंबर पारस पूर्बिया विद्यालय स्टाफ सुमिता चाहर, अनु कवर राठौर, बसंत सिंह चौहान, राजकुमारी आगाल उपस्थित रहे।

# किसान रजिस्ट्री शिविरों की तैयारी पूर्ण, 11 अंको की यूनिक आई.डी. से मिलेगा सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,(नि.स.)।** केन्द्र सरकार की एग्रीस्टेक योजना के तहत प्रदेश मे प्रत्येक किसान को 11 अंको का यूनिक फार्मर आई.डी. मिलेगा जिसे आधार नम्बर से लिंक किया जायेगा। इस फार्मर आई.डी. से सरकार की समस्त योजनाएं यथा पी.एम. किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, सब्सिडी इत्यादि का लाभ मिलेगा। पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी पर निर्भरता समाप्त हो जायेगी। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बताया कि जिले में 05 फरवरी से 30 मार्च तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर 03 दिवसीय शिविर आयोजित किये जायेंगे, फार्मर आई.डी. से किसान के कृषि भू-खण्ड हिस्सा जोडा जायेगा। जिसके लिए किसान अपना आधार कार्ड, आधार कार्ड से जुडा मोबाईल नम्बर, जमाबन्दी की प्रतिलिपियां शिविर मे लेकर आए। इस आई.डी. से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पाद के विपणन मे आसानी होगी। किसानो को फसली ऋण, फसल बीमा क्षतिपूर्ति एवं आपदा राहत राशि प्राप्त करने में सुगमता होगी। केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओ का लाभ सीधे ही किसानो को मिल सकेगा। किसान रजिस्ट्री मे राजस्व रिकॉर्ड स्वतः अपडेट हो जायेगा। किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आई.डी. अनिवार्य होगी।

### 05 फरवरी से लगेंगे शिविर

नोडल एवं भू-अभिलेख प्रभारी अधिकारी श्रीमती बीनू देवल ने बताया कि 05 फरवरी से चित्तौडगढ जिले की प्रत्येक तहसील की 01 ग्राम पंचायत 10 फरवरी से 02 ग्राम पंचायत एवं 17 फरवरी से 05 ग्राम पंचायत मे 03 दिवसीय शिविर आयेजित किये जायेंगे। शिविर मे तहसील स्तर के समस्त विभाग यथा पंचायतीराज विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, चिकित्सा विभाग, रसद विभाग के अधिकारी मौजुद रहेंगे। शिविर मे आबादी पट्टा वितरण, खाद्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रमाण-पत्र, जाति एवं मूल निवास प्रमाण-पत्र संबंधी कार्य भी किये जायेंगे।




# रामगढ़ अभ्यारण में बाघों का मरना चिंता का विषय : विधायक हरिमोहन शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** विधायक हरिमोहन शर्मा ने शुक्रवार को पहाड़ी पर मृत मिली बाघ आरटीवी 4 की मौत पर सवाल खड़े किए। शर्मा ने कहा कि जैतपुर के जंगल में संदिग्ध हालत में इस बाघ का मरना चिंता का विषय है इससे पूर्व भी गत वर्ष आरटीवी 2 बाघिन का कंकाल मिला था जिसकी मृत्यु की रिपोर्ट की जानकारी अभी तक सामने नहीं आई। विधायक हरिमोहन शर्मा द्वारा शुक्रवार को विधानसभा में वन मंत्री संजय शर्मा से मुलाकात कर इस बाघ की मृत्यु के संबंध में जानकारी दी गई परंतु उसे समय तक वन मंत्री उस जानकारी से अनविज्ञता जाहिर की। शर्मा ने कहा कि लगातार ऐसे मामले इस अभ्यारण में सामने आ रहे हैं पूर्व में 1 शावक लापता है और एक बाघिन मर गई लगातार ऐसी घटनाएं होना और किसी की जिम्मेदारी तय नहीं होना यह घोर लापरवाही है 2022-23 और 2023 24 से लेकर अब तक लगभग 9 करोड रुपए रामगढ़ विषधारी सेंचुरी को विकसित करने में लग चुके हैं और ऐसा लगता है कि इन सभी घटनाओं के माध्यम से योजना बद्ध तरीके से कोई इस अभ्यारण की बढ़ती हुई स्थिति से चिंतित होकर ऐसे कार्य को अंजाम दे रहा है जो की चिंता का विषय है साथ ही इस अभ्यारण की विभाग द्वारा



मॉनिटरिंग का अभाव है। शर्मा ने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में इस मामले को पुरजोर तरीके से राजस्थान विधानसभा में उठाया जाएगा इन सभी घटनाओं से बूंदी के पर्यटन को काफी नुकसान हो रहा है।

### मानवता की सुरक्षा के लिए वन्यजीवों का संरक्षण जरूरी

# जिले के ताल छापर वन्यजीव अभयारण्य में आयोजित हुआ बर्ड फेस्टिवल - 2025

## पक्षी विशेषज्ञों ने साझा की पक्षियों की दुनिया से जुड़ी रोचक जानकारी, राजीविका महिलाओं ने लगाई क्राफ्ट व आर्ट शॉप, विभिन्न कॉलेजों व विद्यालयों के विद्यार्थियों ने की अभयारण्य की सैर, विभिन्न प्रतियोगिताएं में लिया हिस्सा

बढ़ता राजस्थान

**चूरू (सुरेश लाटा)।** जिला प्रशासन, वन विभाग, छापर नगरपालिका और सम्प्रीति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिले के तालछापर वन्यजीव अभ्यारण्य में शनिवार को दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल - 2025 का आगाज हुआ। पक्षी विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मानवता की सुरक्षा के लिए वन्यजीवों का संरक्षण जरूरी है। हम अपनी प्राकृतिक संपदा को सहेजें और आने वाली पीढ़ी को समृद्ध विरासत दें। विशेषज्ञों ने बताया कि ताल छापर में 334 प्रजाति के पक्षी पाए जाते हैं, जिनमें से 166 स्थानीय और 168 प्रवासी पक्षी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह पक्षी उत्सव का आयोजन वन्यजीव संरक्षण की दिशा में बेहतरीन प्रयोग है। आमजन को



वन्यजीवों की जीवनचर्या और आवश्यकताओं के बारे में समझने का अवसर मिलेगा और वन्यजीवों और मनुष्य के अंतर्संबंध मजबूत होंगे। इस अवसर पर जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि वन्यजीव और वन्य प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में हम सभी को समन्वित प्रयास करने होंगे। पक्षी उत्सव का आयोजन अंचल की विशेषताओं को दर्शाते हुए वन्यजीव संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम है। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि जिला प्रशासन के नवाचारों में पक्षी उत्सव का आयोजन संपूर्ण जिले के लिए गौरव का विषय है। पक्षी उत्सव आयोजन से अंचल के लोगों जैव विविधता से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। हम सभी यहां से संकल्प लेकर जाएं और हमारी समृद्ध संपदा का संरक्षण करें।

विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि हमें वन्यजीवों के महत्व को समझना होगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि ताल छापर अभयारण्य विश्व मानचित्र पर अपनी अनूठी पहचान रखता है। जिले की इस संपदा से जिलेवासियों को जोड़ने के लिए पक्षी उत्सव का आयोजन किया गया है। हम सभी वन्यजीवों से जुड़ी जानकारी सहेजें और यहां पाए जाने वाले पक्षियों और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी निभाएं। स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध जीवन के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण को हमारा प्राथमिक लक्ष्य बनाना होगा। उन्होंने बताया कि बर्ड फेस्टिवल का उद्देश्य ताल छापर की जैव विविधता का संवर्धन और क्षेत्र का पर्यटनीय विकास करना है। इस दौरान सुजानगढ़ एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, बीदासर एसडीएम अमीलाल, कानूनगो कन्हैया स्वामी, सीबीईओ सुनीता, एसीबीईओ मंजू, नानूराम कांटीवाल, पुरुषोत्तम चौहान सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# बाघो की सुरक्षा के साथ लोगो की समस्या करे निस्तारण : सोनी

बढ़ता राजस्थान

**नैनवाँ,(नि.स.)।** रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व आ रही समस्याओ से क्षेत्रवासी परेशान है। यहाँ बाघों की सुरक्षा खतरे में है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष ने जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में बताया कि ग्राम केशवपुरा, भैरूपुरा, आंतरी, जांवरा की झौपडिया, गुढ़ा मगदू , गुलखेडी आदि गॉवो के व्यकियों ने रामगढ अभ्यारण्य में वन्य जीवों से सुरक्षा प्रदान करने बाबत इन तमाम ग्राम वासियों ने हाल में ही हुई घटना को लेकर बताया कि एक दूध वाला सुखपाल आ0 प्रभूलाल जाति गुर्जर निवासी भैरूपुरा रोजाना की तरह अपने गॉव जा रहा था कि भैरू के पास जैसे ही पहुँचा तो एकदम से बाघ ने हमला कर दिया, उस वक्त व्यवित मोटर साईकिल पर सवार था, इस वजह से जान बच पायी। अन्यथा कोई भी अनहोनी घटना कारित हो सकत्ती थी। ज्ञापन देकर अवगत करवाया था। जिस पर जिला प्रशासन द्वारा इनके ज्ञापन पर गौर क्यों नहीं किया गया? कल फिर से रामगढ़ गिरधारी में एक बाघ का मरना क्षेत्र वासियों एवं जनता के हिसाब से भी नुकसान का नुकसान हैं। कितना खर्चा लगाकर सरकार द्वारा बाघ को लाया जाता है, लेकिन सुरक्षा के इंतजाम से आज भी रामगढ़ टाइगर रिजर्व के पुख्ता इंतेजामत नहीं हो पा रहे हैं। आज भी इस टाइगर रिजर्व के चार तरफ दीवार नहीं होने की वजह से बाघों का इधर-उधर आना-जाना या दावत बना रहता है और ग्राम वासियों के डर का कारण भी यही हैं। विभाग द्वारा एक बाग को लाकर शिफ्ट करना और उस कार्य के प्रति अपनी वाह-वाही बटोर लेना, लेकिन मृत्यु के उपरांत उसके कारण के तहत तक नहीं जाना सवालिया निशान खड़ा करता है? इससे पूर्व भी टाइगर रिजर्व में एक बाघ का कंकाल मिला था। सरकार एवं जनता के पैसे का इतना दुरुपयोग नहीं सदुपयोग हो। और इससे पूर्व में भी गुलखेड़ी वासियों द्वारा कही मर्तबा उचित मुआवजे की मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया जा चुका हैं। लेकिन आज तक भी उन तमाम विषयों पर वन विभाग एवं जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित नहीं हो पा रहा हैं। बून्दी में रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में शामिल गुलखेड़ी सहित आठ गांव के लोगों को वन विभाग द्वारा निर्धारित भूमि अर्जन पुनर्वासन पुनर्व्यवस्थापन उचित प्रतिकर ओर पारदर्शिता अधिकार अधिनियम- 2013 के अंतर्गत आ रहे नियमों से मुआवजा उपलब्ध करवाया जाना चाहिए था लेकिन विस्थापित परिवार या खातेदार किसानों के लिए विस्थापन के एवज में वन विभाग द्वारा पंपलेट छपवाकर सर्कुलर सार्वजानिक किया जा चुका हैं। पंपलेट में बताय अनुसार जमीन उपलब्ध करवाई जावे या फिर डीएलसी दर की चारगुणा मुआवजा राशि।विभाग अपना काम प्रगति पर बता रहा है, लेकिन किसानों को उचित मुआवजा उपलब्ध नहीं हो पाया हैं। पूर्व में भी किसानों का प्रतिनिधिमंडल कहीं मर्तबा इस मामले में ज्ञापन दे चुका हैं, लेकिन कार्यवाही के नाम पर ढाक के तीन पात हैं।

# आर्मी अफसर बनकर मकान खरीदने के नाम पर महिला से ठगे डेढ़ लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** करधनी थाना इलाके में आर्मी अफसर बनकर मकान खरीदने के नाम पर झांसे में लेकर साइबर ठग ने महिला खाते से 1 लाख 49 हजार 998 रुपए निकाल लिए। ठगी का पता चलने पर पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार करधनी प्राइम निवासी सुनीता ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पास एक व्यक्ति ने कॉल किया और कहा कि वह आर्मी में काम करता है और मकान खरीदना चाहता है। आरोपी ने इस बहाने से पीडिता के योनो एप की जानकारी ले ली और उसमें रुपए डालने की बात कहीं। आरोपी ने महिला के योनो एप से 1 लाख 49 हजार 998 रुपए निकाल लिए। ठगी का पता पीड़िता को मोबाइल पर मैसेज आने पर लगा। इस पर पीडिता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया।

# महिला पर धर्म परिवर्तन का दबाव डालकर की युवक ने की अश्लील हरकत, दोनों ही सरकारी विभाग में कार्यरत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अशोक नगर थाना इलाके में एक महिला को प्रेम जाल में फंसा कर उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी कृष्ण कुमार के अनुसार जोधपुर निवासी एक 32 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि वह उद्योग भवन में कार्यरत है। उसकी अपने साथ ही काम करने वाले से अच्छी दोस्ती हो गई। आरोपी समुदाय विशेष से है। आरोपी ने महिला पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकतें करना चालू कर दी।

# बसीठा रजक धोबी समाज के चुनाव हुआ संपन्न,अध्यक्ष बने लक्ष्मी नारायण



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला(नि.स.)।** झालावाड़ जिले के गंगधार में बसीठा रजक धोबी समाज की नवीन कार्यकारिणी गठन चुनाव के द्वारा निष्पक्ष और लोकतांत्रिक रूप से किया गया जिसमें सस्थापक मोती लाल कोदिया अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण परमार उपाध्यक्ष मुकेश गुजरिया प्रधान सलाहकार दिलीप मोरी,सचिव राहुल मोरी कोषाध्यक्ष संतोष परमार महामंत्री रवि मालवीय संगठन मंत्री सूरज परमार मीडिया प्रभारी चेतन मोरी सयुक्त मंत्री प्रदीप परासिया को बनाया गया नवनिर्वाचित अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण परमार ने सभी का आभार प्रकट किया साथ ही पूर्व अध्यक्ष दिलीप मोरी ने निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में सहयोग के लिए सभी समाज बंधुओ को साधुवाद दिया और कहा कि सभी साथ मिलकर समाज का काम करे और सभी साथ रहे।इस दौरान हीरालाल कोदिया,पीरूलाल गुजरिया ,प्रभुलाल मालवीय, राजकुमार मोरी, रमेशचंद परमार, गणेश मोरी ,जगदीश परासिया , गोपाल गुजरिया, रामेश्वर परमार कालूलाल मोरी , दिनेश मोरी , राजमल परमार,विष्णुमोरी , रोहित मोरी , राहुल मालवीय , संजय मोरी , मनोज परमार जितेंद्र मोरी गुलशन परमार आदि समाजजन मौजूद रहे।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ के प्रयास शीघ्र लाएंगे रंग

# देसूरी की नाल के विकास को मिलेगी गति डीपीआर शीघ्र होगी तैयार : सांसद महिमा कुमारी मेवाड़

**केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री से सांसद श्रीमती मेवाड़ की हुई भेंट**

**सड़क निर्माण, एलिवेटेड रोड, धरोहर संरक्षण सहित कई विषयों पर भी हुई चर्चा**

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** मेवाड़ और मारवाड़ को जोड़ने वाली देसूरी की नाल के दिन जल्द बदलने वाले हैं। राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने जानकारी दी है कि इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य जल्द पूरा होगा जिसके बाद डीपीआर अनुसार निर्माण कार्य शुरू होंगे जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को सुरक्षित, दुर्घटना मुक्त और सुगम यात्रा का लाभ मिल सकेगा। सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ लंबे अरसे से देसूरी की नाल के सुधार हेतु प्रयासरत थी। उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर देसूरी की नाल संबंधित विकराल जन समस्या से अवगत कराया था।इसे पश्चात सांसद श्रीमती मेवाड़ द्वारा लोकसभा के शीतकालीन सत्र में शून्यकाल के दौरान भी देसूरी की नाल की समस्याओं का जल्द निराकरण करने की मांग उठाई थी। शनिवार को उनकी भेंट केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री श्री अजय टम्टा से हुई जिस दौरान पुनः देसूरी की नाल के विषय पर चर्चा हुई। केंद्रीय राज्यमंत्री ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 162 ई के सम्बन्ध में खामियों को दूर करने के साथ-साथ देसूरी की नाल में आये दिन होने वाले दुर्घटनाओं के लिए सड़क की चौड़ाई बढ़ाने एवं देसूरी की नाल में टनल, एलिवेटेड रोड बनाने के लिए डीपीआर बनाने हेतु स्वीकृति सम्बन्धित विभाग को देना अवगत कराया। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने अवगत कराया कि डीपीआर का काम जल्द पूरा होगा।

**हल्दीघाटी और भीम पर भी चर्चा**

सांसद मेवाड़ ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री को हल्दीघाटी का हवाला देते हुए निर्माण कार्यों के दौरान विरासत को संरक्षित रखने की बात कही। साथ ही भीम में नेशनल हाईवे पर एलिवेटेड रोड को लेकर क्षेत्र के लोगों की मांग को समक्ष रखा, जिस पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने उचित कार्यवाही का भरोसा दिया।

**सांसद के प्रयास ला रहे रंग**

उल्लेखनीय है कि देसूरी की नाल मेवाड़ और मारवाड़ (राजसमंद और पाली) के बीच प्रमुख संपर्क मार्ग है, जहां कई जानलेवा हादसे हो चुके हैं। हाल ही में एक स्कूल बस के पलटने की घटना के साथ-साथ कालांतर में यहां कई बड़े हादसे हो चुके हैं। सांसद श्रीमती मेवाड़ के अथक प्रयासों से इस महत्वपूर्ण सड़क के पुनर्निर्माण की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। डीपीआर की प्रक्रिया पूरी होते ही टेंडर जारी किए जाएंगे और निर्माण कार्य शुरू होगा। इस विकास से स्थानीय निवासियों, यात्रियों और व्यापारिक गतिविधियों को बड़ी राहत मिलेगी।



## बसई डांग पुलिस की कार्यवाही, अवैध खनन और परिवहन के दो आरोपी सहित 09 पकड़े

**एरिया डोमिनेशन के तहत दो दिन से चलाया अभियान**



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की बसई डांग थाना पुलिस ने मुखबिर तंत्र के सहयोग से दो दिन से चलाये जा रहे विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई में पुलिस द्वारा जहां चंबल बजरी परिवहन के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं एक स्थाई गिरफ्तारी वारंटी के साथ 6 साल से फरार चल रही है 6 स्थाई वारंटी दबोचे है। शांतिभंग में भी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बसई डांग थाना अधिकारी गंभीर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा के निर्देश पर दो दिवसीय विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया हुआ है। उक्त अभियान में एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ के साथ बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार के सुपरविजन में थाना टीम के हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार के साथ कांस्टेबल ओम कुंतल,हरिओम,उमेश,ओमवीर,जय कुमार,प्रदीप,मनोज,राजेश और अवनेश की टीम बनाकर कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई में पुलिस ने एक गिरफ्तारी वारंटी ज्वानसिंह पुत्र दम्भू गुर्जर निवासी भभूतिपुरा थाना सोने का गुर्जा को गिरफ्तार किया है।

**चंबल बजरी परिवहन और अवैध खनन में पकड़े दो आरोपी**

वही चंबल बजरी परिवहन और अवैध खनन में कार्रवाही करते हुए पुलिस ने एक आरोपी केशव पुत्र सुल्तान सिंह गुर्जर निवासी विनडवा थाना सरायछोला मुरैना एमपी के साथ शैलेंद्र सिंह पुत्र कालीचरण गुर्जर निवासी वसई डांग को गिरफ्त में लिया है।

**6 साल से फरार 6 स्थाई वारंटी पकड़े**

तीसरी कार्रवाई में पुलिस ने 6 साल से फरार 6 स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है जिनमें रमुजी पुत्र हुकुमा खटीक निवासी निभी थाना बसई डांग,गिर्राज पुत्र रजुआ खटीक निवासी बसई डांग,रामाऔतार पुत्र भभूति गुर्जर निवासी रंडोली थाना मनिय,रामसिंह पुत्र सरवन गुर्जर निवासी भगतपुरा कस्बा नगर,पोती पुत्र रेखा गुर्जर निवासी कस्बा नगर और अमर सिंह पुत्र गयाजीत गुर्जर निवासी रसीलपुर थाना खेरागढ़ आगरा यूपी को गिरफ्तार किया है। वही शांतिभंग में भी पुलिस ने सूचना पर निभी गांव से धीरज और बनवारी को गिरफ्त में लिया है।

## पहली बार दिव्यांग, विधुर, विधवा और तलाकशुदा लोगो का परिचय सम्मेलन : अग्रवाल समाज की परमार्थ सेवा समिति का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में शनिवार को परमार्थ सेवा समिति द्वारा पहली बार समाज के दिव्यांग,विदुर,विधवा और तलाकशुदा युवक- युवतियों का परिचय सम्मेलन कराया गया। शहर की अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित हुए इस परिचय सम्मेलन में न केवल धौलपुर बल्कि राज्य के अन्य जिलों के साथ यूपी और एमपी के कई जिलों के समाज के लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अतिथियों में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल मंगल,कमलेश गर्ग,धौलपुर जिला अग्रवाल महासमिति के अध्यक्ष ऋषि मित्तल,अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज मंगल, अग्रवाल समाज के बड़ी अध्यक्ष एडवोकेट राधेश्याम गर्ग,शिक्षाविद पीडी अग्रवाल,ओमप्रकाश धीमरी,डॉ गोपाल गोयल,डॉ शिवदयाल मंगल,प्रमोद गर्ग,भगवान लाल आदि मंच पर मौजूद रहे। परमार्थ सेवा समिति के संरक्षक राकेश गर्ग, अध्यक्ष सतीश गर्ग,सचिव रिंकू गर्ग,कोषाध्यक्ष रामकुमार बंसल,उपाध्यक्ष मनीष गर्ग,संयोजक विष्णु सिंगल,एडवोकेट विनोद जिंदल, रवि मोदी,महिला अध्यक्ष सविता गर्ग एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया।इस दौरान बाड़ी धौलपुर आगरा कैलारस जोरा मुरैना ग्वालियर भरतपुर जयपुर सहित अन्य स्थानों से आये 40 युवक युवतियों का मंच से परिचय कराया गया। जिन्होंने अपने जीवन में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए अपने व्यापार,कार्य,परिवार और अपनी योग्यता की सभी को मंच से जानकारी दी। पहली बार आयोजित हुए परमार्थ सेवा समिति के इस दिव्यांग,विदुर,विधवा और तलाकशुदा युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलन को लेकर कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने इसे एकजुटता की भावना को बढ़ावा देने वाला और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सहयोग और समझ को प्रोत्साहित करने वाला सम्मेलन बताया। इस दौरान मंच का संचालन व्याख्याता शिवशंकर गर्ग और महामंत्री निरमा सिंगल द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।




### आज होगा छटवां सामूहिक विवाह समारोह

परमार्थ सेवा समिति द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर रविवार को छटवां सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जायेगा। समिति के प्रवक्ता शिवशंकर गर्ग ने बताया की समिति द्वारा विवाह से पूर्व सभी दूल्हों की बारात किला गेट दाऊजी मंदिर से शहर के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली जाएगी।

## एग्रीस्टैक योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नगर परिषद टाउन हॉल में पटवारी-गिरदावरों को दिया गया प्रशिक्षण, जिला कलेक्टर ने स्वयं ली ट्रेनिंग क्लास**

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** एग्रीस्टैक योजना के तहत जिले में आगामी 5 फरवरी से प्रारंभ होने वाले फार्मर रजिस्ट्री अभियान को सफल बनाने के लिए शनिवार को नगर परिषद टाउन हॉल में पटवारी एवं गिरदावरों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों को अभियान की प्रक्रियाओं एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

**जिला कलेक्टर ने कर्मचारियों से किए सवाल-जवाब :** प्रशिक्षण के दौरान जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने अभियान की तकनीकी जानकारी को लेकर उपस्थित पटवारियों एवं गिरदावरों से सवाल-जवाब किए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्मिक योजना की समस्त प्रक्रियाओं की पूर्ण जानकारी प्राप्त करें ताकि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय शिविरों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। कलेक्टर ने प्रशिक्षण के दौरान संतोषजनक उत्तर नहीं देने वाले कुछ कर्मचारियों को पूरी तैयारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

**ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे शिविर :** जिला प्रशासन द्वारा 5 फरवरी से ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा, शुरुआती तौर पर जिले की सभी तहसीलों की एक एक ग्राम पंचायत पर शिविरों का आयोजन होगा जहां किसानों की 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जाएगी। इस प्रक्रिया के लिए किसानों को आधार कार्ड एवं जमाबंदी दस्तावेज साथ लाने होंगे। इसके लिए आधार कार्ड से जुड़े मोबाइल नंबर को ओटीपी के लिए साथ लाना होगा। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिविर में संपूर्ण पारदर्शिता एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिकतम किसानों को योजना का लाभ मिल सके।

**शिविरों की सफलता के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त :** शिविरों के प्रभावी संचालन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो शिविरों की मॉनिटरिंग करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं सही ढंग से पूरी की जाएं। जिला कलक्टर ने रबी सीजन की ऑनलाइन गिरदावरी पूर्ण करने हेतु भी निर्देशित किया।



## छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे शिक्षामंत्री मदन दिलावर : अजय शर्मा

बढ़ता राजस्थान



ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। शिक्षा के लिए बजट खर्च करने के बजाय बालिकाओं की स्कूलों को बंद करना राजस्थान की निकम्मी भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अजय शर्मा ने राजस्थान की पर्ची सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में 450 स्कूलों को बंद करना, जिनमें कई बालिका विद्यालय भी शामिल हैं, शिक्षा के अधिकार पर गंभीर प्रहार है। यह फैसला बच्चों के सपनों और गांव-गरीब के अधिकारों को छीनने जैसा है। ज़िला प्रवक्ता अजय शर्मा ने बताया कि कांग्रेस सरकार ने राजस्थान को शिक्षित करने के लिए सैकड़ो स्कूल खोली, उन्हें क्रमोन्नत किया। ब्यावर उपखंड के देलवाडा ग्राम की बालिका स्कूल को मॉडल स्कूल का दर्जा देकर जमीन दी और 4 करोड़ से ज्यादा का बजट भी दिया लेकिन भारतीय जनता पार्टी के बेहूदे शिक्षा मंत्री ने एक आदेश जारी कर स्कूलों को ही बंद कर दिया जबकि सरकार का काम है हर जरूरतमंद तक शिक्षा को पहुंचाना। इसी तरह ब्यावर की सबसे पुरानी बालिका स्कूल जिसमें पढ़कर ब्यावर की कई बेटियों ने नाम रोशन किया। शिक्षा के जगत में अपनी पहचान बनाई उस 100 साल पुरानी स्कूल को राज्य सरकार ने एक निर्देश से बंद करने की कार्रवाई की जा रही है। सरकार और विभाग के इस निर्णय से पूरे शिक्षा जगत में कड़ी भर्त्सना की जा रही है। अजय शर्मा ने कहा कि आज, जब शिक्षा हर बच्चे का बुनियादी अधिकार है, ऐसे में सरकार का संसाधन बढ़ाने के बजाय स्कूल बंद करना उसकी प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। बेटियां अपने स्कूल बचाने की गुहार लगा रही हैं, लेकिन 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' केवल एक नारे तक सीमित रह गया है। अगर सरकार को शिक्षा के नाम पर स्कूलों का फिजूल खर्च नजर आ रहा है, तो सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों के प्रोटोकॉल और भत्तो को पहले बंद करना चाहिए। ब्यावर की डिगी स्कूल और देलवाड़ा गांव की बालिका सीनियर स्कूल को बंद करने के बाद करीब 600 बेटियां शिक्षा से वंचित हो गई है। ब्यावर जिले का यह हाल है, शेष जिलों की भी यही स्थिति है। बेटियां 3 दिन से स्कूल के बाद धरना लगा कर बैठी है। उपखंड अधिकारी कार्यालय जाकर गुहार लगा रही है। तो भी शिक्षा विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहा, इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा ? अजमेर जिला कांग्रेस प्रवक्ता अजय शर्मा ने छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार से निवेदन किया है कि ऐसे बेतुके निर्णय को तुरंत वापस लेना चाहिए, क्योंकि शिक्षा के बिना प्रगति संभव नहीं है उन्होंने छात्रहित को देखते हुए इन बालिका स्कूलों को तुरंत प्रभाव से शुरू करने की मांग की है ।

## ब्यावर सिटी पुलिस ने कालिका यूनिट के सहयोग से की मनचलों के खिलाफ कार्यवाही, एक गिरफ्तार, गश्त लगातार जारी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह के निर्देशानुसार में स्कूल / कॉलेजों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मनचलों व बदमाशों पर निगरानी हेतु थानाधिकारी पुलिस थाना ब्यावर सिटी द्वारा कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा छावनी गर्ल्स स्कूल के बाहर मनचलों पर निगरानी रखी जा रही थी इसी दौरान एक व्यक्ति काफी समय से बिना वजह स्कुल के आसपास घूमता नजर आया, जिसको पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। बावजूद समझाइश के बावजूद उस पर कोई असर नहीं हुआ और ज्यादा उत्तेजित होने पर सूरज कॉलोनी मेडीया रोड ब्यावर यश यादव को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया।



## गौरव बुढ़ानिया होंगे जिला परिषद के नए सीईओ

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गौरव बुढ़ानिया सवाई माधोपुर जिला परिषद के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगे। 1921 बैच के अधिकारी मूलतः चूरू निवासी बुढ़ानिया वर्तमान में ब्यावर में 8 जनवरी 2024 से उपखंड अधिकारी पद पर कार्यरत हैं। 8 सितंबर 1995 को जन्मे गौरव बुडानिया माइनिंग इंजीनियर एवं समाजशास्त्र से स्नातकोत्तर हैं। संभवतः बुढ़ानिया अगले सप्ताह बुद्धवार से शुक्रवार के बीच अपना नया पदभार संभालेंगे। ज्ञात हो कि निवर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी धारा सिंह मीणा का स्थानांतरण ग्रामीण विकास विभाग, जयपुर में उप शासन सचिव पद पर हुआ है।

## बनास नदी में आया मगरमच्छ, ग्रामीणों में दिखी दहशत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भाड़ौती कस्बे के समीप ग्राम पंचायत कुंडली नदी गांव के श्मशान घाट पीपली के पास बनास नदी में मगरमच्छ आने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मगरमच्छ बनास नदी के किनारे चट्टानों पर बैठा हुआ था। ऐसे में आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण व मवेशी चरा रहे लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासी नरेंद्र योगी, मीठालाल मीणा, दिलराज मीणा आदि ने बताया कि वे अपनी भैंसों को बनास नदी में पानी पिलाने जा रहे थे, तब चट्टान पर मगरमच्छ बैठा हुआ नजर आया। उन्होंने आनन फानन में मवेशियों को नदी क्षेत्र से दूर कर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी।आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे, लेकिन उसके बाद मगरमच्छ पानी में ओझल हो गया। घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों ने मगरमच्छ को रेस्क्यू कर अन्य जगह जल में छोड़ने की मांग की है।



## कुमावत समाज मदारिया चौकी विकास संस्थान की क्रिकेट प्रतियोगिता की हुई शुरुवात, उद्घघाटन मेंच किंग 11 सेलागुड़ा ने 7 विकिट से जीता

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। आमेट के समीप घोसुंडी ग्राम मुख्यालय की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर शनिवार को तीन दिवसीय कुमावत प्रीमियम लीग क्रिकेट प्रतियोगिता प्रतिभावान सम्मान समारोह एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ ।यह कार्य्रकम श्री कुमावत समाज मदारिया चौकी विकास संस्थान की तरफ से आयोजित किया जा रहा ।उद्घघाटन समारोह के मुख्य अतिथि रामलाल कुमावत वाड़ा अध्यक्ष श्री कुमावत समाज मदारिया चौकी विकास संस्थान थे ।अध्यक्षता बाबूलाल कुमावत सचिव श्री कुमावत समाज मदारिया चौकी विकास संस्थान ने की।

## शहर की बजरंग कॉलोनी में खाटू श्याम की स्थापना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की होद बजरंग कॉलोनी स्थित कुल्ली वाले हनुमान मंदिर पर शुक्रवार की रात खाटूश्याम बाबा की प्रतिमा स्थापना के अवसर पर रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मन्दिर से जुड़े सांई फ्रेंड ग्रुप द्वारा आमजन के सहयोग से यह आयोजन कराया गया। जिसमें बाहर से आए कलाकारों ने जब अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी तो श्रद्धालु जमकर थिरके। सांई फ्रेंड ग्रुप से जुड़े पंकज शर्मा,मंथन अग्रवाल एवं अन्य ने बताया की हारे के सहारे खाटूश्याम बाबा का बाड़ी में कोई मंदिर नहीं है। ऐसे में फ्रेंड ग्रुप के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देख होद के कुल्ली वाले हनुमान मंदिर पर खाटू नरेश की प्रतिमा स्थापना कराई है।





# भारत में स्थित हैं कई रहस्यमयी फोर्ट्स हर किले की है अपनी एक अलग कहानी

प्राचीन काल से लेकर मध्यकाल और आधुनिक भारत के कुछ समय तक भारत हमेशा से अद्भुत महल, इमारत और फोर्ट्स के निर्माण के लिए जाना जाता रहा है। भारत के इस धरती पर ऐसे कई महान राजाओं और रानियों का जन्म हुआ, जिन्होंने अपने शासनकाल में एक से बढ़कर एक खूबसूरत और रहस्यमयी फोर्ट्स का निर्माण करवाया। इनमें से कुछ इमारत आज भी लाखों पर्यटकों के लिए सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र है, तो कुछ फोर्ट्स आज भी लाखों सैलानियों और आम लोगों के लिए एक रहस्यमयी फोर्ट्स बने हुए हैं, और इन फोर्ट्स में कई डरावनी कहानियां भी छिपी हुई है।

## गढ़कुंडार का किला

लगभग 11 वीं शताब्दी में निर्मित यह फोर्ट उत्तर प्रदेश के झांसी से करीब 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कहा जाता है कि यह फोर्ट पांच मंजिला है, जिसका दो मंजिल जमीन के अंदर बनाया गया है। कहा जाता है कि दूर से यह किला बेहद ही अद्भुत दिखाई देता है लेकिन, पास आते ही ऐसा लगता है जैसे इसके अंदर जाने के लिए कोई दरवाजा ही नहीं है। कहा जाता है कि काफी समय पहले कुछ बाराती इस महल में घूमने के लिए अंदर गए थे लेकिन, सभी अचानक से गायब हो गए और आज तक उनका पता नहीं चला। कहा जाता है इस घटना के बाद किले के नीचे जाने के सभी रास्ते बंद कर दिए गए।



## भानगढ़ किला


राजस्थान के अलवर जिले में स्थित भानगढ़ किला राजस्थान का सबसे बड़ा रहस्यमयी किला बोला जाता है। अरावली पर्वत पर निर्माण इस किले को देखते ही लगता है कि यह किसी रहस्यमयी जगह और किले से कम नहीं है। कहा जाता है कि यहां कई बार ऐसी कई घटनाएं घटी हैं, जिसकी वजह से इस किले में कोई भी इंसान अकेले जाने से डरता है। कहा जाता है कि शाम के बाद पर्यटकों के लिए इस किले में जाने पर रोक लगा दिया गया है। यह किला कई भूतियाँ किस्सों की वजह से भी आसपास के इलाके में फेमस है।

## रोहतासगढ़ किला

बिहार के रोहताश जिले में स्थित रोहतासगढ़ किला को भारत के साथ-साथ बिहार का भी सबसे प्राचीन और रहस्यमयी किला समझा जाता है। कहा जाता है कि इस किले का निर्माण युद्द के दौरान छिपने के लिए किया गया था। उस उस समय इस फोर्ट में छिपने के लिए कई रहस्यमयी कमरे और भवन का निर्माण कराया गया जहां जाने से आज कोई भी डरता है। स्थानीय लोगों का इस किले को लेकर मानना है कि रात को इस किले से जोर-जोर से चीखने की आवाजें सुने देती है। कई लोग तो दिन के उजाले में भी अकेले इस किले में जाने से डरते हैं और दिन ढलते ही इसके आसपास जाने से भी डरते हैं।

## गोलकोंडा किला

हैदराबाद में जिस तरह से चार मीनार फेमस है, उसी तरह से हैदराबाद में सबसे रहस्यमयी फोर्ट में गोलकोंडा किला शामिल है। लगभग 13 वीं शताब्दी में निर्माण इस फोर्ट को कई अचरज कर देने वाली घटना के लिए जाना जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार कहा जाता है कि यहां राजा की आत्मा को नृत्य करते देखा गया है। या भी कहा जाता है कि कई शूटिंग ग्रुप्स का भी कहना है कि इस किले से अजीबों-गरीब आवाजें सुनाई देती हैं। यहां आज भी सैलानी ग्रुप में ही घूमने के लिए जाते हैं।



# हैदराबाद में हैं तो वहां के आसपास मौजूद इन बेहतरीन टूरिस्ट प्लेस को देखना ना भूलें

हैदराबाद को नवाबों का शहर भी कहा जाता है। यह भारत के सबसे शाही शहरों में से एक है और यहां पर खानपान से लेकर घूमने-फिरने की जगहों में आपको राजसी झलक जरूर देखने को मिलेगी। वैसे यहां के समृद्ध इतिहास के अलावा यहां का प्राकृतिक सौंदर्य भी अनुपम है। खूबसूरत पहाड़ियों से लेकर संगीतमय झरनों और शांत झीलों का अकेले या परिवार के साथ मिलकर लुत्फ उठाया जा सकता है। वैसे सिर्फ हैदराबाद ही नहीं, इसके आसपास के इलाकों में भी आपके देखने लायक बहुत कुछ है। हैदराबाद के पास घूमने लायक जगहों की सूची में आप मंदिरों से लेकरबांधों और राष्ट्रीय उद्यानों को शामिल कर सकती हैं।



## चिलुकुर बालाजी मंदिर

उस्मानसागर के तट पर स्थित, चिलुकुर एक छोटा सा गाँव है और 500 साल पुराने चिलुकुर बालाजी मंदिर का घर है और हैदराबाद के पास सबसे आश्चर्यजनक पर्यटन स्थलों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि यहां पर भक्तों बालाजी की कृपा प्राप्त होती है और वे उन सभी लोगों की इच्छाओं को पूरा करते हैं जो तिरुपति जाने में असमर्थ हैं। अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए उस स्थान पर जाएँ। यह मंदिर हैदराबाद से करीबन 28 किमी की दूरी पर है।

## उस्मान सागर झील

हैदराबाद से महज 22 किमी की दूरी पर स्थित यह झील 46 वर्ग किमी में फैली हुई है और इसका नाम हैदराबाद के निजाम के नाम पर रखा गया है। यह हैदराबाद के पास आने के लिए सबसे अच्छे स्थानों में से एक है। झील सुंदर लैंडस्केप उद्यानों से घिरी हुई हैं। फैमिली पिकनिक और टहलने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। यहां पर बैठकर सूर्यास्त देखने का अपना एक अलग ही आनंद है।

## सांघी मंदिर

तेलंगाना के सबसे लोकप्रिय तीर्थ स्थलों में से एक, सांघी मंदिर हैदराबाद के आसपास देखने लायक एक बेहतरीन स्थान है। सांघी मंदिर 15 फीट लंबा है और चोल व चालुक्य शैली की वास्तुकला में बनाया गया है। सांघी मंदिर के भीतर कई मंदिर हैं जो विभिन्न देवी-देवताओं को समर्पित हैं। यह मंदिर हैदराबाद से करीबन 30 किमी की दूरी पर है। अगर आप यहां जा रही हैं तो सांघी मंदिर और मंदिर परिसर के अंदर स्थित अन्य विभिन्न मंदिरों की यात्रा करें।

## रामोजी फिल्म सिटी

हैदराबाद से करीबन 41 किमी की दूरी पर स्थित के पास रामोजी फिल्म सिटी हैदराबाद के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक है। यह लगभग 2500 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है। रामोजी फिल्म सिटी भारत में सबसे बड़ी फिल्म बनाने वाली फैसिलिटी को प्रदान करता है। मीडिया बैरन और फिल्म निर्माता रामोजी राव रामोजी फिल्म सिटी के मालिक हैं और यह दुनिया के सबसे बड़े फिल्म स्टूडियो परिसर होने का रिकॉर्ड रखते हैं। हरे-भरे हरे-भरे उद्यान आकर्षण की ओर कई आकर्षित करते हैं। यहां पर घूमने के लिए आपको 900-1000 रूपए प्रवेश शुल्क देना होगा। अगर आप यहां पर हैं तो प्रसिद्ध लॉन और अन्य प्वाइंट्स पर जरूर जाएं, जहां कई हिंदी, तेलुगु, मलयालम और अन्य भाषा की फिल्मों की शूटिंग हुई है।

## भोंगीर का किला

भोंगीर का किला हैदराबाद से करीबन 50 किमी की दूरी पर है। यह एक ऐतिहासिक संरचना है जिसे चालुक्य शासक द्वारा बनवाया गया था। यह एक अनूठे अंडे के आकार का किला है जिसमें लगभग खंडहर की दीवारें, भूमिगत कक्ष, एक शस्त्रागार और अस्तबल आदि हैं। यह किला ट्रेकर्स के बीच काफी लोकप्रिय है। यह हैदराबाद के आसपास सबसे अधिक देखे जाने वाले पर्यटन स्थानों में से एक माना जाता है।

# कहानी हिमालय की गोद में स्थित एक भव्य और रहस्यमयी फोर्ट की, जिसकी गुत्थी आज तक नहीं सुलझी

हिमालय की गोद में मौजूद हिमाचल प्रदेश देश एक बेहद ही खूबसूरत और मनमोहक प्रान्त है। हिमाचल की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि यहां हर दिन हजारों देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। शिमला, कुल्लू-मनाली, शिमला, डलहौजी और धर्मशाला में घूमने के लिए हर दिन हजारों पर्यटक पहुंचते हैं। इन जगहों की हसीन वादियों में ऐसी कई अद्भुत जगहें मौजूद हैं, जो सैलानियों को काफी आकर्षित करती हैं।

## कहां है कांगड़ा फोर्ट

कांगड़ा फोर्ट हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा कस्बे की बाहरी सीमा पर मौजूद है। यह फोर्ट हिमाचल के धर्मशाला से करीब 20 किमी की दूरी पर मौजूद है। आपको यह भी बता दें कि यह मैक्लोडगंज से करीब 28 किमी की दूरी पर एक पहाड़ की चोटी पर स्थित है।

कांगड़ा फोर्ट को धर्मशाला और मैक्लोडगंज के आसपास में स्थित एक ऐतिहासिक और लोकप्रिय पर्यटन स्थल माना जाता है। इसे एक्सप्लोर करने हर दर्जन से भी अधिक पर्यटक पहुंचते हैं।



## कांगड़ा फोर्ट का इतिहास

कांगड़ा फोर्ट का इतिहास काफी पुराना है। कहा जाता है कि इस भव्य फोर्ट का इतिहास करीब 3,500 से भी अधिक प्राचीन है। माना जाता है कि इस भव्य फोर्ट का निर्माण कटोच वंश के महाराजा सुशर्मा चंद्र ने करवाया था। कांगड़ा फोर्ट के बारे में कहा जाता है कि इस फोर्ट पर कई शासकों से राज किया है। लोगों का मानना है कि करीब 1615 ईस्वी में अकबर किले को जीतने के लिए घेराबंदी की थी, लेकिन वो इसमें सफल नहीं हुआ। इसके बाद 1620 ईस्वी में अकबर के बेटे जहांगीर ने इस किले पर कब्जा कर लिया था।

## कांगड़ा फोर्ट की खासियत

कांगड़ा फोर्ट हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ भारत का सबसे प्राचीन फोर्ट माना जाता है। माना जाता है कि यह तत्कालीन समय में इस कदर भव्य था कि इस पर हर कोई कब्जा करना चाहता था। कांगड़ा फोर्ट करीब 400 से भी अधिक एकड़ में फैला हुआ है और इसे भारत का सबसे विशाल फोर्ट भी माना जाता है। माना जाता है कि तत्कालीन समय में इस फोर्ट की वास्तुकला भी अन्य शासकों आकर्षित करती थी। एक अन्य मिथक है कि किले का उल्लेख सिकंदर महान के युद्ध संबंधी रिकार्डों में भी मिलता है।

**कांगड़ा फोर्ट की रहस्यमयी कहानियां :** कांगड़ा फोर्ट की रहस्यमयी कहानियां बेहद ही दिलचस्प है। इस फोर्ट में बारे में कहा जाता है कि तत्कालीन समय में यह फोर्ट खजाने से भरा रहता था। इसलिए महमूद गजनी से लेकर सिकंदर महान और अन्य जैसे कई राजाओं ने फोर्ट पर कब्जा करने का भी प्रयास किया था। कहा जाता है कि इस फोर्ट में ऐसी कई सुरंग थी, जहां राज्य का सोना-चांदी आदि कीमती आभूषण रखा जाता था। अन्य राज्यों से लुटा हुआ खजाना भी इन्हीं सुरंगों में रखा जाता था।

**क्या सच में खजाने से भरा कुआं मौजूद है :** कांगड़ा फोर्ट के बारे में हर बार यह अफवाह फैलाती रहती है कि फोर्ट में ऐसे कई कुआं मौजूद थे, जो खजाने से भरा रहता था। कई लोगों का मानना है कि इस फोर्ट में करीब 20 से अधिक कुएं मौजूद थे, जहां राज्य का खजाना रखा जाता था।

# बिहार के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जिनका इतिहास है हजारों साल पुराना

आपको यह जान के हैरानी नहीं होनी चाहिए कि बिहार एक ऐसा राज्य है जहां से भारत का काफी इतिहास जुड़ा है। प्राचीन काल में बिहार को मगध के नाम से जाना जाता था। प्राचीन समय में मगध देश का सबसे बड़ा साम्राज्य हुआ करता था। ये समझ लीजिए की बिहार की इतिहास उतनी ही पुरानी है जितना की इंडिया का है। यहां मौर्य साम्राज्य, गुप्त और मुगल शासकों ने राज किया है। बौद्ध धर्म और जैन धर्म का उदय इसी बिहार की घरती पर हुआ था। प्राचीन काल में बिहार में ऐसे कई मंदिर, गुरुद्वारा और जैन मंदिर बने जो आज भी इतिहास के गवाह हैं।

**विष्णु पद मंदिर :** यह मंदिर बिहार के गया जिले में है। कहा जाता है कि यह मंदिर भगवान विष्णु के पद चिह्नों पर बना है। इस मंदिर के प्रांगण में हर समय



श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है। इस मंदिर के बारे में यह माना जाता है कि यहां भगवान विष्णु के चरण का साक्षात दर्शन कर सकते हैं। इस मंदिर की ऊंचाई लगभग 100 फिट है। इस मंदिर का उल्लेख धार्मिक ग्रंथ पुराण में भी किया गया है। यह मंदिर श्रद्धालुओं के अलावा पर्यटकों के बीच भी काफी लोकप्रिय है। अगर बिहार जा रहे हैं तो यहां एक बार ज़रूर घूमने जाएं।

**तखत श्री हरिमंदिर जी :** गंगा नदी के किनारे बसा पटना शहर कई ऐतिहासिक चीजों के लिए जाना जाता है। सिखों के सबसे पवित्र स्थलों में से एक तखत श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब गुरुद्वारा इसी शहर में है। पाटलिपुत्र, जो अब पटना के नाम से जाना जाता है, दुनिया के सबसे पुराने शहरों में एक माना जाता है। तखत श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब सिख भक्तों के लिए बेहद ही खास धार्मिक स्थल है, क्यूंकि यह सिखों के अंतिम सिख गुरु यानि गुरु गोबिंद सिंह की जन्मस्थली है। यहां हर साल लाखों सिख श्रद्धालु घूमने आते हैं। यह पटना रेलवे स्टेशन से महज कुछ ही दूरी पर है।

**हनुमान मंदिर :** बिहार की राजधानी पटना में शहर मौजूद इस मंदिर को उत्तर-भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक माना जाता है। इस मंदिर में साल भर जय श्रीराम के नारे गूंजते रहते हैं। इस मंदिर का निर्माण लगभग 1730 ईस्वी के आसपास किया गया था। इस मंदिर की एक खास बात यह है कि यहां रामसेतु का पत्थर कांच के बर्तन में रखा गया जिसे देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। मंगलवार और शनिवार के दिन सबसे अधिक संख्या में भक्त इस मंदिर में जुटते हैं। यह मंदिर पटना रेलवे स्टेशन के ठीक बगल में है।

**महाबोधी मंदिर :** बिहार के सबसे चर्चित और सबसे अधिक दर्शनीय अगर कोई धार्मिक स्थल है तो वो है बोधगया का महाबोधी मंदिर। इसी जगह भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया था। शायद, इसीलिए बिहार को बुद्ध नगरी भी कहा जाता है।

दैनिक बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
www.badhatarajasthan.in





# बजट 2025-26 : ये आम आदमी का बजट है : पीएम मोदी

## इससे देश के नागरिकों की जेब भरेगी, हम विकास भी-विरासत भी के मंत्र को लेकर चल रहे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट 2025 पेश किया। इसमें कई तरह की घोषणाएं की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट के लिए निर्मला सीतारमण को बधाई दी। पीएम ने कहा, हर कोई आपकी प्रशंसा कर रहा है, बजट बहुत अच्छा है। प्रधानमंत्री ने कहा- यह बजट सामान्य नागरिक, विकसित भारत के मिशन को पूरा करने वाला है। ये बजट इन्वेस्टमेंट, कन्जंप्शन को बढ़ाएगा। मैं वित्त मंत्री और उनकी टीम को जनता का बजट बनाने के लिए बधाई देता हूं। आज देश विकास भी, विरासत भी के मंत्र को लेकर चल रहा है।



### पीएम ने बजट की तारीफ की, 7 पॉइंट...

- भारत में बड़े शिप के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। ये सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है। देश में टूरिज्म के लिए बहुत संभावनाएं हैं। बजट से टूरिज्म को मजबूती मिलेगी।
- ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। ये विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है, ये बजट फोर्स मल्टीप्लॉयर है।
- बजट में किसानों के लिए घोषणा हुई है। 100 जिलों में सिंचाई और इन्फ्रास्ट्रक्चर का डेवलपमेंट होगा।
- बजट में 12 लाख तक की आय को टैक्स फ्री किया गया है। इसका बहुत बड़ा फायदा हमारे मिडिल क्लास, नौकरीपेशा लोगों को होगा।
- बजट में मैन्युफेक्चरिंग पर 360 डिग्री फोकस है। एमएसएमई, छोटे उद्योगों को मजबूती मिलेगी। लेदर, फुटवियर, टॉय इंडस्ट्री को विशेष समर्थन दिया गया है।
- इस बजट में एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए ज्ञान भारत मिशन को शुरू किया गया है।
- परमाणु ऊर्जा में निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना ऐतिहासिक है। इससे देश के विकास में सिविल न्यूक्लियर एनर्जी का बड़ा योगदान सुनिश्चित होगा।

**केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा**- यह बजट विकसित भारत और प्रधानमंत्री के नए और ऊर्जावान भारत के सपने को पूरा करने के संकल्प के लिए है। हर क्षेत्र की प्रॉपर स्टडी करने के बाद नया मैप तैयार किया गया है। यह एक कंप्लीट बजट है जो भारत को आगे ले जाएगा और न केवल भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा बल्कि इसे विश्वगुरु के रूप में स्थापित करेगा।

**भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा**- गरीबों, मध्यम वर्ग और सभी के लिए एक अद्भुत बजट पेश किया गया है। मैं पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को एक शानदार बजट पेश करने के लिए बधाई देना चाहता हूं।

**केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा**- अब 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई संकट नहीं आएगा। इनकम टैक्स देने वालों को बड़ी राहत देने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं।

# गोली के घाव पर पट्टी लगा दी, बजट को लेकर राहुल गांधी का मोदी सरकार पर तंज

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बजट पेश किया। बजट में मिडिल क्लास का ध्यान रखते हुए 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर इनकम टैक्स में छूट दी गई है। वहीं युवाओं और बुजर्गों के लिए भी कई एलान किए गए हैं। जहां सरकार इस बजट को अब तक का सबसे बेहतर बजट बता रही है, वहीं विपक्ष इससे नाखुश दिखाई दे रहा है। रायबरेली से सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी बजट को लेकर सरकार को घेरा है।

### सरकार पर साधा निशाना

बजट पेश होने के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने लिखा- ये गोली के घाव पर पट्टी लगाने जैसा है। वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक संकट को हल करने के लिए एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है।

### खरगे ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाया

वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी सरकार को घेरा है। उन्होंने लिखा, एक मुहावरा इस बजट पर बिलकुल सटीक बैठता है - नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली! पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने मिडिल क्लास से 54 .18 लाख करोड़ का इनकम टैक्स वसूला है और अब वह 12 लाख तक की छूट दे रहे हैं। खरगे ने कहा कि पूरा देश महंगाई और बेरोज़गारी की समस्या से जूझ रहा है, पर मोदी सरकार झूठी तारीफें बटोरने पर उतारू है।





# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया

## विकसित-आत्मनिर्भर भारत को मजबूती प्रदान करेगा बजट : सीएम भजनलाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती देगा। साथ ही, बजट में मेक इन इण्डिया से अब 'मेक फॉर वर्ल्ड' की अवधारणा के साथ देश को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा दी गई है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस बजट में समावेशी विकास पर विशेष फोकस देते हुए संतुलित विकास का रोडमैप दिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत दी गई है, किसानों को आर्थिक संबल दिया गया है तथा एमएसएमई सेक्टर को भी मजबूती दी गई है। जनता का यह बजट भारत के जन-जन के भविष्य को निखारेगा तथा बजट से समृद्ध और सशक्त राजस्थान के विजन को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की अवधि को बढ़ाने, पावर सेक्टर रिफॉर्म के लिए विशेष सहायता देने एवं राज्य को पूंजीगत निवेश के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किये जाने के संबंध में प्रस्ताव दिए थे जिस पर केन्द्र सरकार ने बजट में मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि बजट 2025-26 में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास पर विशेष बल दिया गया है, जिससे देश विश्व में आर्थिक महाशक्ति की राह पर अग्रसर होगा।

# हमेशा पीएम मोदी के दिल में रहता है मध्यम वर्ग, इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव पर बोले अमित शाह

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को केंद्रीय बजट 2025 में कर कटौती की सराहना करते हुए कहा कि मध्यम वर्ग हमेशा पीएम मोदी के दिल में है। 12 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले लोगों को पूरी छूट देने वाले टैक्स ब्रैकेट में बदलाव की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि यह मध्यम वर्ग की वित्तीय भलाई को बढ़ाने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, इस अवसर पर सभी लाभार्थियों को बधाई। शाह ने लिखा कि 12 लाख रुपये की आय तक शून्य आयकर।

प्रस्तावित कर छूट मध्यम वर्ग की वित्तीय भलाई को बढ़ाने में काफी मदद करेगी। इस अवसर पर सभी लाभार्थियों को बधाई। उन्होंने कहा कि बजट-2025 विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है।





**दिल्ली के पूर्व सीएम और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल** ने कहा- देश के खजाने का एक बड़ा हिस्सा चंद अमीर अरबपतियों के कर्जे माफ करने में चला जाता है। मैंने मांग की थी कि बजट में ये ऐलान किया जाए कि आगे से किसी अरबपति के कर्ज माफ नहीं किए जाएंगे। इस से बचने वाले पैसे से मिडिल क्लास के होम लोन और व्हीकल लोन में छूट दी जाए, किसानों के कर्जे माफ किए जाएं। इनकम टैक्स और जीएसटी की टैक्स दरें आधी की जाएं। मुझे दुख है कि ये नहीं किया गया।

**सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा**- हमारे लिए बजट के आंकड़ों से ज्यादा महाकुंभ में मची भगदड़ में मरने वालों का डेटा महत्वपूर्ण है। सरकार यह नहीं बता पा रही है कि कितने लोग मरे, लापता हुए या घायल हुए। क्या यही है आपके विकसित भारत की परिभाषा कि भगदड़ में लोग मरेंगे।

**कांग्रेस सांसद किरण कुमार चामला ने कहा**- बजट में जब हम राज्यों के बारे में बात करते हैं तो हमने देखा है कि बिहार को बहुत महत्व दिया गया है, जबकि हम तेलंगाना जैसे राज्यों की भी उम्मीद कर रहे हैं कि इसे बहुत महत्व मिलना चाहिए था। आज के बजट भाषण में एक राजनीतिक एजेंडा है।

**डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने कहा**- यह बहुत निराशाजनक बजट है। वित्त मंत्री ने यह कहते हुए बड़ी छूट दी है कि 12 लाख रुपये पर कोई टैक्स नहीं है। फिर वह कहती हैं कि 8-12 लाख रुपये के लिए 10% का स्लैब है। इसलिए यह बहुत भ्रामक है। बजट में बिहार के लिए काफी कुछ है क्योंकि इस साल बिहार में चुनाव हैं। तमिलनाडु या किसी अन्य दक्षिणी राज्य के लिए एक भी शब्द नहीं है।

## आसान 10 पॉइंट्स में बजट

### 1. इनकम टैक्स

**न्यू** टैक्स रिजीम के तहत अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा।
**सीनियर** सिटीजंस के लिए टीडीएस की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गई है।
**सरकार** अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल पेश करेगी।

### 2. सस्ता-महंगा

**ईवी** बैटरी मैन्युफैक्चरिंग के लिए 35 एडिशनल गुड्स एक्जम्पटेड कैपिटल गुड्स की लिस्ट में शामिल किए गए हैं। इससे ईवी सस्ती हो सकती है।
**मोबाइल** फोन बैटरी मैन्युफैक्चरिंग के लिए 28 एडिशनल गुड्स एक्जम्पटेड कैपिटल गुड्स की लिस्ट में शामिल हुए हैं। इससे मोबाइल सस्ते हो सकते हैं।
**सरकार** ने 36 जीवन रक्षक दवाओं से कस्टम ड्यूटी हटा दी है। इससे ये दवाएं सस्ती होंगी।
इंटरेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले महंगा होगा। कस्टम ड्यूटी 10% से बढ़ाकर 20% हुई।

### 3. किसान

100 जिलों में धन धान्य योजना की शुरुआत होगी। इसके तहत 100 जिलों को कवर किया जाएगा, जहां उत्पादन कम है।
**किसान** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने का ऐलान। अभी कार्ड की मैक्सिमम लिमिट 3 लाख रुपए है।
**दालों** के उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए 6 साल का एक मिशन शुरू किया जाएगा।
मखाना बोर्ड बनाने का ऐलान। बिहार के किसानों को मखाने की खेती में मदद मिलेगी।

### 4. कारोबार

**एमएसएमई** के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ किया जाएगा।
**रजिस्टर्ड** माइक्रो एंटरप्राइजेज के लिए 5 लाख की लिमिट का नया क्रेडिट कार्ड।
**खिलौना** मैन्युफैक्चरिंग के लिए मेक इन इंडिया के तहत योजना शुरू की जाएगी।
**स्ट्रीट** वेंडर्स के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम की लोन लिमिट बढ़कर 30 हजार रुपए होगी।

### 5. एजुकेशन

**सभी** सरकारी सेकेंडरी स्कूलों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा।
**500** करोड़ की लागत से एआई एजुकेशन से जुड़े एक्सिलेंस सेंटर्स स्थापित किए जाएंगे।
**मेडिकल** कॉलेज में 5 साल में 75 हजार सीटें जोड़ी जाएंगी। अगले साल 10 हजार सीटें जुड़ेंगी।
**साल** 2014 के बाद बनी 6 आईआईटी में से 5 में सीटें दोगुनी होंगी। 6500 नए स्टूडेंट्स को एडमिशन मिल सकेगा।

### 6. टूरिज्म और कनेक्टिविटी

**उड़ान** स्कीम के जरिए अगले 10 साल में 120 नए शहरों को जोड़ने की योजना।
**बिहार** में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट शुरू करने की योजना का ऐलान।
**राज्यों** के साथ पार्टनरशिप में 50 टॉप टूरिस्ट डेस्टिनेशंस डेवलप होंगे।
**हील** इन इंडिया स्कीम के जरिए मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।

### 7. हेल्थ

**अगले** 3 साल में सभी जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर सेंटर बनाने की योजना। 2025-26 में 200 डे-केयर कैंसर सेंटर बनेंगे।
**सभी** प्राइमरी हेल्थ केयर सेंटर में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी मुहैया कराई जाएगी।
**गिग** वर्कर्स (जिनकी जॉब टेंपरेरी होती है) को जन आरोग्य योजना से जोड़ा जाएगा।

### 8. इंफ्रास्ट्रक्चर

**इंफ्रास्ट्रक्चर** डेवलपमेंट के लिए राज्य सरकारों को 1.5 लाख करोड़ मिलेंगे। ये 50 साल के लिए इंटरेस्ट फ्री लोन होगा।
**एआई** में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस स्थापित करने के लिए 500 करोड़ रुपए अलॉकेट होंगे।
**2025-30** के लिए नई एसेट मोनेटाइजेशन स्कीम। इससे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को फंड करने के लिए 10 लाख करोड़ रुपए जनरेट होंगे।

### 9. महिला

**5 लाख** महिलाओं और एससी/एसटी उद्यमियों के लिए नई योजना शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत सस्ता बिजनेस लोन मिलेगा।
**फर्स्ट** टाइम आंत्रप्रेन्योर यानी पहली बार के उद्यमियों के लिए 5 साल में 2 करोड़ रुपए का टर्म लोन मिलेगा।
**सक्षम** आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 स्कीम के तहत 8 करोड़ प्रेग्नेंट और स्तनपान कराने वाली महिलाओं और लड़कियों को न्यूट्रिशनल सपोर्ट मिलेगा।

### 10. न्यूक्लियर मिशन

**2047** तक 100जीडब्ल्यू न्यूक्लियर एनर्जी डेवलप करने के लिए मिशन शुरू करने की घोषणा।
**इस** मिशन को पूरा करने के लिए प्राइवेट सेक्टर के साथ एक्टिव पार्टनरशिप की जाएगी।
**छोटे** मॉड्यूलर रिएक्टरों के रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए न्यूक्लियर एनर्जी मिशन की घोषणा।
**2033** तक कम से कम 5 स्वदेशी रूप से विकसित छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों को चालू किया जाएगा।